हिंदी दैनिक
# कोयलांचल संवाद
www.ksnewsupdates.com
धनबाद, सोमवार, 30 सितम्बर, 2024, वर्ष : 33 अंक : 179, मूल्य : 2 रूपए
धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

You Tube
Subscribe
Koylanchal sambad news

## संक्षिप्त खबरें

### हरियाणा में भाजपा ने निर्दलीय चुनाव लड़ रहे 8 नेताओं को पार्टी से निष्कासित किया

चंडीगढ़ (ईएमएस)। हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की तरफ से बागियों पर अनुशासन का डंडा चलाया गया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने निर्दलीय चुनाव लड़ रहे 8 नेताओं को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बडौली की तरफ से जारी आदेश के अनुसार लाडवा सीट से बागी उम्मीदवार संदीप गर्ग, असन्ध सीट से बागी प्रत्याशी जिलेराम शर्मा, गन्नौर सीट से देवेंद्र कादयान, सफीदो से बच्चन सिंह आर्य, रानिया से रणजीत चौटाला, महम से राधा अहलावत, गुरुग्राम से नवीन गोयल और हथीन से चुनाव लड़ रहे केहरसिंह रावत को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। रानिया सीट से मैदान में उतरे पूर्व मंत्री रणजीत चौटाला ने बीजेपी से टिकट नहीं मिलने के बाद कैबिनेट मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। बीजेपी की पहली लिस्ट से अपना नाम गायब देखने के बाद रणजीत सिंह चौटाला ने अपने समर्थकों की एक बैठक बुलाई थी।बाद में उन्होंने बागी उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया था।

### पुलिस कांस्टेबल को रौंदा, मौत

नई दिल्ली(ईएमएस)। दिल्ली के नांगलोई इलाके में हिट-एंड-रन का दर्दनाक मामला सामने आया है, जिसमें दिल्ली पुलिस के एक कांस्टेबल की मौत हो गई। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज वायरल है, जिसमें कांस्टेबल सादे कपड़ों में अपनी बाइक से जा रहा है, तभी पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार उसे रौंदते हुए निकल जाती है। घटना रविवार तडक़े हुई और कांस्टेबल की पहचान संदीप के रूप में हुई है, जो नांगलोई पुलिस स्टेशन में तैनात थे। जानकारी के मुताबिक कांस्टेबल संदीप नागलोई इलाके में डकैती के मामलों में अचानक हुई बढ़ोतरी के कारणों की जांच करने के लिए सिविल ड्रेस में ड्यूटी कर रहे थे। वह अपनी बाइक पर थे, तभी उन्होंने एक वैगनआर कार को नोटिस किया, जिसे लापरवाही से चलाया जा रहा था। उन्होंने ड्राइवर को गाड़ी धीमी करने का इशारा किया। लेकिन उसने गाड़ी नहीं रोकी। तब कांस्टेबल संदीप अपनी बाइक से कार को ओवरटेक करके उसके आगे पहुंचे।

### कठुआ मुठभेड़ में हेड कांस्टेबल शहीद, दो अधिकारी घायल



जम्मू (ईएमएस)। जम्मू कश्मीर में कठुआ जिले के एक सुदूर गांव में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ के दौरान शनिवार शाम जम्मू-कश्मीर पुलिस का एक हेड कांस्टेबल शहीद हो गया और दो अधिकारी घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद जैन और वरिष्ठ अधिकारी अभियान की निगरानी के लिए घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कोग (मंडली) गांव में जारी मुठभेड़ के दौरान पुलिस के एक हेड कांस्टेबल शहीद बशीर अहमद शहीद हो गए तथा एक एक सहायक उपनिरीक्षक गोली लगने से घायल हो गया। सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार मुठभेड़ में एक पुलिस उपाधीक्षक (अभियान) भी घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि शाम करीब साढ़े पांच बजे सुरक्षा बलों ने एक घर में आतंकवादियों के एक समूह की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद गांव में संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया, उस दौरान गोलीबारी शुरू हुई। उन्होंने बताया कि जैसे ही सुरक्षा बल लक्षित घर के पास पहुंचे, छिपे हुए आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि आसपास के सुरक्षा शिविरों से अतिरिक्त बल बुलाए जाने के साथ ही इलाके की कड़ी घेराबंदी कर दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि शुरुआती गोलीबारी के बाद कुछ देर के लिए शांति रही और शाम ढलने के बाद दोनों पक्षों के बीच गोलीबारी तेज हो गई तथा छिपे हुए आतंकवादी अंधेरे का फायदा उठाकर घेराबंदी तोड़ने की कोशिश करने लगे।

### वर्धमान ग्रुप के मालिक से 7 करोड़ ठगे

लुधियाना (ईएमएस)। मशहूर टैक्सटाइल-स्पिनिंग कंपनी वर्धमान ग्रुप के चेयरमैन एसपी ओसवाल से 7 करोड़ की ठगी हो गई। ठगी करने वालों ने सुप्रीम कोर्ट के ऑर्डर के नाम पर उन्हें गिरफ्तारी और बदनामी का डर दिखाया। उन्हें प्रॉपर्टी सीलिंग और अरेस्ट करने के फर्जी वारंट भेजे। जिसके बाद उनसे रकम ले ली। जब एसपी ओसवाल को ठगी की भनक लगी तो उन्होंने लुधियाना पुलिस को शिकायत दे दी। पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज करते हुए एक ठग को गिरफ्तार कर लिया है। वर्धमान ग्रुप के मालिक एसपी ओसवाल को साल 2010 में केंद्र सरकार की तरफ से पद्म भूषण अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। वर्धमान ग्रुप देश की नामी कंपनियों में से एक है। आज इंडिया के अलावा इस ग्रुप की विदेशों में भी कई ब्रांच हैं।

### वित्त मंत्री सीतारमण से कांग्रेस ने मांगा इस्तीफा

नई दिल्ली (ईएमएस) । कर्नाटक के बेंगलुरु में न्यायालय के आदेश पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। विशेष कोर्ट के आदेश पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय ईडी के अधिकारियों तथा भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक पदाधिकारियों के खिलाफ अवैध वसूली और आपराधिक साजिश की धाराओं में केस दर्ज किया गया है। इसके बाद से देश की राजनीति में एक तूफान खड़ा हो गया है। कांग्रेस पार्टी ने पत्रकार वार्ता करके वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से इस्तीफा मांगा है।

वरिष्ठ अधिवक्ता और सांसद मनु सिंघवी और जयराम रमेश ने एक संयुक्त पत्रकार वार्ता करके बताया,किस तरह से निर्मला सीतारमण के आदेश पर यह कुकृत्य किया गया है।कांग्रेस ने 8000 करोड रुपए की गड़बड़ी करने का आरोप लगाया है। इसको लेकर तत्काल इस्तीफा देने की मांगवित्त मंत्री से की है। उल्लेखनीय है, जन अधिकार संघर्ष परिषद के से अध्यक्ष आदर्श आर अय्यर ने चुनावी बांड के जरिए 8000 करोड रुपए की उगाही करने के आरोप में शिकायत न्यायालय में की थी।

### आरबीआई की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की बैठक 7-9 अक्टूबर को

मुंबई(ईएमएस)। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी मीटिंग 7-9 अक्टूबर को होगी। गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता वाली इस मीटिंग में ब्याज दर पर फैसला लिया जाएगा। पिछली मीटिंग अगस्त को हुई थी, जिसमें कमेटी ने लगातार 9वीं बार दरों में बदलाव नहीं किया था। अक्टूबर में होने वाली मीटिंग में भी ब्याज दरों में बदलाव की उम्मीद नहीं है। मीटिंग के फैसलों की जानकारी आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास 9 अक्टूबर को देंगे। ये मीटिंग हर दो महीने में होती है। आरबीआई ने आखिरी बार फरवरी 2023 में दरें 0.25 प्रतिशत बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत की थीं। इससे पहले 18 सितंबर को अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरों में 0.5 प्रतिशत की कटौती की थी। चार साल बाद की गई इस कटौती के बाद ब्याज दरें 4.75 प्रतिशत से 5.25 प्रतिशत के बीच हो गई थी। अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी इकोनॉमी है, ऐसे में इसके सेंट्रल बैंक के हर बड़े फैसले का असर दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ता है।

# 81 विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचन पदाधिकारियों के दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन





रांची : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के निर्देशानुसार राज्य के सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचन से संबंधित पदाधिकारियों का बैचवार दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्वाचन भवन में रविवार को संपन्न हुआ. इस सत्र में प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के नोडल, एसएलएमटी, डीएलएमटी, उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं एसएलएमटी को राष्ट्रीय स्तर एवं जिला स्तरीय प्रशिक्षकों द्वारा निर्वाचन संबंधित विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया.

प्रशिक्षण सत्र में पदाधिकारियों को बताया गया कि निर्वाचन के उनके पहले के अनुभव एवं आयोग द्वारा समय-समय पर जो प्रशिक्षण दिये जा रहे हैं, उसका एक मात्र उद्देश्य है निर्वाचन प्रक्रिया सहज बनाते हुए स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराया जा सके.

#### पीपीटी की सॉफ्ट कॉपी पेनड्राइव के माध्यम से पदाधिकारियों को उपलब्ध करायी गयी

प्रशिक्षण सत्र में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन से जुड़ी प्रत्येक प्रक्रिया के लिए तैयार उचित मापदंड एवं दिशा निर्देशों पर बिंदुवार पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी गयी साथ ही इन पीपीटी की सॉफ्ट कॉपी पेनड्राइव के माध्यम से सभी पदाधिकारियों को उपलब्ध करायी गयी. कहा गया कि इस रिवीजन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम में पदाधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के अद्यतन दिशा निर्देशों का अनुपालन ही सुगम्य मतदान कराने के लिए एक मात्र मूल मंत्र है. प्रशिक्षण सत्र में प्रशिक्षकों द्वारा मतदान दलों के कर्तव्य और जिम्मेदारियां, मतदान दलों के लिए ईवीएम/वीवीपैट, मतदाता मतदान समय प्रबंधन, मतदान दिवस पर वेब-कास्टिंग, बीएलओ के मतदान की पूर्व संध्या और मतदान दिवस, वालंटियर, माइक्रो ऑब्जर्वर की भूमिका की जानकारी दी गयी.


#### विभिन्न विषयों पर पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया

साथ ही सेक्टर अधिकारी की गलतियां, त्रुटियां और आईटी अनुप्रयोग, पोस्टल बैलेट, एफएसटी के कर्तव्य और जिम्मेदारियां, सामग्री प्राप्ति केंद्र अधिकारी और कर्मचारियों के कर्तव्य, मतदान दिवस निगरानी प्रणाली ऐप, फॉर्म भरना, सील करना और पैकिंग करना जैसे विभिन्न विषयों पर पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया. प्रशिक्षण देने वालों में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा, राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक गीता चौबे, महेंद्र कुमार, देव दास दत्ता, मृत्युंजय कुमार एवं सुनील कुमार सिंह, जिला स्तरीय प्रशिक्षक सुदीप सहाय, अश्विनी कुमार तिवारी शामिल थे.

## मुख्यमंत्री आज धनबाद को देंगे 178 करोड़ रुपए से अधिक की सौगात

### 129 करोड़ की 133 योजनाओं का करेंगे शिलान्यास

#### 48 करोड़ की 84 योजनाओं का करेंगे उद्घाटन



धनबाद : मुख्यमंत्री, हेमंत सोरेन सोमवार, 30 सितंबर 2024, को बलियापुर हवाई पट्टी पर आयोजित झारखंड स्किल कॉन्क्लेव 2024 में बतौर मुख्यअतिथि शामिल होंगे।इस दौरान मुख्यमंत्री 129 करोड़ 30 लाख 29 हजार 63 रुपए की 133 योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। साथ ही 48 करोड़ 81 लाख 90 हजार 836 रुपए की 84 योजनाओं का उद्घाटन करेंगे।

#### मुख्यमंत्री इन योजनाओं का करेंगे शिलान्यास

मुख्यमंत्री धनबाद नगर निगम की 44 करोड़ से अधिक की 83, ग्रामीण कार्य विभाग की 52.73 करोड़ की 20, पेयजल एवं स्वच्छता (यांत्रिक प्रमंडल) की 3.85 करोड़ की 10, झारखंड शिक्षा परियोजना की 9.93 करोड़ की 8, कल्याण विभाग की 1.29 करोड़ की 7, भवन प्रमंडल की 91 लाख की 3, पथ निर्माण विभाग की 5.50 करोड़ की एक एवं जे.एस.बी.सी.सी.एल. पी.आई.यू. की 11 करोड़ की एक योजना का शिलान्यास करेंगे।

#### मुख्यमंत्री इन योजनाओं का करेंगे उद्घाटन

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री धनबाद नगर निगम की 46.27 करोड़ की 76, भवन प्रमंडल की 2.09 करोड़ की 7 तथा पेयजल एवं स्वच्छता (यांत्रिक) प्रमंडल की 44.93 लाख की एक योजना का उद्घाटन करेंगे। समारोह में मुख्यमंत्री लाभुकों के बीच जॉब ऑफर लेटर का वितरण भी करेंगे।

## अब वकीलों को भी मिलेगी एयर एम्बुलेंस की सुविधा : महाधिवक्ता





रांची : झारखंड अधिवक्ता कल्याण निधि न्यासी समिति की बैठक रविवार को झारखंड हाईकोर्ट के महाधिवक्ता कार्यालय सभागार में हुई. बैठक में राज्य के विभिन्न जिलों के जीपी (सरकारी वकील), एजीपी समेत जिला स्तरीय ट्रस्टी समिति के अधिकारी शामिल हुए. इसमें मुख्य रूप से बीते दिनों में किए गए डेथ क्लेम से जुड़े दो करोड़ रुपए की राशि का चेक वितरण किया गया. यह राशि जिलों के ट्रस्टी मेंबर के पदाधिकारियों को दी गई. महाधिवक्ता राजीव रंजन जो झारखंड अधिवक्ता कल्याण निधि न्यासी समिति के अध्यक्ष भी हैं, उन्होंने दो बड़ी जानकारियां उपलब्ध कराईं. उन्होंने कहा कि ट्रस्टी एवं राज्य सरकार के संयुक्त मद से मिलने वाली बीमा में वकीलों के परिवार के सदस्य भी लाभान्वित होंगे, चाहे वे उनके माता-पिता हों, पति-पत्नी हों, 25 साल से कम उम्र के बच्चे हों या उनकी विधवा बहनें. सभी इस बीमा से लाभान्वित होंगे.

#### 15,000 अधिवक्ताओं को मिलेगा लाभ

वहीं उन्होंने जानकारी दी कि इस बीमा के तहत एयर एंबुलेंस की सुविधा भी अधिवक्ताओं को उपलब्ध कराई जाएगी. बताया कि पेंशन, जो दोगुना होकर 14,000 रुपए मिलेंगे, उसे ज्यादा से ज्यादा बुजुर्ग और रिटायर हो चुके अधिवक्ताओं तक पहुंचाना है. मौजूदा ट्रस्ट में शामिल 15,000 अधिवक्ताओं को इसका लाभ जल्द से जल्द मिलने जा रहा है.

### जम्मू में भाषण के दौरान बेहोश हुए कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे, बोले

## जब तक मोदी को हटाएंगे नहीं, जिंदा रहूंगा



श्रीनगर (ईएमएस)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए मंच पर बेहोश हो गए। खड़गे कल कठुआ में जाने गंवाने वाले कॉन्स्टेबल को श्रद्धांजलि दे रहे थे, तभी उनकी तबीयत बिगड़ गई। भाषण देते हुए खड़गे की आवाज धीमी होती चली गई और अचानक वे बेसुध हो गए। इसके चलते भीड़ में अफरा-तफरी मच गई। मंच पर खड़े लोगों ने उन्हें सहारा देकर बैठाया। इसके बाद उनके भाषण को रोक दिया गया।

तबीयत ठीक होने के बाद खड़गे वापस मंच पर आए और कहा कि मैं 83 साल का हो गया हूं। लेकिन इतनी जल्दी मरने वाला नहीं हूं। जब तक मोदी को हटाएंगे नहीं, मैं जिंदा रहूंगा। आपकी बात सुनता रहूंगा। जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने के लिए बात रखता रहूंगा।

#### जम्मू-कश्मीर को वापस राज्य का दर्जा दिलाएंगे

मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को वापस राज्य का दर्जा दिलाना कांग्रेस की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि राज्य को इससे पहले कभी केंद्र शासित प्रदेश नहीं बनाया गया था। उन्होंने आगे कहा कि हम पीएम मोदी और भाजपा से पूछना चाहते हैं कि जब आपके पास पूरी शक्ति है, तो आपने अब तक जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा क्यों नहीं दिया है।

## चिराग पासवान की पार्टी झारखंड विधानसभा का चुनाव लड़ेगी

धनबाद (ईएमएस)। केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने धनबाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा है कि उनकी पार्टी झारखंड विधानसभा का चुनाव लड़ेगी। हालांकि, चिराग पासवान ने अभी यह साफ नहीं किया कि पार्टी अकेले चुनाव लड़ेगी या गठबंधन में लड़ेगी। उन्होंने कहा कि, सभी विकल्पों पर विचार किया जा रहा है। चिराग पासवान ने मीडिया से बातचीत में कहा कि, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव में अपनी अहम भूमिका देखती है। फिलहाल के वर्षों में संगठन के स्तर पर पार्टी मजबूत हुई है। मेरे नेता और मेरे पिता रामविलास पासवान जी का झारखंड में एक मजबूत जनाधार है। उन्होंने कहा कि मेरा जब जन्म हुआ था तब झारखंड और बिहार एक ही राज्य था। उस तरह से मेरी जन्मभूमि भी झारखंड है। रामविलास पासवान जी की कर्मभूमि भी झारखंड है। ऐसे में मैं पिता के उस सपने को पूरा करने के लिए निकला हूं जिसमें उन्होंने विकसित झारखंड के निर्माण को अपना लक्ष्य बनाया था। चिराग ने कहा कि, हम इस सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं कि आने वाले झारखंड विधानसभा चुनाव में पार्टी मजबूती से अपना प्रदर्शन करे।

# तीन संशोधन विधेयक लाने की तैयारी में मोदी सरकार, संविधान में करने होंगे 18 बदलाव

नई दिल्ली : केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस महीने की शुरुआत में उच्च स्तरीय पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद कमेटी की 'वन नेशन-वन इलेक्शन' सिफारिशों को मंजूरी दी। सरकार अब अपनी इस योजना को आगे बढ़ाने के लिए संविधान में संशोधन करने की तैयारी कर रही है। सरकार वन नेशन-वन इलेक्शन को लागू करने के लिए संविधान में संशोधन करने वाले दो विधेयकों समेत तीन विधेयकों को लाने की तैयारी में है।

प्रस्तावित संविधान संशोधन विधेयकों में से एक स्थानीय निकायों के चुनावों को लोकसभा और विधानसभाओं के साथ संरेखित करने से संबंधित है। जिसके लिए कम से कम 50 प्रतिशत राज्यों की सहमति की जरूरत होगी। सूत्रों की ओर से कहा गया है कि, प्रस्तावित पहला संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने को लेकर होगा।

#### एक साथ लोकसभा और विधानसभाओं को भंग करने वाला संशोधन विधेयक

उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों का हवाला देते हुए सूत्रों ने बताया कि प्रस्तावित विधेयक में अनुच्छेद 82ए में संशोधन करने की कोशिश की जाएगी। जिसमें 'नियत तिथि' से संबंधित उप-खंड (1) जोड़ा जाएगा। इसमें अनुच्छेद 82ए में उप-खंड (2) जोड़ने की भी कोशिश की जाएगी। जो लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के कार्यकाल के अंत से संबंधित है। इस संविधान संशोधन में अनुच्छेद 83(2) में संशोधन करने तथा लोकसभा की अवधि और विघटन





से संबंधित नए उप-खंड (3) और (4) सम्मिलित करने का भी प्रस्ताव है। इसमें विधानसभाओं के विघटन से संबंधित प्रावधान भी शामिल किए गए हैं तथा अनुच्छेद 327 में संशोधन करके "एक साथ चुनाव" शब्द सम्मिलित करने का प्रावधान किया जा सकता है। सिफारिश में कहा गया है कि इस विधेयक को 50 प्रतिशत राज्यों के समर्थन की आवश्यकता नहीं होगी।

#### दूसरे विधयेक के लिए 50 फीसदी राज्यों की सहमति जरूरी

प्रस्तावित दूसरे संविधान संशोधन विधेयक को कम से कम 50 प्रतिशत राज्य विधानसभाओं के समर्थन की आवश्यकता होगी क्योंकि यह राज्य मामलों से संबंधित है।

इस विधेयक के जरिए स्थानीय निकायों के चुनावों को लेकर मतदाता सूची तैयार की जाएगी। जिसके लिए चुनाव आयोग (ईसी) को राज्य चुनाव आयोगों (एसईसी) के साथ परामर्श करना होगा। जिसके बाद ईसी इन चुनावों को लेकर मतदाता सूची तैयार करेगा।

संवैधानिक रूप से चुनाव आयोग और राज्य चुनाव आयोग अलग-अलग निकाय हैं। चुनाव आयोग राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, लोकसभा, राज्यसभा, राज्य विधानसभाओं और राज्य विधान परिषदों के लिए चुनाव कराता है, जबकि एसईसी को नगर पालिकाओं और पंचायतों जैसे स्थानीय निकायों के लिए चुनाव कराने का अधिकार है। प्रस्तावित दूसरा संविधान संशोधन विधेयक में एक नया अनुच्छेद 324ए जोड़कर लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनावों के साथ-साथ नगर पालिकाओं और पंचायतों के एक साथ चुनाव कराने का प्रावधान किया जाएगा।

#### तीसरा विधेयक

तीसरा विधेयक एक साधारण विधेयक होगा। जो विधानसभा वाले केंद्र शासित प्रदेशों जैसे-पुडुचेरी, दिल्ली और जम्मू-कश्मीर से संबंधित होगा। जो तीन कानूनों के प्रावधानों में संशोधन करेगा। ताकि इन सदनों की शर्तों को अन्य विधानसभाओं और लोकसभा के साथ संरेखित किया जा सके। जिसे पहले संविधान संशोधन विधेयक में प्रस्तावित किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### चुनाव क्विज़ की पुनः ऑनलाइन परीक्षा 2 अक्टूबर को होगी

रांची(ईएमएस)।झारखण्ड राज्य के लिए चुनाव क्विज़ की ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन स्थानीय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा रविवार को किया गया था। यह परीक्षा पंजीकृत प्रतिभागियों के लिए के मध्य लॉगिन के साथ प्रारम्भ होनी थी। लेकिन कुछ तकनीकी खामियों के कारण कई प्रतिभागियों को लॉगिन में कठिनाईयां आई जिस कारण वे अपनी परीक्षा पूरी नहीं कर सके। हालांकि बाद में तकनीकी कमी को दूर कर लिया गया लेकिन तब तक कई प्रतिभागी अपनी परीक्षा पूरी करने से वंचित रह गए।इसके दृष्टिगत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने चुनाव क्विज़ की ऑनलाइन परीक्षा का पुनः आयोजन 2 अक्टूबर को कराने का निर्णय लिया है, ताकि सभी प्रतिभागियों को समान अवसर प्राप्त हो सके। पुनः होने वाले इस परीक्षा के लिए लॉगिन दिनांक 2 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से 11 बजे के मध्य किया जा सकेगा। लॉगिन के उपरांत परीक्षा पूरी करने के लिए एक घंटे का समय दिया जाएगा।

### टाटानगर स्टेशन से मोबाइल चोर गिरफ्तार

पूर्वी सिंहभूम(ईएमएस)।टाटानगर स्टेशन में यात्री का मोबाइल चोरी कर भाग रहे एक युवक को आरपीएफ की उड़नदस्ता टीम ने पकड़ा।घटना शनिवार की देर रात की है। पूछताछ में युवक ने अपना नाम संटू बताया।आरपीएफ ने उसे जीआरपी के हवाले कर दिया।तलाशी लेने पर उसके पास से एक मोबाइल फोन बरामद हुआ।युवक बागबेड़ा का रहने वाला है।वह पूर्व में परसुडीह थाना से आर्म्स एक्ट और बागबेड़ा से चोरी के मामले में जेल जा चुका है।शनिवार की रात 2 बजे आरपीएफ की उड़नदस्ता टीम स्टेशन परिसर में गश्त लगा रही थी। टीम को लीड करने वाले एएसआई बलबीर प्रसाद, महेंद्र प्रताप यादव, रवि कुमार और सोहन पाल ड्यूटी पर तैनात थे।इसी दौरान टीम ने देखा कि संटू संदिग्ध अवस्था में भाग रहा था। उसे दौड़ाकर पकड़ा गया। उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से चोरी का मोबाइल बरामद किया गया।

### चुटिया में मोबाइल छिनतई करने वाले तीन गिरफ्तार, सीसीटीवी से हुई थी पहचान

रांची(ईएमएस)।चुटिया थाना क्षेत्र में मोबाइल छिनतई करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके पास से पुलिस को 18 मोबाइल और 1 बुलेट बाइक मिली है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि विक्रम कुमार ने लिखित शिकायत की थी। जिसमें उन्होंने 12 सितंबर को सिटी सेंटर के पास दो बाइक सवार अज्ञात अपराधियों द्वारा मोबाइल छिनने की शिकायत दर्ज कराई थी।इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए छानबीन शुरू की। वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक छापामारी दल का गठन किया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से आरोपियों की पहचान की और पहले आरोपी अभय सिंह उर्फ बिट्टू को गिरफ्तार किया। उसके बाद राजा सिंह और अभिषेक पाठक उर्फ रावण पाठक को भी गिरफ्तार किया गया।

### रामगढ़ में नदी में डूबने से एक ही परिवार के तीन बेटियों की मौत

रामगढ़(ईएमएस)।रामगढ़ थाना क्षेत्र के सिरका कहुआ बेड़ा ऊपर टोला में नदी में नहाने के दौरान एक ही परिवार की तीन बेटियों की मौत हो गई।घटना के बाद परिजनों के साथ-साथ पूरे गांव में मातम पसरा है।स्थानीय लोगों के अनुसार सिरका कहुआ बेड़ा ऊपर टोला में अनिल प्रजापति की पुत्री सिमरन (10 वर्ष) और संध्या (8 वर्ष) तथा बबलू प्रजापति की पुत्री छाया (15 वर्ष) गांव से सटे दामोदर नदी में नहाने गई थीं।नहाने के दौरान एक लड़की नदी में डूबने लगी। उसने शोर मचाया तो दोनों बहनें उसे बचाने वहां पहुंचीं लेकिन वे भी भंवर में फंस गईं और देखते ही देखते तीनों लड़कियां नदी में डूब गईं।बच्चियों को डूबता देख पास में स्नान कर रहे लोगों ने शोर मचाया तो गांव के कुछ लोग मौके पर पहुंचे और तीनों लड़कियों को नदी से बाहर निकालकर नई सराय अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने तीनों को मृत घोषित कर दिया।

### हजारीबाग में पुस्तकालय सह संग्रहालय भवन निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास

हजारीबाग(ईएमएस)।हजारीबाग शहर के डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक स्थित भारत रत्न, महामानव बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर प्रतिमा परिसर में रविवार को डीएमएफटी मद से बनने वाले पुस्तकालय सह संग्रहालय भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के हाथों हुआ।सांसद मनीष जायसवाल, जीप चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव और भाजपा के वरिष्ठ नेता बटेश्वर मेहता ने बाबा साहेब के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि बाबा साहेब के नाम पर हजारीबाग डिस्ट्रिक बोर्ड चौक पर पुस्तकालय सह संग्रहालय बनने से लोगों को अच्छी पुस्तके पढ़ने और सीखने का मौका मिलेगा।

### अज्ञात अपराधियों ने हिस्ट्री शीटर विकास को मारी गोली, अस्पताल में इलाज के दौरान हुई मौत

पूर्वी सिंहभूम(ईएमएस)।जमशेदपुर के उलीडीह थाना अंतर्गत दरभंगा डेयरी के समीप रविवार की सुबह लगभग ग्यारह बजे के आसपास अज्ञात अपराधियों ने हिस्ट्रीशीटर अपराधी रहे विकास को गोली मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल विकास को एमजीएम अस्पताल पहुंचाया।जहां इलाज के दौरान विकास की मौत हो गई।विकास की हत्या किन कारणों से हुई है, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है।पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।उधर घटना के बाद विकास के परिजनों में मातम छा गया है। सूचना पर पहुंचे मानगो थाना प्रभारी निरंजन कुमार ने बताया कि आसपास के लोगों से पूछताछ में पता चला है कि दो की संख्या में बाइक सवार अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया है।बताया जा रहा है कि विकास को अपराधियों ने दो गोली मारी है।

### लातेहार में सबकी योजना सबका विकास अभियान के तहत दो अक्टूबर को विशेष ग्राम सभा

लातेहार(ईएमएस)।जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्रेयांस ने सबकी योजना सबका विकास अभियान के तहत गांधी जयंती के अवसर पर विशेष ग्रामसभा के आयोजन को लेकर समीक्षात्मक बैठक की।बैठक में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी राहुल कुमार समेत सभी प्रखंड के पंचायती राज पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक और पीरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि थे।जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने आगामी दो अक्टूबर के विशेष ग्रामसभा में होने वाले कार्यक्रमों से की जानकारी दी। उन्होंने अपने स्तर से पूरी तैयारी करते हुए विशेष ग्रामसभा को सफल बनाना सुनिश्चित करें।बैठक में जुड़े जिला कार्यक्रम पधाधिकारी द्वारा पंचायत निर्णय पोर्टल के बारे में जानकारी दी गई।

### नकली शराब बनाते चार को पुलिस ने किया गिरफ्तार

सरायकेला। सरायकेला-खरसावां जिला पुलिस अधीक्षक (एसपी) के निर्देश पर चांडिल थाना की पुलिस ने रविवार तड़के अवैध विदेशी शराब की खरीद बिक्री व नकली शराब बनाने के विरुद्ध अभियान चलाया।इस दौरान पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ पुलिस ने बड़ी मात्रा में अवैध शराब और नकली शराब बनाने में उपयोग में लाए जाने वाली सामग्री बरामद की है। चांडिल के एसडीपीओ सुनील कुमार रजवार और थाना प्रभारी वरूण यादव ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में एक पर उत्पाद अधिनियम के तहत पूर्व से मामला दर्ज है। उन्होंने कहा कि चांडिल थाना अंतर्गत जरियाडीह स्थित कैनाल के सामने एक बंद मकान में छापामारी की गई।उक्त मकान से भारी मात्रा में अवैध नकली विदेशी शराब और शराब बनाने के लिए उपयोग में लाने वाली अन्य समाग्री बरामद की गई।

# टेंडर विवाद में धमकी देने के तीन घंटे बाद ठेकेदार के घर 15 राउंड फायरिंग

पलामू : पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत हनुमान नगर में शनिवार रात एक ठेकेदार के घर पर ताबड़तोड़ फायरिंग किये जाने की खबर है. यह घटना टेंडर विवाद से जुड़ी बताई जा रही है, जिसमें ठेकेदार को पहले फोन पर धमकी दी गयी और तीन घंटे बाद उसके घर पर हमला किया गया. हमलावरों ने कार्बाइन से करीब 15 राउंड गोलियां चलाईं. इस हमले से इलाके में दहशत फैल गई है. शनिवार शाम 7.30 बजे हनुमान नगर निवासी राघवेंद्र सिंह को (पलामू जिले के तरहसी थाना क्षेत्र के पसहर कसमार गांव के मूल निवासी) बैरिया के राकेश सिंह नामक व्यक्ति ने फोन किया. राकेश सिंह ने बातचीत के दौरान राघवेंद्र को डाले गये टेंडर को वापस लेने की धमकी दी और टेंडर न डालने की हिदायत दी.

### राघवेंद्र ने धमकी को नजरअंदाज करते हुए टेंडर वापस लेने से इनकार कर दिया

राघवेंद्र ने धमकी को नजरअंदाज करते हुए टेंडर वापस लेने से इनकार कर दिया. आरोप है कि फोन करने के तीन घंटे बाद, राकेश सिंह अपने दो अन्य साथियों के साथ मोटरसाइकिल पर राघवेंद्र के हनुमान नगर स्थित घर पहुंचा. हमलावरों ने अपने चेहरे कपड़े से ढंक रखे थे, ताकि उनकी पहचान न हो सके. उन्होंने कार्बाइन से ठेकेदार के घर पर ताबड़तोड़ 15 राउंड गोलियां चलाईं, जो चार मंजिला भवन के तीसरे तल तक पहुंचीं.

### पुलिस ने रविवार दोपहर 3 बजे इस मामले में नामजद प्राथमिकी दर्ज की है

घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी. पुलिस ने रविवार दोपहर 3 बजे इस मामले में नामजद प्राथमिकी दर्ज की है. मामले की जांच की जा रही है. पुलिस हमलावरों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए विभिन्न जगहों पर छापेमारी कर रही है. घटना के बाद से हनुमान नगर में दहशत का माहौल है. लोगों का कहना है कि जिस तरह से खुलेआम ठेकेदार के घर पर फायरिंग की गई, उससे सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है.

### पुलिस ने लोगों को आश्वासन दिया है कि जल्द ही हमलावरों को गिरफ्तार किया जायेगा

पुलिस ने लोगों को आश्वासन दिया है कि जल्द ही हमलावरों को गिरफ्तार किया जाएगा और इलाके में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा. यह पूरा मामला टेंडर विवाद से जुड़ा हुआ है, जिसमें राघवेंद्र सिंह और राकेश सिंह के बीच टेंडर डालने को लेकर मतभेद था. राकेश सिंह ने राघवेंद्र को टेंडर वापस लेने की धमकी दी थी, लेकिन राघवेंद्र के इनकार करने पर यह घटना घटी. पुलिस इस एंगल से भी मामले की जांच कर रही है और टेंडर से जुड़े अन्य पहलुओं को भी खंगाल रही है.फिलहाल, मामले की पूरी जांच चल रही है और पुलिस हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए लगातार कार्रवाई कर रही है.




## केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी रांची में सातवें राष्ट्रीय पोषण माह के समापन समारोह में भाग लेंगी

रांची(ईएमएस)। सातवें राष्ट्रीय पोषण माह का समापन समारोह 30 सितंबर सोमवार को रांची स्थित शौर्य सभागर में होगा। समापन समारोह में झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार, केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, झारखंड सरकार की डब्ल्यूसीडी एंड एसएस मंत्री बेबी देवी, केन्द्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सचिव, भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और झारखंड राज्य सरकार के अन्य अधिकारियों की मौजूदगी होगी।सातवां राष्ट्रीय पोषण माह बेहतर प्रशासन के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग के साथ-साथ एनीमिया, विकास संबंधी निगरानी, पूरक आहार और 'पोषण भी पढाई भी' पर केन्द्रित रहा। महीने भर चलने वाले इस अभियान में 'एक



पेड़ मां के नाम' पहल के माध्यम से 'पर्यावरणीय स्थिरता' पर भी जोर दिया गया, जिसमें सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में वृक्षारोपण को प्रोत्साहित किया गया। अब तक विभिन्न राज्यों/केन्द्र-शासित प्रदेशों द्वारा इस पोषण माह के दौरान लगभग 12 करोड़ गतिविधियां आयोजित की गई हैं।जन-आंदोलन शुरू होने के बाद से विभिन्न मंत्रालयों/विभागों के साथ तालमेल हमेशा इन जन-आंदोलनों के मूल में रहा है, क्योंकि इससे विविध प्रकार, विशेषकर जमीनी स्तर के लोगों साथ संपर्क स्थापित करने में मदद मिलती है।'सक्षम आंगनबाड़ियों' को बेहतर पोषण, प्रारंभिक बचपन की देखभाल एवं शिक्षा (ईसीसीई) सुलभ कराने के उद्देश्य से मजबूत, उन्नत और पुनर्जीवित किया गया है। एक सक्षम आंगनवाड़ी केन्द्र की कुछ खास विशेषताओं में एलईडी स्क्रीन, स्वच्छ पेयजल के लिए जल निस्पंदन प्रणाली; प्रारंभिक बचपन की देखभाल एवं शिक्षा (ईसीसीई) के लिए सामग्री, बाला (बिल्डिंग एज लर्निंग ऐड) पेंटिंग; और विविध खाद्य पौधों एवं जड़ी-बूटियों को सुलभ कराने तथा कुपोषण से लड़ने के मिशन में मदद करने वाली पोषण वाटिका सहित उन्नत बुनियादी ढांचा शामिल हैं। पोषण माह के समापन समारोह के दौरान देश भर में स्थित 11 हजार से अधिक सक्षम आंगनवाड़ी केन्द्रों का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन भी किया जाएगा।कार्यक्रम स्थल पर झारखंड राज्य सरकार द्वारा मिशन पोषण 2.0 के विभिन्न पहलुओं को प्रदर्शित करने वाली एक प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी।पोषण माह का समापन कार्यक्रम एक स्वस्थ एवं सुपोषित भारत की दिशा में सामूहिक प्रयासों का उत्सव मनाएगा। यह न केवल सभी भाग लेने वाले राज्यों के समर्पण को मान्यता देगा, बल्कि सक्षम आंगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से लाभार्थियों एवं समुदायों की बढ़ी हुई भागीदारी को सुनिश्चित करते हुए निरंतर जन-आंदोलनों के माध्यम से जमीनी स्तर के आंदोलनों को मजबूत करने में विभिन्न हितधारकों के सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका को भी रेखांकित करेगा।

## विधानसभा चुनाव को लेकर पश्चिमी सिंहभूम में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ी

### झामुमो के मंत्री व शीर्ष नेताओं द्वारा की जा रही ताबड़तोड़ सभाएं

पश्चिमी सिंहभूम। विधानसभा चुनाव को लेकर पश्चिमी सिंहभूम जिले में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है।इसी क्रम में झारखंड मुक्ति मोर्चा के मंत्रियों और शीर्ष नेताओं की ताबड़तोड़ सभाएं आयोजित हो रही हैं। गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, मंत्री बेबी देवी, मंत्री दीपिका पांडेय और मंत्री दीपक बिरुवा के नेतृत्व में जिले के सभी प्रखंडों में आम सभाएं आयोजित की जा रही है। पिछले दो दिनों से सुदूरवर्ती प्रखंडों का दौरा करके राजनीतिक माहौल तैयार किया जा रहा है। महिला मंत्रियों के द्वारा चाईबासा और चक्रधरपुर में रात्रि चौपालों का आयोजन भी किया गया जिसमें मंइयां सम्मान योजना के लाभार्थियों के साथ संवाद भी किया गया। आमसभाओं में कल्पना सोरेन ने लोगों के बीच जाकर कहा कि केंद्र सरकार झारखंड के हक की राशि दबाए बैठी है और वह पूछती है कि हेमंत सोरेन ने क्या किया। उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार के कार्यों को गिनाते हुए विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने अपनी सभाओं में चंपाई सोरेन और गीता कोड़ा का नाम लिए बगैर कहा कि इन लोगों ने कोल्हान का विश्वास तोड़ा है और विधानसभा चुनाव में जनता इन्हें जवाब देगी। इन सभाओं को मंत्री बेबी देवी ने भी संबोधित किया और उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार के कार्यकाल में हो रहे कार्यों को जनहित में बताया।झामुमो की इन सभाओं के ठीक बाद भाजपा नेताओं के शीर्ष नेताओं का कार्यक्रम पश्चिमी सिंहभूम जिले में तय हुआ है। समझा जा सकता है कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दल कोल्हान की सीटों पर अपनी नजर बनाए हुए हैं।

## होटल रेडिसन ब्लू में झारक्राफ्ट एक्सपो का उद्घाटन, 52 से अधिक स्टाल लगे

रांची : रांची के होटल रेडिसन ब्लू में झारक्राफ्ट एक्सपो का रविवार को उद्घाटन हुआ. उद्योग विभाग के सचिव जितेंद्र कुमार सिंह, हथकरघा और रेशम उत्पादन निदेशक आकांशा रंजन, झारखंड में माटीकला बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हिमांशु मोहन, झारक्राफ्ट के प्रबंध निदेशक कीर्तिश्री ने एक्सपो का उद्घाटन किया. एक्सपो 4 अक्टूबर तक जारी रहेगा, जिसमें रेशम, कपास, ऊन, मिट्टी, लकड़ी, ढोकरा और लाह जैसी स्वदेशी सामग्रियों से बने उत्पाद कि प्रदर्शनी लगाई गई है. 52 से अधिक स्टालों का एक संग्रह, जिसमें हाथ से बुने हुए जामदानी, कांजीवरम, बनारस, इकत, चंदेरी, पश्मीना और कानी सहित पारंपरिक भारतीय वस्त्रों की एक श्रृंखला शामिल है. इसके साथ ही एक्सपो में कांथा, जरदोजी, चिकनकारी और आरी जैसी उत्कृष्ट हाथ की कढ़ाई तकनीकों के साथ-साथ मधुबनी, कलमकारी, सोहराई, पैठकर, जादुपतिया और सौरा जैसी हाथ से चित्रित कलाकृतियां प्रदर्शित की गई हैं. मौके पर विभागीय सचिव ने कहा एक्सपो की वस्तुएं झारखंड, उत्तर प्रदेश, कश्मीर, असम, कर्नाटक, गुजरात, बिहार और दिल्ली सहित विभिन्न क्षेत्रों की पारंपरिक शिल्प कौशल को दर्शाती हैं. इसका उद्देश्य भारतीय हथकरघा और हस्तशिल्प उद्योगों की वैश्विक लक्जरी ब्रांड के रूप में एक साथ आने की क्षमता को प्रदर्शित करना और भविष्य के प्रयासों के लिए आधार तैयार करना है. प्रबंध निदेशक कीर्तिश्री ने कहा झारक्राफ्ट पहल, अपने बुनकरों की विशेषज्ञता के साथ मिलकर, भारत की गहरी सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करना है. 15,000 से अधिक बुनकरों को रोजगार देने वाला और विभिन्न क्षमताओं में 4,790 कारीगरों को शामिल करने वाला, हथकरघा उद्योग कृषि के बाद भारत की ग्रामीण आबादी के लिए दूसरा सबसे बड़ा रोजगार प्रदाता है. प्रदर्शनी में उत्कृष्ट कृतियों पर जोर देने की कोशिश की गयी है, जिससे भारतीय कपड़ा और हथकरघा कौशल की सराहना को बढ़ावा मिलेगा. साथ ही भारतीय कारीगरों के हस्तनिर्मित उत्पादों में प्रदर्शित असाधारण शिल्प कौशल की पहचान बढ़ेगी.

## नामकुम अंचल जांच करने पहुंचे सदर एसडीओ, सीओ ने ताला तोड़ लिया था प्रभार

रांची : नामकुम अंचल कार्यालय का ताला तोड़ सीओ का प्रभार लेने के मामले की जांच करने के लिए आज रविवार को सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार वहां पहुंचे. उनके साथ जिला प्रशासन की टीम भी मौजूद हैं. रांची डीसी ने एसडीओ को मामले की जांच कर इसमें संलिप्त पदाधिकारियों और कर्मियों को चिन्हित कर 24 घंटे के अंदर रिपोर्ट देने का आदेश दिया है. बता दें कि भू-राजस्व विभाग ने शुक्रवार देर रात 91 अंचल अधिकारियों का तबादला किया था. कोडरमा सदर में पदस्थापित सीओ राम प्रवेश कुमार को नामकुम का सीओ बनाया गया. इसके बाद शनिवार को राम प्रवेश कुमार नामकुम अंचल प्रभार करने




पहुंचे. लेकिन अंचल में ताला लगा था. जिसके बाद सीओ ने ताला तोड़कर सीओ प्रभार ग्रहण किया था. सीओ का यह वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हुआ था. वीडियो वायरल होने के बाद रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने मामले में संज्ञान लिया और जांच के आदेश दिये. जिसकी जांच करने रविवार को जिला प्रशासन की टीम सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार के नेतृत्व में नामकुम अंचल पहुंची.

### सीजीएल परीक्षा और उत्पाद सिपाही की दौड़ पर रक्षा राज्य मंत्री ने राज्य सरकार को घेरा, कहा

## मुख्यमंत्री खुद संज्ञान लें, इसके साथ ही दोषियों पर कार्रवाई भी सुनिश्चित करें

रांची(ईएमएस)। जेएसएससी की सीजीएल परीक्षा को लेकर रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने राज्य सरकार को आड़े हाथों लिया है। परीक्षा में हुई गड़बड़ी पर संजय सेठ ने कहा है कि सरकार ने दो दिन तक इंटरनेट बंद करके सिर्फ राज्य के लोगों को परेशान करने का काम किया है। इस परीक्षा में जो कदाचार होना था, वह कदाचार हो चुका था। इंटरनेट बंदी के नाम पर जनता का आई वाश किया गया है। यह सरकार परीक्षा के नाम पर इलेक्शन से पहले कलेक्शन की तैयारी में लगी हुई है। रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि झारखंड के लाखों युवा 5 वर्षों से इस बात का इंतजार कर रहे हैं।उन्हें राज्य सरकार नौकरी देगी परंतु यह सरकार नौकरी नहीं दे रही है। नौकरी मांगने वाले युवाओं पर लाठियां चलवा रही हैं। उनका दमन कर रही है। जेएसएससी की परीक्षा में पूर्व में गड़बड़ी हो चुकी थी। सरकार ने इस बार जो परीक्षा लिया, उसमें भी व्यापक पैमाने पर



गड़बड़ी हुई है। अभ्यर्थी इस पर सवाल उठा रहे हैं परंतु सरकार जांच के नाम पर खानापूर्ति कर रही है। रक्षा राज्य मंत्री ने यह भी दावा किया है कि पूर्व की परीक्षाओं से जुड़े कई सवाल इस परीक्षा में भी दोहराए गए थे, जो कहीं ना कहीं कदाचार का ही हिस्सा है। इंटरनेट बंद करके उस कदाचार को फैलने से रोकने का प्रयास किया गया है। आज भी युवा सड़कों पर है। जेएसएससी के पास युवा न्याय मांगने नहीं जाए, इसके लिए तानाशाही करके निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। प्रतिदिन दर्जनों युवाओं का फोन आता है कि इस तरह की गड़बड़ी हुई है। राज्य सरकार में यदि तनिक भी नैतिकता है तो इन युवाओं की बात सुन ले। मुख्यमंत्री खुद पहल करें और जो युवा गड़बड़ी की बात कह रहे हैं, उन युवाओं को बैठाएं और इस पर संज्ञान लें। इसके साथ ही दोषियों पर कार्रवाई भी सुनिश्चित करें। सेठ ने उत्पाद सिपाही की दौड़ में भी हुई गड़बड़ी और लापरवाही के कारण 17 युवाओं की मौत पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा है कि राज्य सरकार के लिए हो सकता है, यह युवाओं के जान की कीमत कुछ नहीं हो परंतु यह युवा अपने परिवार के भविष्य है। कई घरों के चिराग बुझ गए। सरकार को इस बात का जवाब देना चाहिए कि किन परिस्थितियों में ऐसी घटनाएं हुई है। लीपा पोती और बरगलाने का काम अब सरकार को बंद करना चाहिए। उत्पाद सिपाही के नाम पर जिस तरह से युवाओं को दौड़ाया गया है, वह अमानवीय है और प्रताड़ित करने का एक तरीका है। सिर्फ पैसे देने से किसी के परिवार का बेटा, किसी का पति, किसी का भाई लौट नहीं सकता है। इसलिए सरकार दोषियों पर कार्रवाई सुनिश्चित करें अन्यथा राज्य की जनता इस विधानसभा चुनाव में सरकार को जवाब देने के लिए तैयार है।

## सीसीसी की 12 वीं एजीएम संपन्न, वित्तीय लेन देन पर चर्चा




रांची : कंट्री क्रिकेट क्लब (सीसीसी) की 12 वीं वार्षिक आम सभा (एजीएम) रविवार को जेएससीए परिसर में संपन्न हुई. बैठक को अध्यक्ष राजेश वर्मा ने संबोधित किया. बैठक में क्लब के अंतिम वर्ष की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी. सचिव राहुल झा ने क्लब का सारा ब्यौरा दिया, कोषाधयक्ष भानु प्रताप सिंह ने पिछले साल के वित्तीय लेन देन के विषय में विस्तार से सदस्यों के बीच में रखा. बता दें कि सीसीसी के 487 लाइफ मेंबर और 318 परमानेंट मेंबरों में से 170 मेंबर ही एजीएम में उपस्थित हुए. एजीएम में उपाध्यक्ष संजय पांडे, संयुक्त सचिव पवन कुमार कार्यकारिणी के राजीव रंजन,सुशील कुमार,अजीत कुमार,विशाखा झा इंदर शेखर सहित क्लब के गणमान्य सदस्य उपस्थित थे.

## संक्षिप्त खबरें

### सीबीएससी बोर्ड परीक्षा 2025 के लिए डेटशीट का इंतजार

नई दिल्ली, (ईएमएस)। साल 2025 में सीबीएसई बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षा देने वाले स्टूडेंट्स बेसब्री से डेटशीट का इंतजार कर रहे हैं। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित यह परीक्षा न केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी आयोजित की जाती है। सीबीएसई परीक्षा की डेटशीट बनाना एक जटिल प्रक्रिया होती है, जिसमें विभिन्न देशों की छुट्टियों और विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं के शेड्यूल को ध्यान में रखा जाता है। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि सीबीएसई बोर्ड परीक्षा फरवरी 2025 में आयोजित की जाएगी। सूत्रों की मानें तो सीबीएसई बोर्ड पिछले कुछ सालों की तरह ही इस बार भी दिसंबर 2024 में ही परीक्षा की डेटशीट जारी कर सकता है। यह डेटशीट सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होगी। इसमें परीक्षा की तारीख, विषयों के नाम और कोड, परीक्षा का समय और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी शामिल होगी। इस वेबसाइट पर जाकर स्टूडेंट्स परीक्षा से जुड़ी सभी ताजा जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

#### प्रैक्टिकल एग्जाम और मुख्य परीक्षा

सीबीएससी बोर्ड 10वीं और 12वीं के प्रैक्टिकल एग्जाम्स जनवरी 2025 में होने की संभावना है। प्रैक्टिकल एग्जाम्स के बाद स्कूलों में प्री-बोर्ड परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसके बाद फरवरी से अप्रैल 2025 के बीच मुख्य लिखित परीक्षा होगी। बताया जा रहा है कि इस साल सीबीएससी बोर्ड परीक्षा एक बार ही आयोजित की जाएगी। वहीं 2026 से सीबीएससी बोर्ड साल में दो बार परीक्षाएं आयोजित कर सकता है, जिसके लिए बोर्ड को परीक्षा का फॉर्मेट बदलना होगा।


#### क्या होता है डेटशीट में

सीबीएससी बोर्ड परीक्षा की डेटशीट में निम्नलिखित जानकारी उपलब्ध होगी- एग्जाम की तारीखें, विषयों के नाम, विषय कोड, परीक्षा गाइडलाइंस, परीक्षा का समय, रिपोर्टिंग समय,

#### छात्रों को परीक्षा संबंधी टिप्स

सीबीएससी बोर्ड परीक्षा 2025 की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं को सलाह दी जाती है कि वे पाठ्यक्रम का अच्छी तरह से रिवीजन करें। कमजोर विषयों पर अधिक ध्यान दें और सीबीएससी सैंपल पेपर्स को हल करके परीक्षा पैटर्न और मार्किंग स्कीम को समझ लें। यह तैयारी उनके बोर्ड एग्जाम में बेहतर प्रदर्शन करने में मदद साबित होगी।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती के मौके पर झारखंड में कांग्रेस करेगी चुनावी शंखनाद



रांची(ईएमएस)।झारखंड में कांग्रेस का चुनावी अभियान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 155वें जयंती के अवसर पर औपचारिक रूप से शुरू किया जाएगा।इस बात की घोषणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने संवाददाता सम्मेलन में करते हुए कहा कि एक माह में 24 जिलों में 25 संवाद आपके साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका समापन हो गया है, इस दौरान सभी जिलों में संगठन की संपूर्णता के संबंध में बातें सामने आई। चुनाव को लेकर समितियों की बैठक चल रही है इसी कड़ी में पूरे झारखंड के डेलिगेट्स, प्रखंड अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष,विधायक,सांसद, मंडल अध्यक्ष सहित अन्य नेताओं की वृहद बैठक 30 सितंबर को आहूत की गई है जिसमें प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, सप्तगिरि शंकर,उलका सिरीबेला प्रसाद, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल उपस्थित रहेंगे।इसी दिन मेनिफेस्टो कमिटी के लोगों से भी वरीय नेतागण मिलेंगे सत्य,अहिंसा,शांति के अग्रदूत महात्मा गांधी की जयंती को पूरे विश्व स्तर पर अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाता है उनकी जयंती पर चुनावी अभियान प्रारंभ करने के अवसर पर स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान गांधी जी द्वारा चलाए गए विभिन्न आंदोलनों का स्मरण एवं विस्तृत चर्चा किया जाएगा तथा देश की आजादी के आंदोलन में अपना योगदान देने वाले त टाना भगतो का विशाल कार्यक्रम बीजूपाड़ा में सोमा टाना भगत की प्रतिमा के समक्ष किया जाएगा।मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि 2 अक्टूबर से अभियान प्रारंभ होगा। राज्य के नेताओं की चार टीम बनाई गई हैं,जो पहले चरण में उन क्षेत्रों में अभियान चलाएगी जहां पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार थे तथा सीट बंटवारे के पश्चात दूसरे चरण में गठबंधन उम्मीदवारों के लिए अभियान चलेगा। विधानसभा स्तर पर संवाद यात्रा हर टोला, गांव तक जाएगी। 15 अक्टूबर से जिला स्तर के नेता पंचायत में अभियान चलाएंगे। इसके माध्यम से सरकार की उपलब्धियां को लोगों तक पहुंचाना है। चुनाव में जाने के लिए हमारे पास सरकार के किए हुए कार्य पूंजी के रूप में है,हमारे नीतियों में भविष्य के विकास की झलक है।आज झारखंड में बांग्लादेशी को खोजने वाले भाजपा के नेता 18 वर्षों तक राज करने के दौरान सो रहे थे,इन्हें चुनाव के समय ही ऐसे मुद्दे दिखते हैं।उन्होंने कहा कि हजारों करोड़ के घोटाले के आरोप में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर एफआईआर दर्ज हुआ है उन्हें नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना चाहिए। बंधु तिर्की ने कहा की घोषणा पत्र तैयार करने हेतु पूरे प्रदेश में चौपाल लगाकर लोगों की राय ली जाएगी।इसमें यह व्यवस्था की जाएगी कि हर 6 माह में मेनिफेस्टो के सोशल ऑडिट की व्यवस्था हो। नीतिगत,आर्थिक, सामाजिक सभी पहलुओं की समीक्षा कर घोषणा पत्र के बिंदु तैयार किए जाएंगे। समिति एक अक्टूबर को जमशेदपुर में चौपाल लगाएगी। सभी जिलों में चौपाल लगाने हेतु वरीय नेताओं की नियुक्ति की गई है जो जिला वार वहां के स्थानीय मुद्दे,राज्य स्तर के मुद्दे,जमीन के मुद्दे हो या अन्य विसंगतियां हो उस पर चर्चा करेगी और चार अक्टूबर तक प्रदेश कार्यालय में प्रतिवेदन समर्पित करेगी, जिसे संकलित कर राष्ट्रीय नेतृत्व को समीक्षा हेतु भेजा जाएगा वहां से अनुमति मिलते ही इसे घोषित किया जाएगा। घोषणा पत्र तैयार होने के बाद मुख्यमंत्री से मिलकर हम अपने और उनके घोषणा पत्र पर चर्चा कर इसे अमली जामा पहनाएंगे।पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप कुमार बालमुचू ने कहा कि तीस सितंबर को आयोजित सम्मेलन में पूरे राज्य से आए हुए लोगों के बीच सरकार द्वारा किए गए कार्य, कांग्रेस द्वारा किए गए कार्यों का बुकलेट तैयार कर वितरित किया जाएगा ताकि जनता के बीच सरकार की उपलब्धियों को लेकर उन्हें जाने में आसानी हो और सरकार की उपलब्धियां जनता के बीच व्यापकता के साथ प्रचारित कर सकें।

## 50 लाख रंगदारी नही दी तो गिरा दिया बाउंड्रीवाल : सूरज सिंह




कतरास। कतरास थाना क्षेत्र के अंतर्गत श्यामडीह मोड़ के समीप जदयू के कार्यालय यूथ फोर्स के केंद्रीय सचिव सूरज कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि खमारगोड़ा मौजा में 8 लेन के किनारे मौजा नंबर 209, खाता नंबर 50, प्लॉट नंबर- 01, रकवा 25 डिसमिल जमीन शंकर मंडल पिता ललित मंडल से पिछले 8 सितंबर को खरीदा है। जमीन पर बाउंड्री वॉल करने के एवज में जन शक्ति दल के सूरज महतो ने 50 लाख की रंगदारी मांगी थी, जो की देने से इनकार करने पर सूरज महतो एवं उनके लोगों के द्वारा बाउंड्रीवाल को गिरा दिया गया। सूरज सिंह ने कहा कि वे बीती रात को अपने जमीन में बाउंड्री वॉल का काम कर रहे थे।इसी बीच सूरज महतो, बलराम महतो, दीपेश महतो, मोहम्मद सुल्तान और अन्य 40-50 लोग आए तथा मारपीट करने लगे।सूरज महतो ने जान मारने की नियत से पिस्तौल से फायर किया जिससे मैं बाल बाल बच गया। सूरज महतो ने कहा कि अगर खमारगोड़ा, उदलबनी और काको में कहीं भी जमीन लेगा तो सूरज महतो को रंगदारी देना होगा। यह कहकर मारपीट शुरू कर दिया सभी लोग लाठी डंडे और हरवे हथियार से लैस थे। सूरज सिंह ने कहा की गोली और बम का इतिहास दीप नारायण सिंह का नहीं बल्कि सूरज महतो का रहा है।रामकनाली थाना अंतर्गत महालक्ष्मी आउटसोर्सिंग में गोली और बम किसने चलाया था यह किसी से छिपा नहीं है।मामले में सूरज महतो जेल भी गए थे।आज भी उसके कई गुर्गे की गाड़ी रामकनाली आप में सड़ रही है। उन्होंने आगे कहा कि शनिवार को यूथ फोर्स के प्रधान सह जदयू नेता दीप नारायण सिंह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के साथ रांची में थे। उन पर लगाए गए सारे इल्जाम बेबुनियाद है। पुलिस की जांच पड़ताल में सभी सच्चाई सामने आ जाएगी। मामले की लिखित शिकायत रामकनाली ओपी में दे दी गई है।इस प्रेसवार्ता के मौके पर दर्जनाधिक कार्यकर्ताओं मौजूद थे।

## बरकट्ठा थाना में दुर्गा पूजा को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

बरकट्ठा(हज़ारीबाग)। दुर्गा पूजा मनाने को लेकर रविवार को बरकट्ठा थाना में शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता अंचलाधिकारी श्रवन झा ने की व संचालन समाजसेवी दर्शन सोनी ने किया।इस मौके पर बरही डीएसपी सुरजीत कुमार,थाना प्रभारी राजेश भोक्ता,बिडीओ रोश्मा डूंग डूंग, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि रघुवर प्रसाद, मौजूद थे।बरही डीएसपी सुरजीत कुमार ने पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरा लगाने, फायर सेफ्टी को लेकर उचित व्यवस्था, महिलाओं के लिए अलग से बेरीकेटिंग, वाहन पार्किंग आदि की व्यवस्था के लिए पूजा कमेटी को निर्देश दिया। थाना प्रभारी राजेश भोक्ता ने दुर्गा पूजा का पर्व आपसी सौहार्द और शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील किया।

# झारखंड बंगला भाषा - संस्कृति परिषद की बैठक संपन्न



झरिया : पोद्दार पाड़ा स्थित हरिबोल मंदिर परिसर में झारखंड बंगला भाषा - संस्कृति परिषद की एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह विशिष्ठ अतिथि के तौर पर उपस्थित थी। बैठक में पोद्दार पाड़ा के मूल निवासी धीवर समाज के द्वारा विगत 165 वर्षो से हरि कीर्तन के संबंध में चर्चा हुई। विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहा, झरिया के इस धीवर समाज के लोगो द्वारा 165 सालो से हरिबोल कीर्तन को में झारखंड सरकार के साथ साथ केंद्र सरकार को भी प्रेरित करूंगी और गजट में सम्मिलित करने का प्रयास करूंगी। उन्होंने कहा, मानभूम से चला आ रहा इस हरिबोल कीर्तन संस्कृति को उचित सम्मान देने का भरपूर कोशिश करूंगी। उन्होंने कीर्तनिया छोटे बच्चे को मेडल देकर सम्मानित किया। परिषद के अध्यक्ष अजय मुखर्जी ने कहा, यहां के धीवर समाज लगातार देड शताब्दी से भी ज्यादा समय से हरि कीर्तन करते आ रहे है, जो एक मिशाल है और झारखंडी संस्कृति के धरोहर है। उन्होंने कहा, परिषद की और से झारखंड सरकार से मांग करते है की यहां के हरिबोल कीर्तन को उचित सरकारी सम्मान दिया जाय। परिषद के सचिव समीर गोस्वामी ने कहा, झारखंडी संस्कृति हरि कीर्तन यहां के समाज को मुख्य धारा से जोड़ता है। उन्होंने इस हरि कीर्तन को झारखंड सरकार कि गजट में सम्मिलित करने की मांग की। विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह को इस विषय पर परिषद की ओर से एक ज्ञापन दिया गया। मौके पर हरीबोल कीर्तनिया द्वारा मंदिर परिसर में हरिबोल सभा प्रस्तुत किया गया। परिषद के सचिव समीर गोस्वामी ने पुष्प स्तबक से विधायक का स्वागत किया। सहायक सचिव मिताली मुखर्जी ने साल देकर और अध्यक्ष अजय मुखर्जी ने परिषद का स्मृति चिन्ह देकर विधायक को सम्मानित किया। बैठक की अध्यक्षता बिबिएमबि बलियापुर के प्राचार्य सिद्धार्थ बंधोपाधाय एवं मंच संचालन परिषद के लिगल एडवाइजर शुसंतो बनर्जी ने किया। सचिव समीर गोस्वामी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। हरि कीर्तन प्रस्तुति राजेश धीवर, होरिया धीवर, बिशु धीवर, विकाश धीवर, कनाई धीवर, पोल्टू धीवर आदि ने प्रस्तुत किया। मौके पर नयन दत्त, तपन धीवर, भोला धीवर, संदीप धीपर जितेन धीवर, शशांक शेखर ओझा, मेगनाथ धीवर एवं धीवर समाज के दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## राजनीतिक षड़यंत्र रच कर मेरी हत्या करने की साजिश रची जा रही है : सूरज महतो




रामकनाली।रामकनाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत कांको मोड़ समीप जनशक्ति दल के प्रधान कार्यालय में रविवार को एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया है।आयोजित प्रेसवार्ता को जनशक्ति दल के केंद्रीय अध्यक्ष सूरज महतो ने सम्बोधित करते हुए कहा कि बीती रात जब हम अपने वाहन से अपने प्रधान कार्यालय की ओर जा रहे थे, इस दरम्यान दीपनारायण सिंह, राजा मंडल मुकेश मंडल और कुछ लोग कार्यालय के रास्ते के समीप आ गए। दीप नारायण सिंह उनके दोनों भतीजे तथा अन्य दो लोग हरवे हथियार से लैस थे।जान का खतरा महसूस होते ही मैंने अपने ड्राइवर से अपने कार्यालय के तरफ गाड़ी भगाने को कहा।इसी बीच दीप नारायण सिंह अपने हाथों में हथियार चमकते हुए अपने लोगों से कहा की मौका को हाथ से जाने मत दो। इसके बाद दीप नारायण सिंह ने गोली चलाई। गोली की आवाज सुनकर मेरा ड्राइवर चतुराई से गाड़ी को कार्यालय के अंदर ले गया। इसके बाद दिन भर कोई काला गाड़ी कार्यालय के समीप 8 लाइन में रेकी करता रहा।बैनर पोस्टर भी फाड़ दिया गया। उन्होंने कहा कि उनके बढ़ते कद और जनता के बीच बढ़ती लोकप्रियता के कारण राजनीतिक षड्यंत्र के तहत उनकी हत्या करने के लिए राजनीतिक षडयंत्र रची जा रही है।इसमें कई पार्टियों के लोग शामिल हो सकते हैं।उन्होंने याद दिलाते हुए कहा कि झामुमो नेता अक्षय लाल चौहान की बढ़ती लोकप्रियता के कारण ही राजनीतिक षड्यंत्र रचकर उनकी हत्या कर दी गई जो किसी से छिपा नहीं है।सूरज महतो ने कहा कि मामले की लिखित शिकायत रामकनाली आपी में दे दी गई है।इस प्रेसवार्ता के मौके पर आदि दर्जनाधिक जनशक्ति दल के कार्यकर्तओं मौजूद थे।

## यूपी के महोबा मे रेलवे ट्रेक पर सीमेंटेड पोल रख रेल को बेपटरी करने की कोशिस

महोबा(ईएमएस)। उत्तर प्रदेश मे बुंदेलखंड के महोबा जिले मे कल रात रेल दुर्घटना की बड़ी साजिस नाकाम हो गयी. झांसी से प्रयागराज जा रही ट्रेन के लोको पायलट की सूझबूझ से झांसी-मानिकपुर रेलवे ट्रैक पर रखे गए सीमेंटेड पोल को समय रहते देख कर हटा दिया गया जिससे बड़ा हादसा टल गया।पुलिस द्वारा मामले मे एक किशोर को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस प्रकरण की सघनता से जांच कर रही है. अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह ने बताया की महोबा स्टेशन से करीब 30 किमी आगे कबरई व् मटोंध स्टेशनों के बीच रेवारा गाँव के निकट रेल पटरी पर एक सीमेंटेड खंभा रखा मिला। जिसे झांसी स्टेशन से चलकर प्रयागराज जा रही पैसेंजर ट्रेन के लोको पायलट ने देखा और गाड़ी रोक दी और कंट्रोल रूम को सूचित किया.

खबर मिलते ही जीआरपी, आरपीएफ व स्थानीय पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच पत्थर को अलग कराया और रेल मार्ग को साफ करा गाड़ियों का आवागमन शुरू कराया.बाद मे पुलिस ने घटना की छानबीन करते हुये रेलवे ट्रेक के निकट ही जानवर चरा रहे एक किशोर को हिरासत में लिया जिससे की गयी पूछतांछ मे वारदात का खुलाशा हो गया. अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया की रेवारा गाँव के निवासी 16 वर्षीय किशोर अंशू यादव ने पूँछताछ मे अपना दोष स्वीकार कर खेल -खेल मे उक्त सीमेंटेड खंभे को रेल पटरी मे रखने की बात कही है.रेलपथ निरीक्षक राजेश कुमार की तहरीर पर उसके खिलाफ कबरई पुलिस ने रेलवे एक्ट व ट्रैक पर पत्थर रखकर संकट पैदा करने के आरोप मे बीएनएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। हालाकि पूरे मामले की बिस्तार से जांच कराई जा रही है। घटना को लेकर उत्तर-मध्य रेलवे के झांसी के पीआरओ मनोज कुमार सिंह ने कहा है कि पशु चरा रहे किशोर ने ट्रैक के किनारे लगे फेंसिंग का पिलर तोड़कर रख दिया था। जिसे हटवा दिया गया. प्रकरण मे कोई ट्रैन प्रभावित नहीं हुईं।

### हर तीन में से एक बच्चे की आंखें हो रही हैं कमजोर

नई दिल्ली (ईएमएस)। हर तीन में से एक बच्चे की आंखें कमजोर हो रही हैं, और 2050 तक यह संख्या बढ़कर 50 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। हाल ही में ग्लोबल स्टडी में यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है। जानकारी के अनुसार, एशिया में यह समस्या सबसे गंभीर है, जहां 85 प्रतिशत बच्चे दृष्टि संबंधी परेशानियों से जूझ रहे हैं।

जापान में 73प्रतिशत, जबकि दक्षिण कोरिया, चीन और रूस में लगभग 40 प्रतिशत बच्चे नजर की समस्याओं का सामना कर रहे हैं। चिंताजनक बात यह है कि यह सभी बच्चे 10 साल या उससे कम उम्र के हैं। स्टडी में यह भी पाया गया है कि कोविड-19 महामारी के बाद बच्चों की दृष्टि में तेजी से गिरावट आई है। विशेष रूप से 2 साल से कम उम्र में स्कूल जाने वाले बच्चों पर इसका प्रभाव अधिक देखा गया है।

## भारत के इस कदम से फिर लगेगी चीन को मिर्ची


नई दिल्ली (ईएमएस)। चीन की सीमा पर हॉवित्जर, मिसाइल, रॉकेट सिस्टम और लोइटर गोला-बारूद की अग्रिम तैनाती के बाद, भारत अब लंबी दूरी की, उच्च मात्रा वाली सटीक मारक क्षमता को शामिल करने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। यह रणनीति चीन के साथ संभावित युद्ध की स्थिति में निर्णायक साबित होगी है। भारत अपने स्वदेशी गोला-बारूद विक्रेता आधार का विस्तार कर वैश्विक सप्लाई श्रृंखला में व्यवधानों का सामना करने की तैयारी कर रहा है। दरअसल रूस-यूक्रेन युद्ध से मिले सबक के अनुसार, जिसमें 80 प्रतिशत तोपखाने की आग के कारण हताहत हुए थे, भारतीय सेना के तोपखाने के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अदोष कुमार ने बताया कि बल 100 और के-9 वज्र स्व-चालित ट्रैक्ड गन सिस्टम, अतिरिक्त धनुष हॉवित्जर, शारंग गन और पिनाका मल्टी-लॉन्च रॉकेट सिस्टम का समावेश करेगा। पहले से ही 4,366 करोड़ की लागत से शामिल की गई 100 के-9 वज्र रेजिमेंट में से कुछ विंटराइज्ड रेजिमेंट पूर्वी लद्दाख में तैनात हैं।

भारत ने स्वदेशी पिनाका रॉकेट सिस्टम को भी अपनी शस्त्रागार में शामिल किया है, जिसकी मारक क्षमता को बढ़ाकर 75 किलोमीटर किया जा रहा है।

सेना मौजूदा चार पिनाका रेजिमेंट में छह और रेजिमेंट जोड़ने की योजना बना रही है। इसके अलावा, 307 नए स्वदेशी एडवांस्ड टोड आर्टिलरी गन सिस्टम (एटीएजीएस) के लिए करीब 8,500 करोड़ रुपये का अनुबंध जल्द होगा। 300 शूट-एंड-स्कूट माउंटेड गन सिस्टम और 400 वर्सेटाइल टोड आर्टिलरी गन सिस्टम की योजना पर अगले साल परीक्षण शुरू होगा। डीआरडीओ भी मिसाइलों की रेंज बढ़ाने के लिए काम कर रहा है। यह पारंपरिक प्रलय बैलिस्टिक मिसाइलों (400 किलोमीटर की रेंज) और निर्भय क्रूज मिसाइलों (1,000 किलोमीटर) की सटीकता और मारक क्षमता को बढ़ाने की दिशा में कार्यरत है।

साथ ही, हाइपरसोनिक मिसाइलों का विकास भी जारी है। लेफ्टिनेंट जनरल कुमार ने कहा कि पिनाका रॉकेट सिस्टम की रेंज को दोगुना कर 120 किलोमीटर और फिर चौगुना कर 300 किलोमीटर करने की योजना है। उन्होंने बताया कि 40-100 किलोमीटर की रेंज वाले लोइटर गोलाबारूद बनाने पर जोर दिया जा रहा है, ताकि दुश्मन की गहराई में लक्ष्यों को निशाना बनाया जा सके। अब भारत पहले 155 मिमी आर्टिलरी गोलाबारूद के लिए केवल एक उत्पादन एजेंसी पर निर्भर था, लेकिन अब सभी प्रकार के 155 मिमी गोलाबारूद का उत्पादन सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के लिए खोला जा रहा है।

# नकली और गुणवत्ता विहीन दवाइयां मृत्यु का कारण बनी



नई दिल्ली (ईएमएस)। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा नकली दवाओं को लेकर लगाए गए गंभीर आरोप लोकसभा चुनाव के पूर्व लगाए गए थे। जो सत्य साबित हो रहे हैं। सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड्स कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन (CDSCO) की जांच रिपोर्ट में 53 दवाएं परीक्षण में फेल पाई गईं हैं। जो दवाइयां परीक्षण में नकली और गुणवत्ता विहीन पाई गई हैं। उनमें ब्लड प्रेशर, एंटीबायोटिक्स, विटामिन्स और एंटीफंगल जैसी महत्वपूर्ण दवाएं शामिल हैं। इस खुलासे से पूरे देश में हड़कंप मचा है, स्वास्थ्य सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

अखिलेश यादव ने बांदा की रैली मे भाजपा पर नकली दवाओं के कारोबारियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि पहले 500 एमजी की पैरासिटामोल से बुखार उतर जाता था, अब 650 एमजी की दवा भी असर नहीं करती है। अखिलेश ने नकली दवाइयां का मामला बीजेपी के घोटालों से जोड़ते हुए इसे जनता की जान के साथ खिलवाड़ बताया था। सीडीएससीओ की जांच में हेटेरो ड्रग्स, अल्केम लेबोरेटरीज और हिंदुस्तान एंटीबायोटिक्स जैसी प्रमुख कंपनियों की दवाएं फेल पाई गईं। इन कंपनियों पर नकली दवाओं का उत्पादन करने का आरोप है। यह वही कंपनियां हैं, जो बीजेपी को भारी मात्रा में चंदा देती रही हैं। रिपोर्ट में 48 दवाएं नकली पाई गई हैं। जबकि 5 दवाओं को लेकर कंपनियों ने दावा किया है कि उनके नाम पर नकली दवाएं बेची जा रही थीं। मोदी सरकार द्वारा 2023 में जन विश्वास बिल के तहत नकली दवाएं बनाने वाली कंपनियों को जेल जाने से बचने का रास्ता साफ हो गया है। अब दवा कंपनियां जुर्माना भरकर बच सकती हैं। बीबीसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 23 प्रमुख फार्मा कंपनियों ने बीजेपी को लगभग 762 करोड़ रुपये का चंदा दिया है, जिनमें टोरेंट, सिप्ला, और सन फार्मा जैसी बड़ी कंपनियां भी शामिल हैं। इस खुलाशे के बाद विपक्षी दलों ने सरकार पर हमला तेज कर दिया है। नकली दवाओं के इस कारोबार को बंद करने की मांग की है। यह दवा घोटाला जनता के स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर खतरा बन चुका है। नकली दवाओं की जांच रिपोर्ट ऐसे समय पर आई है।

जब चुनाव चंदे को लेकर जांच की मांग की जा रही है। इससे भारतीय जनता पार्टी और केंद्र सरकार की मुसीबतें बढ़ सकती हैं।

## सनी लियोनी के साथ फिल्म में काम करने का अनुभव बहुत अच्छा था: तनुज



मुंबई (ईएमएस)। हिंदी सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री रति अग्निहोत्री के बेटे तनुज विरवानी ने मां के नक्शेकदम पर चलकर अभिनय को अपना करियर चुना। पहले वह फिल्मों में आए और फिर वेब सीरीज में काम किया। हाल ही में उन्होंने सनी लियोनी के साथ काम करने का एक्सपीरियंस शेयर किया है। तनुज विरवानी ने सनी लियोनी के साथ फिल्म वन नाइट स्टैंड में काम किया था, जो साल 2016 में रिलीज हुई थी। इस एरोटिक रोमांटिक ड्रामा में सनी और तनुज के कई बोल्ड सीन्स दिखाए गए थे। जैस्मिन डिसूजा ने फिल्म का निर्देशन किया था। 8 साल बाद अभिनेता ने सनी के साथ फिल्म के सीन्स पर चुप्पी तोड़ी है। पारस छाबड़ा के पॉडकास्ट में तनुज विरवानी ने सनी लियोनी के साथ काम करने के अनुभव को बहुत अच्छा बताया है। उन्होंने कहा कि उनकी सनी के साथ अच्छी ट्यूनिंग है। उन्होंने सनी लियोनी के सेंस ऑफ ह्यूमर की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, उनका अलग ही सेंस ऑफ ह्यूमर है, जो मुझे बहुत पसंद है। तनुज विरवानी ने कहा कि फिल्म से पहले दोनों एक गाने में भी साथ काम कर चुके थे, जिसकी वजह से उनकी बॉन्डिंग और भी मजबूत दिखाई दी। फिल्म वन नाइट स्टैंड में सनी के साथ सीन्स पर एक्टर ने कहा कि उन्हें फिल्म के सीन्स याद नहीं आते थे। हालांकि, सनी के साथ बॉन्ड बहुत अच्छा था। इसलिए शो पर उन्हें बहुत मजा आया। मालूम हो कि सनी और तनुज ने एक साथ स्प्लिट्सविला सीजन 15 को होस्ट किया है। मालूम हो कि तनुज विरवानी कुछ दिन पहले ही एक बेटी के पिता बने हैं। उन्होंने एक पोस्ट के जरिए रिवील किया था कि उन्होंने एक बेटी का स्वागत किया है।

## भाजपा मंडल पदाधिकारियों की तैयारी को लेकर हुई बैठक

बरकट्ठा। बरकट्ठा में भाजपा की दिव्य कल्याण आश्रम परिसर में विधानसभा स्तरीय मंडल पदाधिकारियों की तैयारी को लेकर बैठक हुई।बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने किया। इस मौके पर विधायक अमित कुमार यादव, जिप सदस्य कुमकुम देवी, किसान मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेंद्र भाई मोदी, सुनील मेहता, कोडरमा जिला उपाध्यक्ष राजकुमार यादव, सांसद प्रतिनिधि रघुवीर महतो उपस्थित थे।बैठक आगामी दो अक्टूबर को हजारीबाग में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की होने वाली कार्यक्रम सफल बनाने को लेकर किया गया। जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलों से दो अक्टूबर को हजारीबाग ग़ांधी मैदान में आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं से भाग लेने की अपील किया। अमित यादव ने जिलाध्यक्ष को आश्वस्त किया कि बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलों से भारी संख्या में कार्यकर्ता सभा मे भाग लेंगे. इस अवसर पर बरकट्ठा मंडल अध्यक्ष परमेश्वर साव, विवेक किशोर, मंडल अध्यक्ष अजय सिंह, वीरेंद्र राणा, विजय कुमार, महेश अग्रवाल, मुकेश यादव, बिकी मंडल, राजकुमार साव, समेत अन्य कई लोग मौजूद रहे।

बीसीसीएल BCCL Bharat Coking Coal Limited
भारत कोकिंग कोल लिमिटेड
(एक मिनीरत्न कम्पनी)
(कोल इण्डिया लिमिटेड का एक अंग)
आज़ादी का अमृत महोत्सव
G20

सूचना

भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (भा.को.को.लि.) के द्वारा सामानों, कार्यों एवं सेवाओं को प्राप्त करने के लिए निर्गत की गयी सभी निविदाएं भा.को.को.लि. के वेबसाईटः-"www.bcclweb.in" कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टलः- "https://coalindiatenders.nic.in" एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टलः- "https://e-procure.gov.in" पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त इन्हें जीईएम पोर्टलः- "https://gem.gov.in" के दवारा भी प्राप्त किए जाते हैं।
यह उन सभी खुली (घरेलू / वैश्विक ) निविदाओं पर लागू होते हैं जो कि सीआईएल के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल के माध्यम से निर्गत होते हैं।
यह सूचना बीसीसीएल की वेबसाइट www.bcclweb.in पर भी उपलब्ध है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### एलिवेटेड रोड के डिजाइन में नई दिक्कत

पटना (ईएमएस)। यहां अनीसाबाद से दीदारगंज तक बनने वाले करीब 26 किमी लंबे एलिवेटेड रोड के डिजाइन में नई दिक्कत आ गई है। इसकी वजह मेट्रो लाइन की क्रॉसिंग है। वहां से एलिवेटेड रोड को क्रॉस कराने में तकनीकी पेच फंस गया है।एनएचएआई द्वारा नियुक्त कंसल्टेंट को समझ में नहीं आ रहा है कि एलिवेटेड रोड को पिलर पर बनी मेट्रो लाइन के ऊपर या नीचे से निकालें। इसे सुलझाने के लिए एनएचएआई के अधिकारी और इंजीनियर अब आईआईटी एक्सपर्ट से मदद लेने पर मंथन कर रहे हैं। आईआईटी पटना, खड़गपुर और कानपुर के इंजीनियरों और विशेषज्ञों से बातचीत चल रही है।जल्द ही किसी टीम को बुलाकर प्रोजेक्ट का नया एलाइनमेंट तैयार करवाया जाएगा। अनीसाबाद और दीदारगंज के बीच न्यू बाइपास बना था। शहर का विस्तार होने के बाद यह बाइपास अब शहर के बीच में है। इस वजह से लोकल गाड़ियों का भी दबाव रहता है। इस कारण बाइपास पर हमेशा जाम लगा रहता है। इसीलिए एलिवेटेड रोड बनने का निर्णय लिया है। इसके बनने के बाद लोकल गाड़ियां नीचे से चलेंगी। बाहर की गाड़ियां एलिवेटेड रोड से निकल जाएंगी। परियोजना निदेशक का कहना है कि एलिवेटेड रोड बनाने के लिए डीपीआर और फाइनल डिजाइन बनाने का काम चल रहा है। कंसल्टेंट को इसके एलाइनमेंट को ठीक करने की जिम्मेदारी दी गई है। जल्द ही डिजाइन फाइनल कर निर्माण एजेंसी का चयन करेंगे।

### चोरों ने ज्वेलरी दुकान में किया हाथ साफ

पटना (ईएमएस)। यहां के गौरीचक थाना क्षेत्र के हरीचरण मार्केट में चोरों के गिरोह ने बीती रात एक ज्वेलरी दुकान में भीषण चोरी की है। चोरों ने दुकान का शटर तोड़ तिजोरी में रखे लाखों रुपए के जेवरात और कैश गायब कर दिया। दुकानदार ने कहा कि चोर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा का डीवीआर भी उखाड़ कर ले गए।घटना के बाद दुकानदार ने इसकी शिकायत गौरीचक थाना में की है। गौरीचक थाना प्रभारी ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि लिखित आवेदन में 50 ग्राम सोना और 10 किलो चांदी के जेवरात व 20 हजार नगद चोरी की शिकायत की है। लोगों ने कहा कि पिछले कई दिनों से इस इलाके में चोरी की घटनाएं हो रही हैं। आसपास के लोगों ने कहा कि सबसे बड़ी बात तो यह है कि यह दुकान पटना गया मुख्य मार्ग के सेंट्रल बैंक से कुछ दूरी पर है। इसके अलावा यहां से थाने की दूरी काफी कम है। फिर भी चोरों ने चोरी कर ली है। लोगों ने आरोप लगाया कि इस इलाके में रात्रि पुलिस गश्ती काफी कम होती है। गश्ती के लिए निकले पुलिस पदाधिकारी वाहनों से पैसा वसूलते हैं। इसका फायदा चोर उठाते हैं। दुकानदार ने कहा कि रात के वक्त दुकान बंद कर वो अपने घर चले गए थे। सुबह किसी ने उन्हें फोन कर बताया कि उनकी दुकान का शटर टूटा है। जब वह पहुंचे तो दुकान की तिजोरी से लाखों रुपए के जेवरात और कैश रुपए गायब थे।

### बिहार में मिले करीब 3 हजार डेंगू मरीज

पटना (ईएमएस)। बिहार में डेंगू का प्रकोप लगातार बढ़ता ही जा रहा है। राज्य में डेंगू पीड़ितों की संख्या करीब 3 हजार और पटना में 1 हजार 445 हो गई है। सबसे अधिक कंकड़बाग और पाटलिपुत्र में 13-13 मरीज मिले हैं। अजीमाबाद में 6, बांकीपुर में 3, संपतचक में 3, फुलवारी में एक, फतुहा में 2, दानापुर में एक मरीज मिला है। एनएमसीएच में 12 डेंगू मरीज भर्ती है। अधीक्षक ने कहा कि ठीक होने पर 5 मरीजों को डिस्चार्ज भी कर दिया है। भर्ती मरीजों को मेडिकेटेड मच्छरदानी में रखा है। डेंगू मरीजों के लिए अस्पताल में 55 बेड रिजर्व भी हैं।

### अज्ञात बदमाशों ने गोली मार के पुजारी को किया घायल

बांका (ईएमएस)। यहां के एक गांव के घर में घुसकर बाइक सवार 2 अज्ञात बदमाशों ने एक पुजारी की कनपट्टी में गोली मार कर घायल दिया। जिसे गंभीर अवस्था में पटना रेफर किया है। घायल की पहचान पुजारी के रूप में हुई है। जो पूजा पाठ के साथ खेती-बाड़ी भी करता था।उसके बेटे ने कहा कि हम पूरे परिवार के साथ खाना खाकर देर रात घर में सोए हुए थे। मेरे पिताजी घर के दरवाजे के पास सोये हुए थे। तभी देर रात गोली चलने की आवाज सुनकर मेरा भाई हल्ला करते हुए दौड़कर बाहर निकला। फिर घर के दरवाजे के पास देखा कि उसके पिता को गोली मारकर बाइक सवार दो अज्ञात अपराधी मौके से भाग रहा था। गोली लगने के कारण वह खून से लथपथ होकर घर में गिरे थे। हल्ला सुनकर घर वाले और आसपास के लोग मौके पर दौड़ कर पहुंचे।फिर उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में देर रात भर्ती कराया। जहां डॉक्टर द्वारा इलाज करने के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए भागलपुर के एक अस्पताल रेफर कर दिया। यहां भी डॉक्टर ने इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए पटना रेफर कर दिया है। कनपट्टी में गोली लगने से पुजारी की स्थिति गंभीर है। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गोली मारने वाले अपराधियों की पहचान घर वालों द्वारा नहीं की जा सकी है। जिससे अभी अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कराया है। अपर थानाध्यक्ष ने पुलिस बलके साथ गोलीबारी घटना स्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल करते हुए आसपास के लोगों से पूछताछ की। थाना क्षेत्र में इन दिनों अपराधी बेलगाम हैं। जिसके कारण चोरी और गोलीबारी की घटनाएं बढ़ गई हैं। थानाध्यक्ष ने कहा कि आवेदन के अनुसार केस दर्ज कर पुलिस कानूनी कार्रवाई कर रही है।

### ड्राइवर को आई झपकी, खड़े ट्रक से टकराई बस, 3 की मौत, 11 घायल

कैमूर,(ईएमएस)। बिहार से उत्तरप्रदेश जा रही एक यात्री बस रविवार को खड़ी ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और जबकि 11 लोग घायल हो गए। यह हादसा कैमूर जिले के मोहनिया थाना क्षेत्र के बरहुली गांव के पास हुआ। बस में सवार यात्री गया से पिंडदान कर लौट रहे थे।जानकारी के मुताबिक बस चालक को नींद की झपकी आ गई, जिसके कारण यह दुर्घटना घटी। मृतकों में बस का कंडक्टर, एक पुजारी और एक अन्य यात्री शामिल हैं। सभी मृतक यूपी के बाराबंकी के रहने वाले थे, जो गया में पिंडदान कर लौट रहे थे। पिंडदान के बाद बस में सवार सभी लोग जगन्नाथ पुरी दर्शन कर विंध्याचल मंदिर जाने निकले थे। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे में कुछ लोगों को मामूली चोट आई है, जबकि तीन लोगों की हालत गंभीर है।मोहनिया थाना के एसएचओ शिवजी सिंह ने बताया कि खड़े ट्रक से यात्री बस टकरा गई, जिससे यह दुर्घटना घटी। घटना सुबह 5 बजे से पहले की है, बस में करीब 35 यात्री सवार थे। मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घायल माताफेर तिवारी और राजरानी पाल ने बताया कि सब लोग गया से पिंडदान कर वापस लौट रहे थे, तभी हमारी बस ट्रक से टकरा गई। तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई और कई लोग घायल हुए हैं।

### पति और बहू में अवैध संबंध के शक में सास ने की खुदकुशी

जमुई (ईएमएस)। यहां के झाझा थाना क्षेत्र के बलियोडीह गांव में तड़के एक महिला (सास) ने सल्फास की गोली खाकर खुदकुशी कर ली। बताया जाता है कि पति का बहू के साथ अवैध संबंध से तंग आकर उसने ये कदम उठाया है। मृतक महिला की पहचान संपत्तिया देवी के रूप में हुई है।संपत्तिया देवी की मौत के बाद पति व बेटा और बहू घर से फरार है। घर में सिर्फ मृतक महिला की पोती थी। लोगों ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी। तब पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए जमुई सदर अस्पताल भेज दिया।पुलिस ने घटना मौके से सल्फास की गोली भी बरामद की है। घटना को लेकर मृतक महिला की बेटी कहती है कि पापा-मम्मी से रिश्ता नहीं रखते थे। भाभी और पापा के बीच कई सालों से अवैध संबंध थे। मेरी मम्मी को पापा कुछ नहीं देते थे। खाने-पीने का समान भी मेरी मम्मी गांव में मांग कर खाती थी। कुछ दिन पहले मम्मी मेरे पास थी। कुछ महीने मम्मी यहां रही थी। मेरी मम्मी को पापा, भैया और भाभी तीनों ने मिलकर घर में बंद कर मारपीट कर जहर खिलाकर मार दिया है। मृतक महिला की पोती कहती है कि दादी ने जहर खा लिया। दादी को शक था कि मम्मी और बाबा में गलत संबंध हैं। दादी इसमें विश्वास करती थी लेकिन यह झूठ था। दादी इस बात को पूरे गांव में बता दी थी। हमने जहर छीन कर एक बार फेंक दिए था। फिर दादी बाजार से खरीदकर रात में खा लिया। दादी और पापा में झगड़ा भी हुआ था। घटना के बारे में झाझा थानाध्यक्ष ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। पुलिस टीम मौके पर पहुंच कर घटना के जांच कर रही है। फिलहाल इस मामले में आवेदन नहीं मिला है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई करेंगे।

# बराज के 56 फाटक खोले गए, अब उत्तर बिहार के लोगों को लग रहा तबाही का डर



सुपौल(ईएमएस)। बिहार में हर साल बाढ़ के प्रकोप का सामना करने वाले लोग इस बार ज्यादा चिंतित हैं। वजह है कि कोसी नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी के चलते बराज के 56 फाटक खोल दिए गए हैं, जिससे उत्तरी बिहार में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। इस साल नेपाल के त्राहि क्षेत्र में हो रही लगातार भारी बारिश ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है।शनिवार रात तक 6.81 लाख क्यूसेक पानी को छोड़ा जा गया। वर्ष 2008 के बाद से यह पहली बार है जब ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई है। इससे लोगों में दहशत और आशंका बढ़ गई है। नेपाल के त्राहि क्षेत्र में हो रही भारी बारिश ने बाढ़ की स्थिति को विकराल बना दिया है। स्थानीय मौसम विभाग के अनुसार, बारिश के चलते कोसी नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है, और इसकी रफ्तार चिंता का कारण बन गई है। स्थानीय निवासियों को कहना है कि तटबंध और पुल का रखरखाव करने वाले अधिकारी और कंपनियां इसके लिए जिम्मेदार है। नेपाल में ऊपर के पानी के साथ पत्थर-बालू भी आते हैं। लेकिन नदी की तलहटी से इसे नहीं निकाला जाता है। इस वजह से हर साल गाद जमा हो जाती है। जब बारिश के चलते पानी बढ़ता है तो ऐसा लगता है कि बाढ़ आ गई। अब इस पुल का मालिक इंसान नहीं बल्कि भगवान है। कुसहा तटबंध भी इन्हीं वजहों से टूटा था।कोसी बराज के फाटक खुलने के बाद, स्थानीय निवासियों की भीड़ जुट गई है। लोग इस नजारे को देखने के लिए इकट्ठा हो रहे हैं, और कई लोगों ने इसे अपने जीवन का सबसे भयावह दृश्य बताया है। एक स्थानीय निवासी ने कहा, मैंने पहली बार ऐसा मंजर देखा है। यह देखकर मेरी रूह कांप गई। लोगों की चिंता इस बात को लेकर है कि क्या वे इस बार भी बाढ़ के प्रकोप से सुरक्षित रह पाएंगे। बिहार के लोग हर साल बाढ़ का सामना करते हैं, लेकिन 2008 की बाढ़ ने सबसे अधिक तबाही मचाई थी। उस समय लाखों लोग प्रभावित हुए थे और करोड़ों की संपत्ति को नुकसान पहुंचा था। उस अनुभव के मद्देनजर, प्रशासन इस बार अधिक सतर्कता बरतने की कोशिश कर रहा है।

### फर्जी शिक्षक बहाली में 2 हेड मास्टर व दलाल गिरफ्तार

समस्तीपुर (ईएमएस)। यहां फर्जी शिक्षक बहाली के मामले में जांच कमेटी ने पूछताछ के बाद 2 स्कूलों के हेड मास्टर और एक दलाल को गिरफ्तार कर पुलिस को सौंप दिया है। माना जा रहा है कि जल्द ही इस मामले में और लोगों की गिरफ्तारी हो सकती है।गिरफ्तार हेडमास्टरों में प्राथमिक विद्यालय पुरुषोत्तमपुर के एचएम और प्राथमिक विद्यालय नवटोलिया के एचएम शामिल हैं। वहीं दलाल को भी नगर थाने की पुलिस ले गई। सबसे ज्यादा फर्जीवाड़ा प्राथमिक विद्यालय नवटोलिया में ही हुआ है। वहीं दूसरी तरफ गिरफ्तारी के डर से फरार फर्जी शिक्षक बिहार सरकार के शिक्षा पोर्टल पर घर से ही रोज हाजिरी बना रहे हैं। ये कौन-कौन हैं यह क्लियर नहीं है। जिसे मामला और भी गंभीर हो गया है। मामले में विभूतिपुर बीईओ को पहले ही सस्पेंड कर दिया है।

# पुरानी घटनाओं को छोड़कर आज की घटनाओं के लिए जवाबदेही तय हो

### सांसद मीसा भारती ने कुशवाहा के लगाए आरोपों पर दी प्रतिक्रिया



पटना,(ईएमएस)। पाटलिपुत्र से लोकसभा सांसद मीसा भारती ने आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव और अपने पिता के बिहार-बलात्कार संबंधी पोस्ट पर उपेंद्र कुशवाहा के बयान पर प्रतिक्रिया दी। रविवार को पटना में मीसा ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि लोग वर्तमान घटनाओं को छोड़कर 20-22 साल पुराने मुद्दों पर बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने देखा है कि आज की घटनाओं के लिए जवाबदेही तय होनी चाहिए। यह स्पष्ट है कि प्रशासन पर सीएम की पकड़ कमजोर हो रही है।मीसा ने राज्य में बाढ़ की गंभीर स्थिति पर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि बाढ़ की स्थिति गंभीर है। हम सभी ने इसे देखा है। बिहार सीएम नीतीश कुमार और उनके मंत्री इसे संभालने में जुटे होंगे, लेकिन जनता को भी यह जानना जरूरी है कि सरकार क्या कदम उठा रही है। हमें उम्मीद है कि सीएम इस मामले में गंभीर होंगे।बता दें लालू प्रसाद यादव के बिहार-बलात्कार पर किए गए पोस्ट पर उपेंद्र कुशवाहा ने कहा था कि यह बिहारी अस्मिता पर हमला है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया था कि लालू के शासनकाल में अपराधियों को संरक्षण मिलता था। आज बिहार में कोई संगठित अपराध नहीं है, जबकि आपके (लालू) के समय में स्थिति बिलकुल अलग थी। इस प्रकार बिहार की राजनीतिक स्थिति और सुरक्षा मुद्दों पर बहस जारी है, जिसमें प्रमुख दलों के नेता एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं। यह मामला राज्य की वर्तमान राजनीतिक स्थिति को दर्शाता है, जहां विपक्ष सरकार की नीतियों और कार्यों पर सवाल उठा रहा है।

# नवादा हिंसा: इलाके में पुलिस तैनात फिर भी लोग बाहर जाने से डर रहे

### टेंट में रह रहे दलित परिवार, खिचड़ी खाकर जीने को मजबूर



नवादा,(ईएमएस)। दलित बस्ती को जलाने वाली घटना के बाद आज भी स्थिति सामान्य नहीं हो पाई है। बस्ती में अब भी सुरक्षाबल तैनात हैं, और तनाव बना हुआ है। प्रशासनिक स्तर पर राहत और पुनर्वास कार्य किए जा रहे हैं। मीडिया को वहां जाने से रोका जा रहा है। घटना के बाद अब बस्ती में स्थिति काफी हद तक सुधार हुआ है। त्रिपाल और तंबू लगाकर पीड़ित लोगों के रहने की व्यवस्था की गई है। प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवार को मुआवजे के रूप में एक लाख 39 हजार 250 रुपए दिए गए हैं। स्थानीय लोग अब भी उस भयावह रात नहीं भूल पा रहे हैं। घटना के दौरान बस्ती का एक स्कूल, चर्च और कई घर पूरी तरह से जल चुके हैं।मीडिया रिपोर्ट में स्थानीय लोगों ने बताया कि घटना के बाद से वे डरे हुए हैं और घर से बाहर निकलने से भी डर रहे हैं। कुछ लोगों ने कहा कि वे अब अकेले बाहर नहीं जाते और पुलिस को सूचना देकर ही निकलते हैं। काम-धंधे ठप हो गए हैं। स्थानीय प्रशासन ने राहत के तौर पर दो वक्त का खाना और सुबह नाश्ता उपलब्ध कराया है, जिसमें खिचड़ी जैसी सादी चीजें मिल रही हैं।प्रशासन ने बस्ती में बिजली, पानी, वाशरूम और एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराई है। प्रभावित परिवारों को मुआवजा भी दिया जा चुका है लेकिन सवाल उठता है कि यह मदद कब तक जारी रहेगी और क्या इससे बस्ती के लोगों को राहत मिल पाएगी? प्रशासन ने कहा कि इस मामले को जरूरत से ज्यादा तूल दिया जा रहा है, जिससे उनकी ड्यूटी प्रभावित हो रही है। बस्ती के लोग अब भी उस रात के भय से उबरने की कोशिश कर रहे हैं, और सवाल यह है कि सरकार की यह मदद कब तक जारी रहेगी और उन्हें कब तक सामान्य स्थिति की ओर लौटने का मौका मिलेगा।

# डीएम -एसपी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण



सहरसा : सहरसा में जिलाधिकारी वैभव चौधरी और पुलिस अधीक्षक हिमांशु ने सहरसा जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और बाढ़ सुरक्षा कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने पूर्वी कोशी तटबंध के स्पर संख्या 117.20 किलोमीटर पर स्थित बाढ़ नियंत्रण कार्यों की जानकारी ली। कार्यपालक अभियंता ने उन्हें बताया कि तटबंध पूरी तरह से सुरक्षित है। डीएम ने कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया कि तटबंध का निरंतर पर्यवेक्षण किया जाए, ताकि किसी भी संभावित खतरे से निपटा जा सके। उन्होंने स्पर संख्या 116.15 का भी निरीक्षण किया और निर्धारित कार्यों को सही तरीके से अंजाम देने का निर्देश दिया।सहरसा जिले के सलखुआ प्रखंड अंतर्गत सुईश गेट का भी डीएम और पुलिस अधीक्षक ने अवलोकन किया। इस दौरान डीएम ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में सहायता उपलब्ध कराने के लिए आपदा नियंत्रण कक्ष सक्रिय रूप से काम कर रहा है। आपदा नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 06478222753 पर प्राप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिलांतर्गत बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रभावित परिवारों के लिए निःशुल्क नावों का परिचालन भी शुरू किया गया है। इसके अलावा, बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में राहत सामग्री वितरण के लिए वाहन भी रवाना किए गए हैं। नौहट्टा प्रखंड में बाढ़ से घिरे व्यक्तियों को एसडीआरएफ टीम द्वारा सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है।डीएम वैभव चौधरी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि बाढ़ की स्थिति को ध्यान में रखते हुए सभी तैयारियों को समय पर पूरा किया जाए। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्थानीय लोगों को भी सतर्क रहने की सलाह दी गई है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया दी जा सके।

### बरौनी-मुजफ्फरपुर फोरलेन का लक्ष्य दो वर्ष

बेगूसराय (ईएमएस)। यहां से होकर जाने वाली बरौनी-मुजफ्फरपुर 110 किलोमीटर लंबे फोरलेन को पूरा करने का लक्ष्य दो वर्ष का रखा गया है।एएच 122 फोरलेन निर्माण को लेकर डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट और एलाइनमेंट फाइनल हो चुका है। यह योजना कई सालों से लंबित थी। इसका सबसे ज्यादा फायदा बेगूसराय को होगा। एनएचएआई की ओर से मुख्यालय को 3 हजार करोड़ रुपए की लागत से निर्माण कार्य करने का प्राक्कलन तैयार कर भेजा गया था। इसकी मंजूरी मिल चुकी है। अब एनएचएआई टेंडर की प्रक्रिया पूरी करने में जुट गया है। इस लंबे फोरलेन को पूरा करने का लक्ष्य 2 वर्ष है।

### युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

भागलपुर (ईएमएस)। यहां एक युवक की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। हालांकि उसकी मां को इसका पता ही नहीं चला वो बेटे को बीमार समझ कर कभी उसके पैर में मालिश करती, कभी जगाने की कोशिश करती तो कभी तौलिए से मुंह पोंछती।इस मामले का खुलासा तब हुआ जब उसका दोस्त मिलने पहुंचा। उस वक्त उसकी मां बेटे की लाश के पास ही बैठी थी। वह बेटे को बीमार समझकर उसका मुंह पोंछ रही थी। रांची से विकास की दीदी ने अपनी मां को कॉल किया था। तब उसने कहा कि वह 2 दिन से लेटा है उठता ही नहीं है। उसकी बहन ने दोस्त को कॉल कर घर भेजा तो पता चला कि उसकी पहले ही मौत हो चुकी है। उसकी मां यह मानने को तैयार नहीं थी कि बेटा मर गया है। वह बार-बार उसे अस्पताल ले जाने की जिद कर रही थी। यह मामला एसबीआई एटीएम के पास का है। जहां के युवक की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। मौत के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस को पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

### राजद ने भाजपा और मुख्यमंत्री पर साधा निशाना

पटना : डिग्री और जाति के मुद्दे पर बवाल शांत हुआ और अब स्मार्ट मीटर के नाम पर रार मची है। प्रतिपक्ष नेता तेजस्वी यादव स्मार्ट मीटर के नाम पर नीतीश कुमार की सरकार और भाजपा को घेर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार स्मार्ट मीटर के नाम पर सरकारी लूट कर रही है। उन्होंने कहा कि देशभर में सबसे कम प्रति व्यक्ति आय वाले राज्य में स्मार्ट मीटर लगा बिजली दरों को दोगुना कर एवं सबसे महंगी बिजली बेच नीतीश-भाजपा सरकार बिहारवासियों पर अत्याचार कर रही है। स्मार्ट मीटर के नाम पर हो रही सरकारी लूट से हर बिहारवासी त्रस्त है। लगभग शत-प्रतिशत उपभोक्ताओं का ऐसा क्यों मानना है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उनका बिजली बिल दोगुना या डेढ़ गुणा बढ़ा है? पूरे बिहार से शिकायतें आ रही हैं कि बिजली का बिल डबल हो गया है। सरकार बतायें कि ऐसा क्यों हो रहा है? स्मार्ट मीटर में गड़बड़ी होने के कारण अगर यह मान लिया जाए कि हर घर से केवल 100 का ही फर्जीवाडा हो रहा है तो नीतीश सरकार बिहार भर के उपभोक्ताओं से हर महीने हजारों करोड़ रुपए की अवैध राशि वसूल रही है। स्मार्ट मीटर मुद्दा हर घर से जुड़ा हुआ है और हर घर से स्मार्ट मीटर के विरुद्ध आवाज आ रही है। स्मार्ट मीटर के नाम पर बिजली कंपनियों, अधिकारियों और सत्तारूढ़ नेताओं की जो मिलीभगत है उसे तुरंत समाप्त किया जाना चाहिए। बिहार इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेट्री कमीशनऔर सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन के ग़ज़ट में स्मार्ट मीटर लगाने की कोई बाध्यता नहीं है।

# किशनगंज जिले में सक्रिय है सेक्सटोर्शन गैंग

किशनगंज, (ईएमएस)। बिहार के किशनगंज जिले में सेक्सटोर्शन गैंग सक्रिय है जो युवाओं को प्रेम जाल में फंसा कर आपत्तिजनक वीडियो बना कर उनसे लाखों रुपए ठग लेता है। इस सेक्सटोर्शन गैंग में शामिल महिला सदस्य युवकों को अपने जाल में फंसा कर लाखों रुपए की डिमांड करता है। दरअसल यह मामला तब सामने आया जब एक युवक ने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट करके बताया कि जिले में सेक्सटोर्शन गैंग चल रहा है और कई नामी-गिरामी लोगों को जाल में फंसा कर लाखों की वसूली की गई है। यह वीडियो वायरल होने के बाद जब मामले की पुलिस ने पड़ताल की तो कई चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। गैंग में शामिल दो महिला सदस्यों के माध्यम से लोगों को प्रेम जाल में फंसा कर कमरे में ले जाया जाता है। कुछ देर बाद वहां गैंग में शामिल पुरुष सदस्य पहुंचते हैं और उन सभी युवक से मारपीट कर इस दौरान उनका आपत्तिजनक वीडियो बना लेते हैं। फिर आपत्तिजनक वीडियो को वायरल करने की धमकी देते हुए लाखों रुपया वसूलते हैं। इस संदर्भ में एक पीड़ित युवक द्वारा कुछ लोगों के खिलाफ पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज करवाया गया है। फ़िलहाल पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी है।

### दक्षिणेश्वरी काली मंदिर की तर्ज पर दुर्गा पूजा पंडाल बनेगा

गोपालगंज (ईएमएस)। यहां के घोष मोड़ स्थित छात्र दल कोलकाता के दक्षिणेश्वरी काली मंदिर की तर्ज पर दुर्गा पूजा पंडाल बनेगा। मूर्ति और पूजा पंडाल निर्माण में लाखों खर्च होने का अनुमान है।वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सीसीटीवी कैमरे और वालंटियर तैनात किये जायेंगे। मूर्तिकार और कारीगर दशहरा को लेकर अपने काम को पूरा करने में दिन-रात लगे हैं। बंगाल समेत विभिन्न स्थानों से पहुंचे मूर्तिकार व पंडाल निर्माणकर्ताओं की टोली भी अपने काम में जुटी है। शहर के व्यस्ततम इलाके घोष मोड़ के पास बन रहे पूजा पंडाल का इतिहास बहुत पुराना है। इसकी शुरुआत वर्ष 1948 में की गई थी। डॉ घोष परिवार ने सबसे पहले इसकी शुरुआत की थी लेकिन वर्ष 1978 में छात्र दल नाम से एक पूजा समिति बनाई गई। तब से समिति इसकी व्यवस्था में लगी है। छात्र दल पूजा पंडाल एक बार फिर से अपनी भव्यता से लोगों को आकर्षित करने में जुटा है।

# पुरखों को मोक्ष दिलाने को विदेशी तीर्थयात्री पहुंचे गया

गया : गया के गयाजी धाम में सनातन धर्म के लोगों का पितृपक्ष मेला चरम पर है। बीते 17 सितंबर से भगवान विष्णु की मोक्ष नगरी गयाजी में मेले की धूम है। देश-दुनिया के कोने-कोने से प्रतिदिन भारी संख्या में सनातनी अपने पुरखों का पिंडदान करने के लिए गया धाम आ रहे हैं। अब तक करीब 10 लाख तीर्थयात्री गयाजी आ चुके है। साथ ही पिंडवेदियों के आने का सिलसिला जारी है। इस बीच सात समुंदर पार से विदेशी तीर्थयात्री भी अपने पुरखों का पिंडदान करने के लिए शनिवार की रात गया पहुंचे। विदेशी तीर्थयात्री भगवान शिव की नगरी वाराणसी होते हुए भगवान विष्णु की नगरी मोक्ष धाम गयाजी पहुंचे हैं। जानकारी के मुताबिक, विदेश से कुल आठ की संख्या में तीर्थयात्री गयाजी आए हैं। सभी विदेशी तीर्थयात्री अलग-अलग अलग देश के हैं। गयाजी पहुंचने के बाद विदेशी तीर्थयात्रियों ने शनिवार की रात विष्णुपद, देवघाट और सीताकुंड परिसर का भ्रमण किया। इस दौरान बारिश होती रही, लेकिन बीच विदेशी तीर्थयात्री घूमते रहे।बताया जा रहा है कि विदेशी तीर्थयात्रियों में महिलाएं साड़ी पहनी हुई थीं। वे माथे से आंचल को गिरने नहीं दे रहीं थीं। इस दौरान वे काफी उत्सुक और जिज्ञासु भी नजर आ रहीं थीं। बताया जा रहा है कि विदेशी तीर्थयात्रियों के समूह में रूस, यूक्रेन और अफ्रीका के लोग हैं, जो अपने पुरखों का पिंडदान करेंगे। सोमवार को विदेशी श्रद्धालु देवघाट पर पूर्वजों के निमित्त कर्मकांड करेंगे। इससे पहले वे रविवार को बोधगया जाएंगे और भगवान बुद्ध के दर्शन करेंगे। अगले दिन सोमवार को भगवान श्री हरि विष्णु के चरणों में नतमस्तक होंगे। इन विदेशी तीर्थयात्रियों के पूर्वजों का अर्पण तर्पण और श्राद्ध से जुड़े कर्मकांड को आचार्य लोकनाथ गौड़ कराएंगे। जबकि इनके पंडा गजाधर लाल धोकड़ी होंगे। आचार्य लोकनाथ गौड़ ने बताया कि सभी विदेशी श्रद्धालु गया धाम पहुंच चुके हैं। उनके पुरखों के पिंडदान और श्राद्धकर्म की तैयारी की जा रही है। सोमवार को देवघाट, विष्णुपद, अक्षयवट और सीताकुंड पिंडवेदी पर पिंडदान होगा। जब यह पूछा गया कि विदेशी तीर्थयात्री सभी ईसाई हैं, फिर क्यों सनातन धर्म के अनुसार पिंडदान करने क्यों आए हैं? उन्होंने कहा कि सभी सनातन धर्म से प्रभावित हैं और उन्होंने अपने पूर्वजों का पिंडदान करने की इच्छा जाहिर की थी। उसे पूरा करने के लिए आज गयाजी पहुंचे है। उन्होंने कहा कि पितृपक्ष मेला के दौरान इनके अलावा भी अलग-अलग देशों से विदेशी अपने पुरखों का पिंडदान करने गया धाम आ रहे हैं।

### भूमि सर्वे: दस्तावेजों के लिए अधिक समय देने के निर्देश

पटना (ईएमएस)। बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने राजस्व और भूमि सुधार विभाग को जमीन के चल रहे सर्वे को समय पर पूरा करने और भूमि स्वामित्व के बारे में सेल्फ डिक्लरेशन के लिए लोगों को अधिक समय देने का निर्देश दिये हैं। विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीएम ने कहा कि लोगों को भूमि स्वामित्व से संबंधित दस्तावेज जमा करते समय किसी कठिनाई का सामना नहीं करना चाहिए।नीतीश कुमार ने कहा कि चल रही भूमि सर्वेक्षण प्रक्रिया समय पर पूरी होनी चाहिए। विभाग को भूमि स्वामियों को स्व-घोषणा जमा करने के लिए अधिक समय देना चाहिए। इसके अलावा म्यूटेशन और जमाबंदी रजिस्टर जैसे अन्य कार्यों को समानांतर जारी रखा जाना चाहिए। वरिष्ठ अफसरों को राज्य में चल रहे सर्वेक्षण कार्यों का नियमित निरीक्षण करना चाहिए। मुख्यमंत्री के ये निर्देश ऐसे समय में आए हैं जब यह अटकलें हैं कि सरकार जमीन पर स्तर पर बाधाओं को देखते हुए सर्वेक्षण की समयसीमा बढ़ा सकती है। सरकार इस प्रक्रिया को पूरा करने के लिए 2025 तक की समय सीमा को लेकर चल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विशेष सर्वेक्षण और निपटान का मुख्य उद्देश्य राज्य में भूमि विवादों के मामलों को कम करना है। सरकार ने भूमि विवादों के मामलों को कम करने के लिए कई कदम उठाए हैं। बैठक में कई मंत्री व मुख्य सचिव भी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### कार्यकर्ता संगठन की जमीनी स्तर पर मजबूत पकड़ करने पर ध्यान दें : नड्डा

नई दिल्ली,(ईएमएस)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने तेलंगाना में पार्टी की संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने पार्टी के सांसदों, विधायकों और अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ सदस्यता अभियान की स्थिति की जानकारी ली। बीजेपी की तेलंगाना इकाई के महासचिव कसम वेंकटेश्वरलू ने बताया कि नड्डा ने पार्टी नेताओं को राज्य में 2028 में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए सदस्यता अभियान को मजबूत आधार बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अगले 15 दिनों में अभियान को और सक्रिय बनाकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी से जोड़ने की कोशिश की जाए। तेलंगाना में पिछले विधानसभा चुनावों में बीजेपी ने 119 सीटों में से 8 सीटें जीती थीं। इस प्रकार, लोकसभा चुनाव में भी पार्टी को समान सफलता मिली। नड्डा ने बीजेपी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे आगामी विधानसभा चुनावों के लिए संगठन के जमीनी स्तर पर पकड़ मजबूत करने पर ध्यान दें, ताकि राज्य में बीजेपी की स्थिति को और मजबूत किया जा सके। बीजेपी की ओर से सदस्यता अभियान को आगामी चुनावों की रणनीति का एक अहम हिस्सा माना जा रहा है, जिसमें जमीनी स्तर पर पार्टी की उपस्थिति बढ़ाने और जन समर्थन जुटाने पर विशेष जोर दिया गया है।

### किसी में ताकत नहीं जो बंद कर दे माझी लाड़की बहिन : सीएम शिंदे

#### कुछ सौतेले भाई इसे बंद कराने खटखटा रहे है कोर्ट का दरवाजा

मुंबई,(ईएमएस)। महाराष्ट्र सीएम एकनाथ शिंदे ने एक कार्यक्रम में कहा कि राज्य सरकार की माझी लाड़की बहिन योजना को बंद करने की किसी में ताकत नहीं है। उन्होंने यह भी वादा किया कि यदि सत्तारूढ़ गठबंधन सरकार फिर से महाराष्ट्र में सत्ता में आती है, तो इस योजना के तहत दी जाने वाली 1500 रुपए की मासिक राशि को और बढ़ाया जाएगा। सीएम शिंदे ने यह बयान शनिवार को बालासाहेब ठाकरे स्मृति उद्यान के उद्घाटन के अवसर पर दिया। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि कुछ सौतेले भाई योजना को बंद करने का प्रयास कर रहे हैं और जनता को उनसे सावधान रहना होगा। शिंदे ने कहा कि विपक्ष ने योजना को बाधित करने के लिए कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाया था, लेकिन उनकी सरकार इसे जारी रखेगी और इसे बंद करने की किसी में हिम्मत ताकत नहीं है। शिंदे ने कहा कि उनकी सरकार का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना है और वह चाहेंगे कि राज्य की सभी बहनें आर्थिक रूप से सशक्त बनें। उन्होंने इस योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह महिलाओं को लखपति बनाना चाहते हैं। उद्धव ठाकरे और उनकी पूर्व सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जब विपक्ष सत्ता में था, तब इस तरह की कोई मदद महिलाओं को नहीं दी जाती थी। शिंदे के इस बयान से यह साफ हो गया है कि सरकार इस योजना को लेकर गंभीर है और इसे और प्रभावी बनाने के लिए कदम उठा रही है।

### सीमा पार से लाई गई हेरोइन और हथियार बरामद

अमृतसर,(ईएमएस)। पंजाब पुलिस की एसएसओसी को सीमा पार से मादक पदार्थ की तस्करी के खिलाफ एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। राज्य विशेष संचालन सेल (एसएसओसी) अमृतसर ने रविवार को सीमा पार हेरोइन तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ किया है और 6 किलोग्राम हेरोइन, 67 जिंदा कारतूस, 2 मैगजीन, 6 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि इस संबंध में एनडीपीएस अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है।

### ड्रायवर को आई झपकी, खड़े ट्रक से टकराई बस, 3 की मौत, 11 घायल

कैमूर, (ईएमएस)। बिहार से उत्तरप्रदेश जा रही एक यात्री बस रविवार को खड़ी ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और जबकि 11 लोग घायल हो गए। यह हादसा कैमूर जिले के मोहनिया थाना क्षेत्र के बरहूली गांव के पास हुआ। बस में सवार यात्री गया से पिंडदान कर लौट रहे थे। जानकारी के मुताबिक बस चालक को नींद की झपकी आ गई, जिसके कारण यह दुर्घटना घटी। मृतकों में बस का कंडक्टर, एक पुजारी और एक अन्य यात्री शामिल हैं। सभी मृतक यूपी के बाराबंकी के रहने वाले थे, जो गया में पिंडदान कर लौट रहे थे। पिंडदान के बाद बस में सवार सभी लोग जगन्नाथ पुरी दर्शन कर विंध्याचल मंदिर जाने निकले थे। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे में कुछ लोगों को मामूली चोट आई है, जबकि तीन लोगों की हालत गंभीर है। मोहनिया थाना के एएसआई शिवजी सिंह ने बताया कि खड़े ट्रक से यात्री बस टक्कर गई, जिससे यह दुर्घटना घटी। घटना सुबह 5 बजे से पहले की है, बस में करीब 35 यात्री सवार थे। मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घायल माताफेर तिवारी और राजरानी पाल ने बताया कि सब लोग गया से पिंडदान कर वापस लौट रहे थे, तभी हमारी बस ट्रक से टकरा गई। तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई और कई लोग घायल हुए हैं।

### पुरानी घटनाओं को छोड़कर आज की घटनाओं के लिए जवाबदेही तय हो

#### सांसद मीसा भारती ने कुशवाहा के लगाए आरोपों पर दी प्रतिक्रिया

पटना,(ईएमएस)। पाटलिपुत्र से लोकसभा सांसद मीसा भारती ने आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव और अपने पिता के बिहार-बलात्कार संबंधी पोस्ट पर उपेंद्र कुशवाहा के बयान पर प्रतिक्रिया दी। रविवार को पटना में मीसा ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि लोग वर्तमान घटनाओं को छोड़कर 20-22 साल पुराने मुद्दों पर बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने देखा है कि आज की घटनाओं के लिए जवाबदेही तय होनी चाहिए। यह स्पष्ट है कि प्रशासन पर सीएम की पकड़ कमजोर हो रही है। मीसा ने राज्य में बाढ़ की गंभीर स्थिति पर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि बाढ़ की स्थिति गंभीर है। हम सभी ने इसे देखा है। बिहार सीएम नीतीश कुमार और उनके मंत्री इसे संभालने में जुटे होंगे, लेकिन जनता को भी यह जानना जरूरी है कि सरकार क्या कदम उठा रही है। हमें उम्मीद है कि सीएम इस मामले में गंभीर होंगे। बता दें लालू प्रसाद यादव के बिहार-बलात्कार पर किए गए पोस्ट पर उपेंद्र कुशवाहा ने कहा था कि यह बिहारी अस्मिता पर हमला है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया था कि लालू के शासनकाल में अपराधियों को संरक्षण मिलता था। आज बिहार में कोई संगठित अपराध नहीं है, जबकि आपके (लालू) के समय में स्थिति बिलकुल अलग थी। इस प्रकार बिहार की राजनीतिक स्थिति और सुरक्षा मुद्दों पर बहस जारी है, जिसमें प्रमुख दलों के नेता एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं। यह मामला राज्य की वर्तमान राजनीतिक स्थिति को दर्शाता है, जहां विपक्ष सरकार की नीतियों और कार्यों पर सवाल उठा रहा है।

### दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस-वे सड़क हादसे में स्कूटी चालक सहित तीन की मौत

#### वहीं मसूरी थानाक्षेत्र में दो पक्षों में मारपीट, छह लोग घायल

गाजियाबाद (ईएमएस)। दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस-वे (डीएमई) पर रविवार तड़के दर्दनाक हादसे में स्कूटी चालक सहित तीन की मौत हो गई। तीनों एक ही स्कूटी पर सवार थे। प्रतिबंध के बावजूद डीएमई पर वे सुबह करीब सवा तीन बजे स्कूटी पर दिल्ली से मेरठ की ओर जा रहे थे। पुलिस के मुताबिक दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे पर दिल्ली से मेरठ जाने वाले लेन पर हवाहवाई रेस्तरां के पास एक स्कूटी में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे स्कूटी सवार तीन युवकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान दिल्ली के त्रिलोकपुरी बी-32/ 414 में रहने वाले बिट्टू उर्फ विकास, त्रिलोकपुरी के ही अंशु उर्फ मनमोहन पुत्र प्रदीप सिंह और व दिल्ली के न्यू अशोक नगर स्थित डी-161 के विपिन भट्ट के रूप में हुई है। तीनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उधर मसूरी थानाक्षेत्र स्थित एनएच-9 पर रोडरेज में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। दोनों पक्षों की तरफ से जमकर लात-घूंसे व डंडे चले। झगड़े में दोनों पक्षों के छह लोग घायल हुए। इस दौरान एनएच-9 पर जाम लग गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्ष के छह लोगों को गिरफ्तार किया।

# महिलाओं की तस्वीर दिखाकर होती है स्लीपर बसों में बुकिंग

## पुलिस भी हैरान, बसों में चल रहा ऐसा काम ऑपरेटर हैं जिससे अंजान




नई दिल्ली, (ईएमएस)। हमारे देश में बसों का सफर भी सामान्य अकसर लोग एक जगह से दूसरे जगह जाने के लिए बसों से सफर करते हैं। अगर आप भी इंटरसिटी बसों में सफर करते हैं हो जाइए सावधान क्योंकि चेन्नई से बेंगलुरु जाने वाली स्लीपर बसों को लेकर सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस को सूचना मिली कि इस रूट पर चलने वाली इंटरस्टेट बसों में देह व्यापार चल रहा है। पुलिस को जैसे ही इसकी सूचना लगी तो तुरंत एक्शन लिया गया। जांच की गई तो पता चला कि बस में चल रहा था था गंदा खेल।

पूरे मामले के खुलासा उस समय हुआ जब चेन्नई से बेंगलुरू जा रही स्लीपर बस में यात्रियों को अपने ऊपर वाली बर्थ से अजीब आवाजें सुनाई दीं। उन्होंने तुरंत ही इसकी शिकायत की। हालांकि, रात में मामला शांत हो गया। अगले दिन जब बस कर्मचारियों ने गाड़ी की जांच की तो इसमें इस्तेमाल किए गए कंडोम मिले। इससे बस के अंदर चल रहे काम का खुलासा हुआ। तुरंत ही सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने भी ऐसी शिकायतों की पुष्टि की। चेन्नई से बेंगलुरु, कोच्चि, हैदराबाद और कोयम्बटूर जाने वाली स्लीपर बसों में देह व्यापार का धंधा फल-फूल रहा है लेकिन अभी तक कोई पकड़ा नहीं गया है। पुलिस के मुताबिक, ग्राहक और एजेंट एन्क्रिप्टेड चैट ऐप के जरिए बात करते हैं। एजेंट इसी ऐप से ग्राहक को महिलाओं की तस्वीरें दिखाकर बुकिंग करते हैं। फिर दो हजार रुपए से 10 हजार रुपए प्रति ट्रिप का भुगतान यूपीआई के जरिए लिया जाता है। ये लोग अक्सर स्लीपर बसों के ऊपरी डेक की आखिर में डबल बर्थ बुक करते हैं। महिलाएं और उनके ग्राहक एक साथ बस में चढ़ते हैं, जिससे बस कर्मचारियों को उन पर शक नहीं होता। वह उन्हें रोक भी सकते हैं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि कई बार जब ऐसे जोड़ों से पूछताछ की गई, तो उन्होंने खुद को बालिग और सहमति से ऐसा करने का दावा किया। जानकारी के मुताबिक कुछ बस ऑपरेटर अकेले यात्रा करने वाली महिलाओं को डबल बर्थ बुक करने की अनुमति नहीं देते हैं। पुलिस का कहना है कि शहरों के बीच चलने वाली बसों का पीछा करना उनके लिए मुश्किल होता है क्योंकि उनकी टीम पहले से ही लॉज, स्पा और सर्विस अपार्टमेंट जैसे जगहों पर छापेमारी में व्यस्त रहती है। जहां पहले सालाना औसतन 150 से ज्यादा मामले दर्ज होते थे।

# देश में हेल्थ सर्विसेज़ हो रही महंगी हर साल 14 फीसदी बढ़ रहा खर्च

## दिल्ली में बढ़ रहे किडनी के मरीज, कोलकाता-मुंबई हार्ट अटैक में टॉप पर



नई दिल्ली,(ईएमएस)। देश में हेल्थ सर्विसेज़ की लागत हर साल 14 फीसदी बढ़ रही है। एको इंडिया हेल्थ इंश्योरेंस इंडेक्स 2024 में यह खुलासा हुआ है। एक रिपोर्ट के मुताबिक लोग अस्पतालों का बिल 23 फीसदी रुपया उधार लेकर चुका रहे हैं। 62 फीसदी खर्च का भुगतान लोगों को अपनी जेब से करना पड़ता है, जिससे परिवारों पर फाइनैंसियल दबाव बढ़ रहा है। रिपोर्ट में हेल्थ खर्चों से बचाव के लिए बेहतर हेल्थ सर्विसेज़ कवरेज की जरूरतों पर जोर दिया गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि दिल्ली देश में किडनी रोग की राजधानी के रूप में उभरी है। यहां किडनी से संबंधित स्वास्थ्य बीमा दावे सबसे ज्यादा हैं। इंडेक्स में यह भी पाया गया कि दिल्ली के बाद, किडनी रोग के लिए सबसे ज्यादा दावे कोच्चि से किए गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली एनसीआर में किडनी से जुड़ी समस्याएं सबसे ज्यादा हैं। कोच्चि, सिकंदराबाद, बेंगलुरु और जयपुर में भी इन दावों का हिस्सा नैशनल औसत से ज्यादा था। किडनी और गुर्दे की समस्याओं वाले रोगियों की औसत आयु 47 साल है, जो एक अहम स्वास्थ्य चिंता का विषय है। गौरतलब है कि पिछले साल किडनी से जुड़ी समस्याओं के लिए इंडेक्स के मुताबिक सबसे बड़ा बिल 24,73,894 रुपए का था। यह ऐसी स्थितियों में मेडिकल खर्चों को दिखाता है। किडनी के अलावा, रिपोर्ट में हार्ट डिजीज़ सहित अन्य गंभीर बीमारियों के बारे में चर्चा की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कोलकाता और मुंबई में हार्ट से जुड़ी बीमारियों के लिए सबसे ज़्यादा क्लेम किए जाते हैं। हार्ट मामले में अस्पताल में भर्ती होने वालों में सबसे ज्यादा मरीज़ 31 से 50 साल के होते हैं और इनकी संख्या में हर साल इजाफा हो रहा है।

## रास्ता सुनसाल है मैं अकेली हूं मुझे डर लग रहा है प्लीज मेरी मदद कीजिए

### कंट्रोल रुम में आया फोन स्पाट पर पहुंची पुलिस, लड़की को देख रह गई दंग

आगरा,(ईएमएस)। यूपी के आगरा में पुलिस कंट्रोल रूम पर एक लड़की का फोन आया वह मदद की गुहार लगा रही थी वह पुलिस से कह रही थी कि वह सुनसान रास्ते पर अकेली खड़ी हैं। पुलिस कंट्रोल रूम ने लड़की से कहा वहीं रहें। 15 मिनट में आपके पास मदद पहुंच जाएगी। आनन-फानन में पुलिस टीम लड़की के पास पहुंची तो लड़की को देख पुलिस सकते में आ गई। फोन करने वाली लड़की कोई और नहीं, पुलिस कमिश्नरेट में तैनात सहायक पुलिस कमिश्नर सुकन्या शर्मा थीं। पुलिस वाले समझ नहीं पा रहे थे कि आखिर उनके साथ ऐसा क्यों किया गया? कुछ देर बाद पता चलता है कि यह पुलिस की टेस्ट रिपोर्ट थी। यह वाकया रात 11:30 बजे का है। सहायक पुलिस आयुक्त सुकन्या शर्मा ने पुलिस सहायता का रिस्पांस टेस्ट किया था। टेस्ट में पाया गया कि 15 मिनट का समय दिया गया था और सहायता 15 मिनट में पहुंच गई। टेस्ट रिपोर्ट में सब कुछ सही मिला। यह टेस्ट रिपोर्ट विशेष कारणों से की गई थी। आगरा में वूमेन सेफ जोन बनाए जाने हैं। वूमेन सेफ जोन बनाने के लिए पुलिस आयुक्त के रविंदर गौड ने एक गाइडलाइन भी जारी की है। गाइडलाइन में स्पष्ट आदेश है कि रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक यदि कोई महिला को वाहन नहीं मिल रहा है और वह रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड या घर जाना चाहती है तो वह पुलिस कंट्रोल रूम नंबर 112 पर फोन कर हेल्प मांग सकती है। हेल्प मांगने वाली महिला के पास पुलिस मौके पर पहुंचेगी। उसे जहां जाना होगा, वहां का किराया संबंधित महिला अथवा युवती को अदा करना होगा।

## दहेज प्रताड़ना मामले में झूठे व गोलमोल आरोपों की गहन जांच जरुरी : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, (ईएमएस)। दहेज प्रताड़ना के एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने महिला द्वारा अपने ससुराल वालों के खिलाफ दायर किए गए मुकदमे को खारिज कर दिया और कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा लगाए गए आरोप स्पष्ट नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मामले में उसने क्रिमिनल प्रोसिजर का गलत इस्तेमाल किया और ससुराल वालों को प्रताड़ित करने के लिए गलत नियत से दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया। महिला ने अपनी सौतेली सास, सौतेले देवर और ससुर आदि के खिलाफ इस मामले में दहेज प्रताड़ना और धमकी का केस दर्ज कराया था। सुप्रीम कोर्ट ने पहले के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि कोर्ट की यह ड्यूटी है कि वह आरोपों की सही तरह से जांच करे और तब ज्यादा सजग रहे जब आरोप अफसोसजनक और दुर्भावनापूर्ण लगाए गए हों। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि महिला ने अपने ससुराल वालों पर आरोप लगाया था कि उन्होंने उसके साथ क्रुएल्टी की है। साथ ही उन्हें धमकी दी है कि उन्हें संपत्ति आदि से बेदखल कर दिया जाएगा। मामले में केस दर्ज कराया गया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एफआइआर में शिकायत सामान्य है और अस्पष्ट है। मैटेरियल का भी अभाव है। इस मामले में आरोपियों ने पहले हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन बॉम्बे हाईकोर्ट ने दहेज प्रताड़ना समेत अन्य मामलों में दर्ज केस और कार्रवाई को खारिज करने से मना कर दिया था। महिला के ससुराल वालों ने इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। कोर्ट के जस्टिस पीएस नरसिम्हा की बेंच ने कहा कि इस मामले में शिकायती महिला ने अपने ससुराल वालों के खिलाफ जो शिकायत की थी वह गलत नियत से की गई थी। यह सब उन्हें प्रताड़ित करने के लिए किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि यह एक यूनिक एफआईआर है, क्योंकि महिला ने अपने पति को आरोपी नहीं बनाया है। मामला दहेज के लिए प्रताड़ना का है, जिसमें महिला ने शिकायत की थी, लेकिन पति का नाम नहीं लिया। ट्रायल कोर्ट ने इस मामले में महिला द्वारा की गई घरेलू हिंसा की शिकायत को खारिज कर दिया था।

## महिलाओं की तस्वीर दिखाकर होती है स्लीपर बसों में बुकिंग, पुलिस भी हैरान

### बसों में चल रहा ऐसा काम ऑपरेटर हैं जिससे अंजान

नई दिल्ली,(ईएमएस)। हमारे देश में बसों का सफर भी सामान्य अकसर लोग एक जगह से दूसरे जगह जाने के लिए बसों से सफर करते हैं। अगर आप भी इंटरसिटी बसों में सफर करते हैं हो जाइए सावधान क्योंकि चेन्नई से बेंगलुरु जाने वाली स्लीपर बसों को लेकर सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस को सूचना मिली कि इस रूट पर चलने वाली इंटरस्टेट बसों में देह व्यापार चल रहा है। पुलिस को जैसे ही इसकी सूचना लगी तो तुरंत एक्शन लिया गया। जांच की गई तो पता चला कि बस में चल रहा था था गंदा खेल। पूरे मामले के खुलासा उस समय हुआ जब चेन्नई से बेंगलुरू जा रही स्लीपर बस में यात्रियों को अपने ऊपर वाली बर्थ से अजीब आवाजें सुनाई दीं। उन्होंने तुरंत ही इसकी शिकायत की। हालांकि, रात में मामला शांत हो गया। अगले दिन जब बस कर्मचारियों ने गाड़ी की जांच की तो इसमें इस्तेमाल किए गए कंडोम मिले। इससे बस के अंदर चल रहे काम का खुलासा हुआ। तुरंत ही सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने भी ऐसी शिकायतों की पुष्टि की। चेन्नई से बेंगलुरु, कोच्चि, हैदराबाद और कोयम्बटूर जाने वाली स्लीपर बसों में देह व्यापार का धंधा फल-फूल रहा है लेकिन अभी तक कोई पकड़ा नहीं गया है। पुलिस के मुताबिक, ग्राहक और एजेंट एन्क्रिप्टेड चैट ऐप के जरिए बात करते हैं। एजेंट इसी ऐप से ग्राहक को महिलाओं की तस्वीरें दिखाकर बुकिंग करते हैं। फिर दो हजार रुपए से 10 हजार रुपए प्रति ट्रिप का भुगतान यूपीआई के जरिए लिया जाता है। ये लोग अक्सर स्लीपर बसों के ऊपरी डेक की आखिर में डबल बर्थ बुक करते हैं। महिलाएं और उनके ग्राहक एक साथ बस में चढ़ते हैं, जिससे बस कर्मचारियों को उन पर शक नहीं होता। वह उन्हें रोक भी सकते हैं।

# भाजपा तोड़ना चाहती है, लेकिन हरियाणा वाले कभी हिम्मत नहीं हारते

## केजरीवाल ने जनसभा में साझा किए अपने अनुभव और किए वादे



गुरुग्राम,(ईएमएस)। गुरुग्राम के बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र में आम आदमी पार्टी (आप) के प्रत्याशी बीर सिंह की जनसभा में पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने अपनी यात्रा के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि वे पिछले पांच महीने जेल में रहे, जहां उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का ध्यान नहीं रखा गया। केजरीवाल ने कहा, मैं शुगर का मरीज हूं, और जेल में 15 दिन से मेरी इंसुलिन के इंजेक्शन बंद कर दिए गए थे। ये लोग मुझे हिम्मत तोड़ना चाहते थे, लेकिन मैं हरियाणा का हूं और हरियाणा वाले कभी हिम्मत नहीं हारते। अपने भाषण में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा की जनता को आश्वास्त किया कि यदि उनकी सरकार बनती है, तो बिजली मुफ्त होगी। उन्होंने दिल्ली का उदाहरण पेश करते हुए कहा, दिल्ली में 24 घंटे फ्री बिजली, नो पावर कट और जीरो बिल आते हैं। साथ ही, उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि वह दिल्ली के सरकारी स्कूलों के सफल मॉडेल को देखकर उनके खिलाफ साजिश कर रही है। केजरीवाल ने यह भी कहा कि उनकी सरकार ने दिल्ली में 12 लाख बच्चों को रोजगार दिया है और हरियाणा में भी ऐसा ही करने का वादा किया। हम हरियाणा का बकाया बिजली बिल फ्री करेंगे, स्कूल और अस्पताल बनाएंगे, और बिना रिश्वत के रोजगार देंगे, उन्होंने कहा।

### जनता में भरोसा जगाया

केजरीवाल की नीति और बातें सुन जनसभा में मौजूद लोगों ने जोश दिखाया, इस तरह से जनता में भरोसा जगाने में वो कामयाब दिखे हैं। केजरीवाल ने भरोसे के साथ कहा कि यह सुनिश्चित करें कि हरियाणा में कोई भी सरकार आम आदमी पार्टी के सहयोग के बिना नहीं बने। केजरीवाल ने मोदी सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा, कि पीएम मोदी ने पिछले 10 सालों में भारत के युवाओं को कुछ नहीं दिया। भाजपा नेताओं से पूछें कि क्या उन्होंने उनके जीवन में समृद्धि लाई है। जनसभा में आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता और अन्य नेता भी उपस्थित थे।

## पिता ने रोते हुए कहा- सीनियर्स की वजह से गई मेरी लाडली की जान

### खुशबू और प्रियंका द्वारा खाना मंगवाने के बाद हुआ था विवाद

झांसी (ईएमएस)। झांसी के नवोदय विद्यालय की 9वीं कक्षा की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। यह घटना बरुआसागर थाना क्षेत्र के नवोदय विद्यालय की है, जहां 14 वर्षीय अनुष्का पटेल ने उत्पीड़न से परेशान होकर यह कदम उठाया। अनुष्का का शव स्कूल के हॉस्टल की सीढ़ियों की रेलिंग पर दुपट्टे के फंदे से लटका हुआ मिला। पुलिस इसे आत्महत्या का मामला मान रही है, लेकिन इसके पीछे की वजह उत्पीड़न बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, दो अन्य छात्राएं खुशबू और प्रियंका अनुष्का को परेशान कर रही थीं, जिससे वह मानसिक तनाव में थी। अनुष्का ने इस बारे में अपने पिता को भी बताया था लेकिन शाम को जब तक कोई मदद पहुंच पाती, उसका शव हॉस्टल की रेलिंग पर लटका हुआ मिला। शिक्षकों ने तुरंत उसे मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अनुष्का के पिता जयहिंद पटेल ने बताया कि उनकी बेटी ने तीन बार फोन करके अपनी परेशानी साझा की थी। वह रो रही थी और सीनियर लड़कियों खुशबू और प्रियंका द्वारा परेशान किए जाने की शिकायत कर रही थी। अनुष्का का परिवार 100 किलोमीटर दूर रहता है, और वहां पहुंचने में दो घंटे का समय लगता है। पिता ने अगले दिन स्कूल जाने का निर्णय लिया था, लेकिन तब तक यह दुखद घटना घट चुकी थी। अनुष्का के पिता के अनुसार, सीनियर छात्राओं ने अनुष्का से खाना मंगवाया था, जब वह मेस से खाना लेकर आई तो सीनियर लड़कियों ने उसे डांटते हुए कहा कि वह कम खाना क्यों लाई है। यह छोटी-सी बात अनुष्का के लिए बहुत भारी पड़ी, क्योंकि वह डर गई थी और अपनी शिक्षिका से भी शिकायत नहीं करना चाहती थी। सीनियर लड़कियों ने उसे धमकी भी दी थी। अनुष्का के पिता का आरोप है कि उनकी बेटी आत्महत्या नहीं कर सकती, बल्कि उसे सीनियर छात्राओं ने ही फांसी लगाई है। पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है और फॉरेंसिक टीम द्वारा साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। पुलिस अधिकारी के अनुसार, अब तक की जांच में यह पता चला है कि अनुष्का और सीनियर छात्राओं खुशबू और प्रियंका के बीच विवाद हुआ था, जिसे अनुष्का ने अपने माता-पिता को भी बताया था।

# संपादकीय

## कोयलांचल संवाद

## इजराइल के खौफ से सारी दुनिया सहमी संयुक्त राष्ट्र संघ और हाथी के दांत

इजराइल का खौफ सारी दुनिया में छा गया है। संयुक्त राष्ट्र संघ जैसी संस्था भी इजराइल के सामने अपने आप को वेबश मान रही है। संयुक्त राष्ट्र संघ के युद्ध विराम के निर्देश को इजराइल ने नहीं माना। संयुक्त राष्ट्र संघ की बैठक से बाहर निकलने के तुरंत बाद लेबनान में हिजबुल्लाह के मुख्यालय में भारी बमबारी कर एक नए युद्ध का शंखनाद इजराइल ने कर दिया है। हिजबुल्ला के प्रमुख सैयद हसन नसरुल्लाह के साथ कई लोग इस हमले में मारे गए। हिजबुल्ला का मुख्यालय शहरी इलाके में था। 80 टन बारूद के बमों से हमले किए गए। 40 फ़ीसदी बेरूत बर्बाद हो गया है। हजारों लोगों की मौत हो गई है। यहां के लोगों को सड़कों पर आकर रहना पड़ रहा है। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने जिस तरह से संयुक्त राष्ट्र संघ के मंच से लेबनान को तबाह करने की धमकी देते हुए विश्व जनमत को न केवल हतप्रभ किया था। वरन लेबनान पर हमला करके जो तबाही बेरूत में मचाई है, उसके बाद सारी दुनिया के देश इजराइल से खौफजदा हो गए हैं। इजराइल और हमास का युद्ध जब से शुरू हुआ है। उसके बाद लेबनान के साथ भी इजराइल का युद्ध शुरू हो गया है। तब से लेकर अभी तक लगभग 80000 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। 13 मई 2024 को संयुक्त राष्ट्र संघ की जो रिपोर्ट प्रकाशित हुई थी। उसके अनुसार 35000 से ज्यादा लोग गाजा पट्टी में सामान्य नागरिक एवं हमास के लोग मारे जा चुके थे। इनमें से 7797 नाबालिग बच्चे, 4959 महिलाएं और 19924 बुजुर्गों की पहचान की गई थी। इजराइल ने अस्पताल और राहत शिविरों में भी लगातार बमबारी की। रेड क्रॉस जैसी संस्था औचित्यहीन हो गई। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने जिस तरह की चेतावनी अभी हिज्बुल्लाह संगठन को लेकर दी है, वैसी ही चेतावनी कई माह पहले उन्होंने हमास को लेकर दी थी। जिस तरह का नरसंहार इजराइल द्वारा किया जा रहा है। उसके बाद अब नर पिसाच के रूप में भी नेतन्याहू की पहचान सारी दुनिया में बनने लगी है। इजराइल ने जिस तरह से लेबनान में सिल-सिलेबार इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में धमाके कराकर हिजबुल्लाह के लड़ाकुओं को अपने निशाने पर लिया। यह युद्ध का एक नया तरीका था। इजराइल ने लेबनान में करीब 5000 से अधिक पेजर में ब्लास्ट कराकर हजारों हिजबुल्लाह के लडाकुओं को एक साथ समाप्त कर दिया। कई स्थानों पर वॉकी-टॉकी में भी विस्फोट हुए। इसके बाद सारी दुनिया के देशों में इजराइल को लेकर एक नई दहशत फैल गई है। इजराइल ने पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह से इलेक्ट्रॉनिक और संचार उपकरणों के माध्यम से जासूसी और ट्रैकिंग का एक जाल बिछाया है। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को अब हथियार बनाकर इजराइल द्वारा जो हमले किए जा रहे हैं। इस युद्ध की नवीन तकनीकी से इजराइल के सहयोगी देश भी दहशत में आ गए हैं। अमेरिका जैसा देश भी इजराइल से भयभीत हो गया है। यह सब आश्चर्यचकित करने वाला है। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहु के पास जो ताकत है, उसके बाद से वह अपनी ताकत को लेकर मदमस्त हैं। वह सारी दुनिया को अपनी उंगलियों में नचाने की मुद्रा में आ गए हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ में उन्होंने जो कहा है। उससे ऐसा ही प्रतीत हो रहा है। सारी दुनिया के देश यह समझने में लगे हैं। इजराइल के पास ऐसी कौन सी ताकत है, जिसके कारण इजराइल सारी दुनिया के देशों के लिए एक चुनौती बन गया है। इजराइल के प्रधानमंत्री जिस तरह से ईरान और अन्य देशों को खुलेआम धमकी दे रहे हैं। उसके बाद से सारी दुनिया के देशों में एक अज्ञात भय देखने को मिल रहा है। ईरान के राष्ट्रपति को अज्ञात स्थान पर भेज दिया गया है। इजराइल ने जिस तरह से संचार माध्यमों को अपना हथियार बनाया है। बहुत कम खर्चे में हजारों किलोमीटर दूर बैठकर अपने विरोधियों को खत्म करने की जो नई तकनीकी इजराइल के पास है। उससे सारी दुनिया में भय फैल गया है। यह पागलपन इजराइल के लिए भी संकट का कारण बन सकता है। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू के सिर में जिस तरह का खून सवार है। वह अपने और परायों का भी भेद नहीं कर पा रहे हैं। अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र संघ की बात भी नहीं मान रहे हैं। ऐसी स्थिति में दुनिया के देश तबाही के नए कगार पर आकर खड़े हैं। इजराइल के संकट से निपटने के लिए दुनिया के कई देश एकजुट होकर इजराइल का मुकाबला करने के लिए तैयार होते दिख रहे हैं। एक बार फिर सारी दुनिया में तृतीय विश्व युद्ध जैसे हालात बनते हुए दिख रहे हैं। इसमें कितनी तबाही होगी, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है। पिछले 100 सालों में दुनिया के देशों में जो सामाजिक और आर्थिक विकास हुआ है। तकनीकी के इस दौर में, उसे किस स्तर तक बचा के रखा जा सकता है। यह एक बड़ी चुनौती दुनिया के देशों के सामने आकर खड़ी हो गई है। जब लड़ाई होती है, तो दोनों ही पक्षों को भारी नुकसान होता है। निश्चित रूप से लड़ाइयों से किसी का फायदा होने वाला नहीं है। इजराइल की अर्थव्यवस्था दिनों-दिन खत्म होती जा रही है। इजराइल के नागरिकों का जीवन नारकीय हो गया है। इस युद्ध से इजराइल को क्या मिलेगा, यह कहना मुश्किल है। इजराइल के राष्ट्राध्यक्ष के रूप में नेतन्याहू को ताकत का जो अहंकार आ गया है, उसे वह जरूर पूरा होता हुआ मान रहे होंगे। दुनिया के सामने सबसे ताकतवर व्यक्ति नेतन्याहू बनना चाहते हैं। अभी तक तो उन्हें सफलता मिलती जा रही है। जो जीता वही सिकंदर की तर्ज पर नेतन्याहू ने इतिहास में अपना एक नया नाम दर्ज कर लिया है। इसमें कोई संदेह नहीं है।

## धर्मनिरपेक्षताः पश्चिमी या आधुनिक?

**राम पुनियानी**

भारत का स्वाधीनता संग्राम बहुवादी था और उसका लक्ष्य था धर्मनिरपेक्ष एवं प्रजातान्त्रिक मूल्यों की स्थापना। यह हमारे संविधान की उद्देशिका से भी जाहिर है, जिसमें स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व जैसे मूल्यों को स्थान दिया गया है। संविधान के कई अनुच्छेदों का लक्ष्य सामाजिक न्याय की स्थापना है। समानता से आशय है हर नागरिक - चाहे उसकी जाति, लिंग या धर्म कोई भी हो - को समान दर्जा देना। संविधान के अधिकांश प्रावधान धर्मनिरपेक्षता के मूल्यों पर आधारित हैं। 'धर्मनिरपेक्षता' - यह शब्द उद्देशिका में नहीं है मगर धर्मनिरपेक्षता, संविधान की नींव है, उसका निचोड़ है। संविधान का मसविदा डॉ आंबेडकर ने तैयार किया था, मगर उसके निर्माण में अलग-अलग राजनैतिक ताकतों ने भूमिका निभायी थी। संविधान को 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया था। हिन्दू राष्ट्रवादियों ने संविधान का इस आधार पर विरोध किया कि वह हमारे पवित्र ग्रंथों में निहित लैंगिक और जातिगत पदक्रम के चिरकालिक मूल्यों को प्रतिबिंबित नहीं करता। आरएसएस के मुखपत्र द आर्गेनाइजर ने 19 नवम्बर 1949 को लिखा, "हमारे संविधान में प्राचीन भारत की अद्वितीय सांविधानिक विकास यात्रा के भी कोई निशान नहीं हैं। स्पार्टा के लाइकर्जस या फारस के सोलन से भी काफ़ी पहले मनु का क़ानून लिखा जा चुका था। आज भी मनुस्मृति की दुनिया तारीफ़ करती है। भारतीय हिंदुओं के लिए तो वह सर्वमान्य व सहज स्वीकार्य है, मगर हमारे सांविधानिक पंडितों के लिए इस सब का कोई अर्थ नहीं है।" हिन्दू राष्ट्रवादी हमारे धर्मनिरपेक्ष, प्रजातान्त्रिक गणतंत्र को हिन्दू राष्ट्र बताते रहे हैं और यह शाखाओं में दिए जाने वाले प्रशिक्षण का हिस्सा था और है। भारत की सरकारें धर्मनिरपेक्ष नीतियों पर चलने का प्रयास करती रहीं हैं और धार्मिक अल्पसंख्यकों के हितार्थ कई सकारात्मक कदम उठाये गए हैं। शाहबानो मामले में गलत निर्णय लेने के बाद से, दक्षिणपंथियों की ताकत बढनी शुरू हुई। वे धर्मनिरपेक्षता का मजाक उड़ने के लिए उसे 'छद्म' कहने लगे और 'सिक्युलर' जैसे शब्द इस्तेमाल करने लगे। उसके बाद संविधान को बदलने की मांग उठी। पहले वाजपेयी सरकार ने भारत के संविधान की समीक्षा के लिए वेकटांचलैया आयोग बनाया। उसने अपनी सिफारिशें भी प्रस्तुत कर दीं मगर उनका इतना विरोध हुआ कि उन्हें ठन्डे बस्ते में डाल दिया गया। के। सुदर्शन ने सन 2000 में आरएसएस का सरसंघचालक बनने के बाद कहा कि भारत का संविधान पश्चिमी मूल्यों पर आधारित है और उसकी जगह ऐसे संविधान को लेनी चाहिए जो भारतीय पवित्र पुस्तकों पर आधारित हो। भाजपा के कई बड़े नेताओं ने संविधान को बदलने को अपनी मुख्य मांग बना लिया। अनंतकुमार हेगड़े उनमें से एक थे। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारतीय संविधान को बदले जाने की ज़रुरत है। हाल में हुए लोकसभा आमचुनाव (2024) में 'अबकी पार चार सौ पार' का नारा इसी लिए दिया गया था ताकि नई सरकार संविधान बदलने की स्थिति में रहे। और एक कारण जिसके चलते भाजपा को चुनाव में नुकसान उठाना पड़ा वह यह था कि इंडिया गठबंधन के नेताओं ने संविधान की प्रति अपने हाथ में पकड़कर यह कहना शुरू कर दिया कि उनका प्राथमिक लक्ष्य संविधान की रक्षा करना है। इसी पृष्ठभूमि में हाल में तमिलनाडु के राज्यपाल आर।एन। रवि का एक वक्तव्य सामने आया है।

# कहीं बलि की बकरी न बन जाएँ सीतारमण

**राकेश अचल**

| लेबनान में नसरल्लाह की मौत और जम्मू-कश्मीर तथा हरियाणा के चुनावी शोरगुल में एक बड़ी खबर दबकर रह गयी । ये खबर बहुचर्चित इलेक्टोरल बांड से जुड़ी है । इस खबर के मुताबिक बेंगलुरु में चुने हुए प्रतिनिधियों के लिए नामित मैजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश के बाद इलेक्टोरल बॉन्ड के मुद्दे पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और प्रवर्तन निदेशालय के ख़िलाफ़ जबरन वसूली और आपराधिक साज़िश का मुक़दमा दर्ज कर लिया गया है। निर्मला सीतारमण जी इस देश की सबसे सबल और निर्मल वित्तमंत्री हैं। वे रक्षा मंत्री तो अच्छी साबित नहीं हुईं किन्तु बतौर वित्तमंत्री उन्होंने भाजपा की नयी और पुरानी सरकार के लिए ऐसे-ऐसे सीताराम बजट बनाये की सरकार की बल्ले-बल्ले हो गयी और जनता आह भी नहीं भर पायी, जबकि उसके हिस्से में सिवाय मंहगाई और करों के बोझ के अलावा कुछ नहीं आया । वे माननीय नरेंद्र दामोदर दास मोदी मंत्रिमंडल की पहली महिला सदस्य हैं जिनके खिलाफ कोई मामला दर्ज किया गया है। दरअसल ये मुकदमा तो बिट्टू के खिलाफ होना चाहिए था। उन्होंने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गाँधी को देश का आतंकी नंबर वन कहा था।

आपको बता दूँ कि कोर्ट ने ये फ़ैसला आदर्श अय्यर की याचिका पर सुनाया था. आदर्श जनाधिकार संघर्ष परिषद (जेएसपी) के सह-अध्यक्ष हैं. उन्होंने मार्च में स्थानीय पुलिस को एक शिकायत दी थी जिस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। कोर्ट के आदेश के अगले ही दिन यानी शनिवार दोपहर करीब तीन बजे एफ़आईआर दर्ज की गई। जेएसपी एक ऐसी संस्था है जो शिक्षा का अधिकार क़ानून और बाक़ी मुद्दों से जुड़ी समस्याओं को उठाती रही है। कोर्ट ने अपना काम कर दिया है,अब आगे का काम पुलिस को करना है।

सब जानते हैं कि निर्मला जी बेहद ईमानदार ,वफादार और तेज-तर्रार वित्त मंत्रीं ह। ये बात अलग है कि उनके फैसलों और उनके बनाये बजटों से उनके अपने पति भी खुश नहीं होते,देश कि जनता के खुश होने कि बात तो दूर की बात है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने का फ़ैसला किया था। निर्मला सीतारमण ने कहा था कि चुनाव लड़ने के लिए उनके पास पैसों की कमी है और आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु जैसे दक्षिण के राज्यों में जीत के लिए जो मानदंड होते हैं, उन पर वह खरी नहीं उतरती हैं। उनकी बात पर यकीन करना मुश्किल है क्योंकि उनकी ही वजह से पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण जेटली के इस प्रस्ताव के जरिये सरकार इलेक्टोरल बांड के जरिये 6 हजार करोड़ से ज्यादा का चुनावी चंदा जुटाने में कामयाब हुई थी ।

यदि आप अपनी याददाश्त पर जोर डालें तो आपको याद आ जाएगा कि इलेक्टॉरल बॉन्ड या चुनावी बॉन्ड 2017 में शुरुआत से लेकर 15 फरवरी 2024 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा असंवैधानिक घोषित किए जाने तक भारत में राजनीतिक दलों के लिए फंडिंग का एक तरीका था। इनकी समाप्ति के बाद, मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की पीठ ने भारतीय स्टेट बैंक को दानकर्ताओं और प्राप्तकर्ताओं की पहचान और अन्य विवरण भारत के चुनाव आयोग को सौंपने का निर्देश दिया, जिसे चुनाव आयोग ने अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित किया।माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने इलेक्टोरल बंद को असाम्वीधनीक तो घोषित कर दिया था लेकिन न बांड से मिले धन को राजसात करने के बारे में कुछ कहा और न किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।

जहाँ तक मुझे याद है कि एक अनुमान के अनुसार, मार्च 2018 से अप्रैल 2022 तक की अवधि के दौरान 9,857 करोड़ के मौद्रिक मूल्य के बराबर कुल 18,299 चुनावी बांड का सफलतापूर्वक लेन-देन किया गया। बाद में 7 नवंबर 2022 को चुनावी बॉन्ड योजना में संशोधन किया गया, ताकि किसी भी विधानसभा चुनाव वाले वर्ष में बिक्री के दिनों को 70 से बढ़ाकर 85 किया जा सके। चुनावी बॉन्ड (संशोधन) योजना, 2022 पर निर्णय गुजरात और हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनावों से कुछ समय पहले लिया गया था, जबकि दोनों राज्यों में आदर्श आचार संहिता लागू की गई थी।

ख़ुशी की बात ये है कि जो काम देश कि सर्वोच्च अदालत करना भूल गयी थी उसे बेंगलूर कि एक अधीनस्स्थ अदालत ने पूरा कर दिखाया। अब केंद्र के सर्वविदित हथियार ईडी और सबसे ईमानदार मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण के खिलाफ पुलिस में बाकायदा एफआईआर दर्ज की गयी है । आप कह सकते हैं कि अब आया है ऊँट पहाड़ के नीचे। अब यदि पुलिस ईमानदारी से फुर्ती के साथ मामले कि जांच कार आरोपियों को अदालत कि दहलीज पर ला खड़े करे तो एक बड़ा काम हो जाये। कायदे से तो श्रीमती निर्मला सीतारामण जैसी ईमानदार मंत्री को ये एफआईआर दर्ज होते ही नैतिकता के आधार पर अपने पद से इस्तीफा देते हुए राजनीति से सन्यास कि घोषणा कर देना चाहिए ,लेकिन ऐसा होगा नहीं। नैतिकता से सीता जी का और उनकी पार्टी से दूर-दूर का रिश्ता नहीं है। निर्मला जी बलि कि मकरी बन रहीं है। उन्होंने तो जानबूझकर कुछ किया नहीं, जो उनसे पार्टी और सरकार ने कहा वो उन्होंने किया। वे और कर भी क्या सकती थीं । वे अपने खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद इस्तीफा दे सकतीं है लेकिन उनकी पार्टी और उनकी सर्कार के नेता ही उन्हें इस्तीफा देने नहीं देंगे।

इलेक्टोरल बांड के जरिये धन वसूली के मामले में सीता जी और ईडी के निदेशक ही नहीं बल्कि इस मामले में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और कर्नाटक बीजेपी अध्यक्ष बीवाई विजेंद्र को भी आरोपी के तौर पर नामित किया गया है बल्कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष बीवाई विजेंद्र को भी आरोपी के तौर पर नामित किया गया है ,कर्नाटक में कांग्रेस कि सरकार ह। कांग्रेस कि सरकार हहै तो एपीआई पुलिस को सक्रिय कर इस मामले में सीता जी और ईडी के निदेशक कि गिरफ्तारी करा सकती है ,लेकिन कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया अभी खुद भ्रष्टाचार के एक मामले में उलझे हुए हैं।

सीता जी और ईडी प्रमुख के खिलाफ एफआईआर होने के मुद्दे का लाभ कांग्रेस और दूसरे दल हरियाणा और जम्मु-कश्मीर के विधानसभा चुनावोंमें शायद न उठा पाए लेकिन विपक्ष को मौक़ा हैकि महाराष्ट्र विधानसभा के चुनावों में वो इस मुद्दे पर सरकार और भाजपा को घेर। फ़िलहाल हमारी सहानुभूति श्रीमती निर्मला सीतारमण और ईडी के निदेशक के साथ है।

# नोबेल पुरस्कार विजेता -वैज्ञानिक सर नेविल फ्रांसिस मॉट

**संजय गोस्वामी**

**जन्मदिन 30 सितंबर पर विशेष**

सर नेविल फ्रांसिस मॉट का जन्म 30 सितंबर, 1905, लीड्स, वेस्ट यॉर्कशायर, इंग्लैंड में हुआ उन्होंने पुरस्कार और सम्मान में नोबेल पुरस्कार (1977) कोपले मेडल (1972) जीता उनका अध्ययन विषय अनाकार ठोस विद्युत चुंबकत्व थानेविल फ़्रांसिस मॉट (1905 - 1996) एक ब्रिटिश भौतिक विज्ञानी थे। उन्होंने रदरफोर्ड की प्रयोगशाला में टकराव सिद्धांत और परमाणु समस्याओं पर काम किया। 1933 में वे ब्रिस्टल और एच।डब्ल्यू। में सैद्धांतिक भौतिकी के अध्यक्ष के पास गये। सर नेविल एफ। मॉट (जन्म 30 सितंबर, 1905, लीड्स, वेस्ट यॉर्कशायर, इंजी।-मृत्यु 8 अगस्त, 1996, मिल्टन कीन्स, बकिंघमशायर) एक अंग्रेजी भौतिक विज्ञानी थे, जिन्होंने (संयुक्त राज्य अमेरिका के पी।डब्ल्यू। एंडरसन और जेएच वैन वेलेक के साथ) 1977 का नोबेल पुरस्कार साझा किया था। गैर-क्रिस्टलीय, या अनाकार, अर्धचालकों के चुंबकीय और विद्युत गुणों पर अपने स्वतंत्र शोध के लिए उन्हें भौतिकी में नोबेल पुरस्कार मिला । मॉट ने कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से बीए (1927) और एमए (1930) की डिग्री प्राप्त की। वे 1933 में ब्रिस्टल विश्वविद्यालय में सैद्धांतिक भौतिकी के प्रोफेसर बने। ब्रिस्टल में ठोस-अवस्था भौतिकी में उनके काम में धातुओं और मेटलॉइड्स, अर्धचालक और फोटोग्राफिक इमल्शन का अध्ययन शामिल था। 1938 में मॉट ने परमाणु स्तर पर फोटोग्राफिक इमल्शन पर प्रकाश के प्रभावों का एक सैद्धांतिक विवरण विकसित किया। 1954 में वे कैंब्रिज विश्वविद्यालय में प्रायोगिक भौतिकी के कैवेंडिश प्रोफेसर बने और 1971 में सेवानिवृत्त हुए। माइकल फैराडे (बाएं) अंग्रेजी भौतिक विज्ञानी और रसायनज्ञ (विद्युत चुंबकत्व) और जॉन फ्रेडरिक डैनियल (दाएं) ब्रिटिश रसायनज्ञ और मौसम विज्ञानी जिन्होंने डैनियल सेल का आविष्कार किया था। विभिन्न धातुओं में विद्युत चालन पर मॉट के शोध ने उन्हें 1960 के दशक में अनाकार सामग्रियों की चालन क्षमता का पता लगाने के लिए प्रेरित किया, तथाकथित क्योंकि उनकी परमाणु संरचना अनियमित या अव्यवस्थित है। उन्होंने ऐसे सूत्र विकसित किए जो वर्णन करते हैं कि कांच और अन्य अनाकार सामग्री विद्युत प्रवाहकीय (धातु) अवस्था और इन्सुलेशन (गैर-धातु) अवस्था के बीच कर सकते हैं, जिससे अर्धचालक के रूप में कार्य किया जा सकता है। यह कांच जैसी सामग्री, जो निर्माण के लिए अपेक्षाकृत सरल और सस्ती है, ने अंततः कई इलेक्ट्रॉनिक स्विचिंग और मेमोरी उपकरणों में अधिक महंगे क्रिस्टलीय अर्धचालकों को प्रतिस्थापित कर दिया, और अधिक किफायती व्यक्तिगत कंप्यूटर, पॉकेट कैलकुलेटर, कॉपी मशीन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को जन्म दिया। मॉट को 1962 में नाइट की उपाधि दी गई थी।स्किनर और एच।

जोन्स के प्रभाव में धातुओं और अर्धचालकों के गुणों पर ध्यान केंद्रित किया। युद्ध से पहले उनके ब्रिस्टल काल के दौरान किए गए कार्यों में संक्रमण धातुओं का सिद्धांत, सुधार, मिश्र धातुओं का सख्त होना (नवारो के साथ) और फोटोग्राफिक अव्यक्त छवियां (गुर्नी के साथ) शामिल थीं। युद्ध के दौरान लंदन में सैन्य अनुसंधान के बाद, वह ब्रिस्टल में भौतिकी विभाग के प्रमुख बने, और कम तापमान ऑक्सीकरण (कैब्रेरा के साथ) और धातु-इन्सुलेटर संक्रमण पर पत्र प्रकाशित किए।सर 1954 में उन्हें भौतिकी का कैवेंडिश प्रोफेसर नियुक्त किया गया, इस पद पर वे 1971 तक रहे और कई सरकारी और विश्वविद्यालय समितियों में कार्यरत रहे।चुंबकीय और अव्यवस्थित प्रणालियों, विशेष रूप से अनाकार अर्धचालकों की इलेक्ट्रॉनिक संरचना पर उनके काम के लिए उन्हें 1977 में भौतिकी का नोबेल पुरस्कार मिला था। यह पुरस्कार उन्होंने फ़िलिप डब्ल्यू एंडरसन और जेएच वान वेलेक के साथ साझा किया था, जिस शोध के लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया वह 1965 के आसपास शुरू हुआ। उनकी कुछ प्रमुख पुस्तकें हैं द थ्योरी ऑफ एटॉमिक कोलिजन्स (एच।एस।डब्ल्यू। मैसी के साथ), इलेक्ट्रॉनिक प्रोसेसेस इन आयनिक क्रिस्टल्स (आर।डब्ल्यू। गुर्नी के साथ) और इलेक्ट्रॉनिक प्रोसेसेस इन नॉन-क्रिस्टलीय मैटेरियल्स (ईए डेविस के साथ)। भौतिकी अनुसंधान के अलावा, उन्होंने यूके में विज्ञान शिक्षा में सुधार में अग्रणी भूमिका निभाई, उन्होंने 1965 में कैम्ब्रिज में पगवॉश बैठक की अध्यक्षता भी की। वह 1798 से बोर्ड के अध्यक्ष और अब वैज्ञानिक प्रकाशक टेलर एंड फ्रांसिस लिमिटेड के अध्यक्ष थे। वह 1959-66 तक अपने कैम्ब्रिज कॉलेज (गोनविले और कैयस) के मास्टर थे। वह 1951 से 1957 तक इंटरनेशनल यूनियन ऑफ फिजिक्स के अध्यक्ष रहे और उनके पास लिंकोपिंग में डॉक्टर ऑफ टेक्नोलॉजी सहित बीस से अधिक मानद डिग्रियां थी । 1930 में उन्होंने रूथ एलेनोर हॉर्डर से शादी की जिससे उनकी दो बेटियां और तीन पोते-पोतियां, एम्मा, एडमंड और सिसली क्रैम्पिन हैं। उस समय वे दस सालों से अपने दामाद और परिवार के साथ पास के गांव एस्प्ले गुइस में रहें ।

इस अवधि के दौरान उन्होंने एक आत्मकथा ए लाइफ इन साइंस (टेलर और फ्रांसिस) और धर्म-विज्ञान इंटरफ़ेस कैन साइंटिस्ट्स बिलीव (जेम्स एंड जेम्स, लंदन), व कई वैज्ञानिक पत्रों के साथ, मुख्य रूप से उन 3 वर्षों में उन्होंने उच्च तापमान वाले सुपरकंडक्टर्स पर शोध की । नोबेल व्याख्यान से, भौतिकी 1971-1980, संस्करण स्टिग लुंडक्विस्ट, विश्व वैज्ञानिक प्रकाशन कंपनी, सिंगापुर, 1992 के पुस्तक में उनके कार्यों के बारे में उल्लेख किया है यह आत्मकथा/जीवनी पुरस्कार के समय लिखी गई थी और पहली बार लेस प्रिक्स नोबेल पुस्तक श्रृंखला में प्रकाशित हुई थी। यह बाद में संपादित और नोबेल व्याख्यान में पुनर्प्रकाशित किया गया था। व उनका निधनः 8 अगस्त, 1996, मिल्टन कीन्स, बकिंघमशायर (उम्र 90) में हुआ लेकिन उनके वैज्ञानिक कार्यों हेतु आज भी लोग याद करते हैं।

# आदिवासी अधिकारवाले पेसा कानून पर गरमाई राजनीति

**कुमार कृष्णन**

लंबे जन संघर्ष के बाद 1996 में देश में पंचायत के प्रावधान (अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार) अधिनियम, जिसे पेसा के नाम से जाना जाता है, लागू हुआ। मध्य प्रदेश के झाबुआ से सांसद रहे दिलीप सिंह भूरिया की अध्यक्षता में समिति बनी थी, उसकी अनुशंसा पर ही यह मॉडल कानून बना था। इस क़ानून के अनुसार, पांचवीं अनुसूची के क्षेत्रों में पंचायती राज व्यवस्था को आदिवासी समुदायों के गांव, समाज, पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था और संस्कृति के अनुरूप लागू किया जाना है। अनुसूचित क्षेत्र ऐसे स्थान हैं जहां मुख्य रूप से आदिवासी समुदायों का वर्चस्व है। ये क्षेत्र 73वें संविधान संशोधन या पंचायती राज अधिनियम के अंतर्गत नहीं आते थे। पेसा अधिनियम का उद्देश्य भारतीय संविधान के भाग IX के प्रावधानों को अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तारित करना है। यह पंचायतों और ग्राम सभाओं को इन क्षेत्रों में स्वशासन की प्रणाली को लागू करने में सक्षम बनाता है।पांचवीं अनुसूची आदिवासियों की स्वशासन प्रणाली के संरक्षण और उनके सामाजिक, आर्थिक व राजनैतिक विकास के लिए संवैधानिक ढांचा देती है।पेसा स्पष्ट रूप से कहता है कि आदिवासी समुदाय की समझ एवं परंपरा के अनुसार 'गांव' को परिभाषित किया जाना है।गांव की ग्राम सभा, जिसमें गांव के सभी मतदाता सदस्य होंगे, ही सामुदायिक संपत्तियों जैसे जल, जंगल, ज़मीन आदि की मालिक होगी। गांव में किसी प्रकार का भी विकास का कार्य ग्राम सभा की अनुमति से ही किया जाएगा।ग्राम सभा का निर्णय और राय सर्वोच्च माने जाएंगे।

यह अधिनियम अनुसूचित क्षेत्र में एक गांव के लिए ग्राम सभा की स्थापना की अनुमति देता है। प्रत्येक ग्राम सभा एक स्वायत्त निकाय के रूप में कार्य करेगी जो अनुसूचित क्षेत्र के कुछ पहलुओं, विशेष रूप से संसाधन प्रबंधन करती है। यह अधिनियम ग्राम पंचायतों को उन मामलों पर निर्णय लेने की भी अनुमति देता है जो सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन के साथ-साथ लघु वन उपज, भूमि और छोटे जल निकायों से संबंधित हैं। जिसे अनुसूचित क्षेत्रों में बंधुआ मजदूरी की प्रथा के उन्मूलन के लिए प्रवासी मजदूरों का रिकॉर्ड भी रखने का भी अधिकार देता है।देश के सात आदिवासी बहुल राज्यों ने इसे लागू कर दिया है।इसमें ग्राम सभा को अधिकार दिये जाने का प्रावधान है। झारखंड में होनेवाले विधानसभा चुनाव से पहले एक बार फिर आदिवासियों के अधिकार को लेकर पेसा एक्ट, 1996 यानी पंचायत एक्सटेंशन टू शिड्यूल एरिया का मामला गरमाने लगा है।कई जगह नारा गुंजने लगा है- पहले पेसा कानून फिर वोट, नहीं पेसा कानून तो नहीं वोट। राज्यपाल संतोष गंगवार भी कह चुके हैं कि राज्य में पेसा कानून लागू करने की जरूरत है। वहीं झारखंड दौरे पर आयी राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्या ने कहा कि आने वाले समय में राज्य सरकार झारखंड में पेसा कानून लागू करें। झारखंड में आदिवासियों की जमीन गैर आदिवासियों को हस्तांतरित हो रही है।झारखंड में इस प्रकार का अन्याय नहीं होना चाहिए।गांव के गांव खाली हो गए हैं।उन्होंने कहा कि देश के 10 राज्यों में पेसा कानून लागू है, लेकिन झारखंड में नहीं।

हालांकि आदिवासी बुद्धिजीवी मंच पी-पेसा एक्ट के तहत नियमावली की बात कर रहा है। यहां पी— पेसा में पी का मतलब उन 23 प्रावधान से है, जो अनुसूचित क्षेत्रों को विशेष अधिकार देता है।

यह मामला इसलिए भी गंभीर हो गया है क्योंकि 29 जुलाई 2024 को आदिवासी बुद्धिजीवी मंच की जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद झारखंड हाईकोर्ट ने दो माह के भीतर पेसा नियमावली अधिसूचित करने का आदेश दिया है। यह मियाद कुछ दिन में पूरी होने वाली है। लेकिन पंचायती राज विभाग की ओर से अभी तक नियमावली को लेकर तस्वीर साफ नहीं की गई है। बहुत जल्द झारखंड में विधानसभा का चुनाव होना है।इसलिए आदिवासियों के हक की लड़ाई लड़ने वाले बुद्धिजीवी संगठनों ने सरकार को घेरना शुरू कर दिया है। आदिवासी बुद्धिजीवी मंच के विक्टर मालतो का कहना है कि झारखंड में जब पी-पेसा के तहत नियमावली बनी ही नहीं है तो फिर अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभा कैसे गठित हो सकती है। स्पष्ट है कि फर्जी ग्रामसभा बनाकर जमीन अधिग्रहण, बालू घाटों की नीलामी हो रही है, जो संविधान के खिलाफ है। इससे अदिवासियों का हक छीना जा रहा है। यही नहीं फर्जी ग्राम सभा के जरिए डीएमएफटी और ट्राइबल सब प्लान के फंड का दुरुपयोग हो रहा है।

विक्टर मालतो के अनुसार तीन तरह की ग्राम सभाएं होती हैं। एक अनुच्छेद 243(ए) के तहत ग्राम सभा होती है जो ग्राम पंचायत के माध्यम से चलती है। दूसरा वनाधिकार अधिनियमौ, 2006 के तहत ग्राम सभा होती है जो जमीन आवंटन के लिए होती है। तीसरी ग्राम सभा पारंपरिक होती है,जो संसद से पारित पेसा कानून के तहत चलती है।लेकिन राज्य सरकार इस संवैधानिक अधिकार का उल्लंघन कर रही है। इसलिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया। तब कोर्ट ने हमारे हक में आदेश पारित करते हुए राज्य सरकार को दो माह के भीतर पी-पेसा के तहत नियमावली अधिसूचित करने का आदेश दिया है। पंचायती राज विभाग की निदेशक निशा उरांव का कहना है कि- अनुसार ड्राफ्ट नियमावली को लेकर जनजातीय अनुसंधान संस्थान (टीआरआई) से सुझाव लिए गये थे। इसके अलावा 14 विभागों का भी मंतव्य लिया गया था। इसके बाद अगस्त 2023 में ड्राफ्ट नियमावली प्रकाशित की गई थी। इस आधार पर करीब 400 अतिरिक्त सुझाव आए। इनमें से 267 सुझाव लिए जा चुके हैं। इस मामले में विधि विभाग से भी सहमति मिल गई है। इसी बीच ट्राइबल एडवाइज़री कमेटी में भी बात उठी।कुछ विधायकों की ओर से आपत्तियां भी आईं। उन आपत्तियों पर मंथन किया जा चुका है। निदेशक निशा उरांव के मुताबिक इस मसले पर मुख्य सचिव के स्तर पर एक और समीक्षा संभव है। कोर्ट के आदेश के आलोक में फाइनल नियमावली जारी करने की तो सरकार के स्तर पर कोर्ट में राय प्रस्तुत की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि आदिवासी बुद्धिजीवी मंच के जो सुझाव हैं वो सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के 2010 और 2017 के आदेश के दायरे में नहीं आते हैं। पेसा के तहत ग्राम सभा को सशक्त बनाने के लिए मॉड्यूल बनाने को लेकर केंद्र सरकार के पंचायती राज मंत्रालय ने 15 मार्च 2024 को एक आदेश जारी किया था। इसके तहत लघु वन उत्पाद, लघु खनिज, भूमि के हस्तांतरण की रोकथाम, शराब और नशीले पदार्थों के सेवन पर प्रतिबंध, धन उधार देने पर नियंत्रण, प्रथागत तरीके से विवाद के समाधान जैसे छह बिंदुओं पर अलग-अलग कमेटी गठित कर ग्राम सभा को मजबूत करने के लिए मॉड्यूल बनाने को कहा था। मंत्रालय ने 30 जून 2024 तक ड्राफ्ट मॉड्यूल और 15 जुलाई 2024 तक फाइनल एसओपी ड्राफ्ट तैयार करने को कहा था। इस मामले में मॉड्यूल तैयार हो चुका है और चयनित मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षित किया जा रहा है। यही ट्रेनर ग्राम प्रधान को तमाम विषयों पर जागरूक करेंगे। दरअसल, 1992 में 73वें संविधान संशोधन के तहत त्रि-स्तरीय पंचायती राज संस्था को कानूनी रूप मिला था। लेकिन इसमें आदिवासी बहुल (शिड्यूल एरिया) के लिए कोई प्रावधान नहीं था। इसलिए 1992 में पेसा (पंचायत एक्सटेंशन टू शिड्यूल एरिया) एक्ट कानून को संसद ने पारित किया। यह कानून शिड्यूल एरिया में पेसा के तहत ग्राम सभाओं को विशेष शक्ति देता है। लगातार बढ़ते दबाव के बीच पंचायती राज विभाग ने 26 जुलाई 2023 को पेसा नियम को लेकर गजट प्रकाशित कर आम लोगों से राय मांगी। इस नियमावली को झारखंड पंचायत उपबंध अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार नियमावली , 2022 नाम दिया गया।इसके जरिए शिड्यूल एरिया के ग्राम सभाओं को लघु वन उत्पाद, लघु खनिज, भूमि के हस्तांतरण की रोकथाम, शराब और नशीले पदार्थों के सेवन पर प्रतिबंध, धन उधार देने पर नियंत्रण, प्रथागत तरीके से विवाद के समाधान के अधिकार को जोड़ा गया। लेकिन इसको आजतक अंतिम रूप नहीं दिया गया है। देश में पांचवी अनुसूची में छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और गुजरात समेत कुल 10 राज्य शामिल हैं। झारखंड में 24 में से 13 जिले अनुसूचित क्षेत्र में आते हैं। इनमें रांची, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, लातेहार, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला-खरसांवा, दुमका, साहिबगंज, जामताड़ा, पाकुड़ के अलावा पलामू जिला के सतबरवा प्रखंड के रबदा और बकोरिया पंचायत के साथ-साथ गोड्डा जिला के सुंदरपहाड़ी और बोआरीजोर प्रखंड शामिल हैं। लेकिन अभी तक इन क्षेत्र के लोगों को पी-पेसा के तहत अधिकार नहीं मिला है। सबसे बड़ी बात है कि फाइनल नियमावली नहीं बनने पर केंद्र से मिलने वाला फंड मिलना बंद हो सकता है। सोरेन सरकार अगर नवंबर-दिसंबर 2024 में होने वाले चुनावों से पहले पेसा को लागू करने में सफल हो जाती है, तो राज्य में आदिवासी मतदाताओं का दिल जीतने में सफल हो सकती है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### मध्य प्रदेश में तीन हजार डॉक्टरों सहित होगी 30 हजार चिकित्सा कर्मियों की भर्ती होगी

रीवा/इन्दौर (ईएमएस)। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग में 30 हजार स्वास्थ्य कर्मियों की भर्ती शीघ्र ही की जा रही है। इनमें तीन हजार डॉक्टर शामिल हैं। पर्याप्त संख्या में डॉक्टर तथा पैरामेडिकल स्टाफ मिल जाने पर जिला मुख्यालय के अस्पतालों और सामुदायिक तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की व्यवस्थायें बेहतर होंगी। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा में प्रदेश के विकास कार्यों पर पत्रकारों से संवाद किया।उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि 23 अक्टूबर को रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव का आयोजन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रीवा में कर रहे हैं। इससे रीवा ही नहीं पूरे विन्ध्य में भारी मात्रा में औद्योगिक विकास के लिए निवेश होगा। रीवा में फूडपार्क, आईटीपार्क का भी शीघ्र निर्माण शुरू होगा। इनमें हजारों व्यक्तियों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। रीवा में एयरपोर्ट का भी शीघ्र शुभारंभ होने वाला है। रीवा से भोपाल और इन्दौर के साथ-साथ हैदराबाद के लिए भी सीधी विमान सेवा के प्रयास किये जा रहे हैं।उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि जिले में सिंचाई परियोजना के लिए 4 हजार करोड़ रूपये के टेंडर हाल ही में हुए हैं। बहुती नहर के लिए भी 1500 करोड़ रूपये मंजूर किये जा रहे हैं। इससे जिले की सिंचाई का रकबा 3 लाख एकड़ से बढ़कर 9 लाख एकड़ हो जायेगा। जिले में तेजी से समृद्धि आयी है। इस समृद्धि का लाभ तभी मिलेगा जब हम युवा पीढ़ी को नशे की गिरफ्त से बचा लें। नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार पर पुलिस लगातार कार्यवाही कर रही है। साथ ही नशामुक्ति के लिए जन-जागरूकता अभियान आवश्यक है। नशामुक्ति अभियान सफल होने पर ही भावी पीढ़ी विकास और सफलता के फल का स्वाद ले पायेगी।उप मुख्यमंत्री ने नवीन सर्किट हाउस निर्माण, स्वास्थ्य सेवाओं के उन्नयन, फोरलेन बाईपास निर्माण, बेला सिलपरा रिंग रोड निर्माण के संबंध में जानकारी दी। नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की पहल पर हो रहा त्वरित बिजली आपूर्ति बहाल

जशपुर,(ईएमएस)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर बगिया में खोले गए मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में लोगों की मांगों और समस्याओं के समाधान का क्रम सतत रूप से जारी है। कैंप कार्यालय के निर्देश पर समस्या आने पर तत्काल ट्रांसफार्मर लगाने, ग्रिप चेंज, लाईन सुधारने का कार्य किया जा रहा है। इससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। जशपुर हाथी प्रभावित क्षेत्र होने की वजह से मुख्यमंत्री श्री साय के द्वारा बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। इसी कड़ी में बागीचा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम कामारिमा पोसकट में ट्रांसफार्मर खराब होने की वजह से बिजली आपूर्ति बाधित हो रही थी। मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय के निर्देश पर तत्काल यहां पर ट्रांसफार्मर लगाया गया है, जिससे बिजली आपूर्ति पुनः बहाल हो गई है।शहीद भगत सिंह जी की जयंती पर सिक्ख काउंसिल द्वारा देशभक्ति गीतों का कार्यक्रम हुआ ।

### छत्तीसगढ़ राज्य वित्त सेवा अधिकारी संघ का सम्मान समारोह

#### संघ की प्रबंध कार्यकारिणी का हुआ निर्वाचन

रायपुर, (ईएमएस)। छत्तीसगढ़ राज्य वित्त सेवा अधिकारी संघ द्वारा कन्वेंशन हॉल, न्यू सर्किट हाउस सिविल लाईन्स रायपुर में सम्मेलन व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वित्त सचिव श्रीमती शारदा वर्मा एवं अध्यक्षता संचालक कोष, लेखा एवं पेंशन श्री रितेश कुमार अग्रवाल ने की।कार्यक्रम के प्रथम सत्र में छत्तीसगढ़ राज्य वित्त सेवा अधिकारी संघ की प्रबंध कार्यकारिणी का निर्वाचन संपन्न हुआ। जिसमें डॉ. अल्पना घोष निर्विरोध अध्यक्ष चुनी गईं। उपाध्यक्ष पद पर श्रीमती किरण खरे एवं कोषाध्यक्ष पद पर श्री अनिल कुमार पाठक निर्वाचित हुए। इसी तरह सचिव पद पर श्री सचिन शर्मा एवं संयुक्त सचिव पद पर श्री भुवनेश्वर नायक निर्वाचित हुए। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में सेवानिवृत्त अधिकारियों का सम्मान शॉल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह देकर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सचिव वित्त श्रीमती शारदा वर्मा ने दिए अपने उद्बोधन में वित्त विभाग को राज्य शासन की रीढ़ बताते हुए राज्य वित्त सेवा के संवर्धन में संघ की भूमिका पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि ने निर्वाचित कार्यकारिणी को बैज लगाया। संचालक कोष, लेखा एवं पेंशन ने वित्त विभाग में लागू किए जा रहे डिजिटल प्रणाली के महत्व पर प्रकाश डाला। अंत में आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

### जिसके बारे में जानकारी नहीं उस पर बोलना उचित नहीं : खूबचंद पारख

राजनंदगांव, (ईएमएस)। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छत्तीसगढ़ को बंधवा मजदूर कहने पर पलटवार करते हुए भूपेश बघेल को नसीहत दी कि जिस विषय पर उन्हें जानकारी नहीं है, उस पर उन्हें बोलना ही नहीं चाहिए ।श्री पारख ने कहा कि आज पूरे विश्व का सबसे बड़ा सेवा का संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, देश की सेवा के लिए अपने आप में पर्यायवाची कहलाता है। संघ की स्पष्ट सोच है कि जो देश हित में बात करेगा,उसी के अनुकूल संघ व्यवहार करेगा। आजादी के बाद देश के अंदर लोगों में देशभक्ति का जज्बा जगाने के लिए संघ की लाखों शाखाएं देशभर में संचालित हैं जिसके माध्यम से संघ के स्वयंसेवक मातृभूमि की सेवा करने हेतु अनवरत अथक परिश्रम करते हैं, वह अपने अहम का त्याग कर, अपने नाम का त्याग कर, सिर्फ मातृभूमि की सेवा के लिए अपने जीवन को न्योछावर कर देते हैं। संघ के पूर्ण कालिक प्रचारक अपने जीवन की हरी भरी बगिया को छोड़कर देश भर में भ्रमण करते हैं, और देश के खिलाफ षडयंत्र करने वालों की खोज खबर में लगे रहते हैं। साथ ही समाज हित में सामाजिक समरसता बनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं। संघ व्यक्तित्व निर्माण की पाठशाला है। शाखाओं में अनुशासन, अनुबद्धता एवं संयमित जीवन जीने की कला सिखाई जाती है, साथ ही देश के प्रति समर्पण की भावना भी संघ के स्वयंसेवक सीखते हैं।खूबचंद पारख ने कहा कि भूपेश बघेल को कांग्रेस के जवाहरलाल नेहरू एवं इंदिरा गांधी से सीख लेनी चाहिए और इतिहास पढ़ना चाहिए कि किस तरह से उन्होंने संघ के स्वयंसेवकों का देश के परमार्थ सहयोग लिया था इसके प्रमाणिक उदाहरण उन्हें इतिहास पढ़ने से मिल जाएंगे कि संघ देश के लिए जीता है और मारता है ऐसे देशभक्ति स्वयंसेवकों को बंधवा मजदूर की संज्ञा देने पर भूपेश बघेल को माफी मांगनी चाहिए।

### रईशजादों का ट्रैफिक पुलिस कांस्टेबल को कुचलने का प्रयास, दो आरोपी गिरफ्तार

सूरत (ईएमएस)| शहर के वालक पाटिया ब्रिज के निकट कार पार्क कर दो युवक और दो युवतियां रील बना रहे थे| ब्रिज पर दुर्घटना की आशंका के चलते ट्रैफिक पुलिस ने चारों को वहां से जाने को कहा| जिसके बाद रईशजादों ने ट्रैफिक जवान पर कार चढ़ाने की कोशिश की| ट्रैफिक जवान ने कार अपनी ओर आती देख उसकी बोनट पर चढ़ गया और वायपर पकड़ लिया| रईशजादों ने 300 मीटर दूर जाकर कार तब रोकी जब कांस्टेबल ने शीशे पर लात मारनी शुरू की| घटना के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई और दो युवकों को गिरफ्तार कर आगे की कार्यवाही शुरू की है| जानकारी के मुताबिक सूरत में ट्रैफिक विभाग में कार्यरत नीलेश प्रेमजी रोजाना की तरह दोपहर में वालक ब्रिज पर गोपीन गांव की ओर से स्पीड गन लेकर खड़े थे। कांस्टेबल को दोपहर साढ़े 12 बजे इस पुल पर एक वेन्यू कार खड़ी मिली जिपास दो युवक और दो युवतियां खड़े होकर रील बनाते नजर आए। कांस्टेबल ने उन्हें ओवर ब्रिज पर दुर्घटना की आशंका से अवगत कराया और वहां से चले जाने को कहा| जिसके बाद चारों कार में बैठ गये| लेकिन कार सीधे कॉन्स्टेबल की ओर बढ़ी और उसे कुचलने की कोशिश की। सतर्क कांस्टेबल कार के बोनट पर चढ़ गया और कार के वाइपर पकड़ लिए। यह जानते हुए भी कि कार पर पुलिसकर्मी है और उसकी मौत हो सकती है, ड्राइवर ने कार नहीं रोकी| कांस्टेबल सतर्क हो गया क्योंकि उसके बगल में बैठा युवक भी ड्राइवर को उकसाने की कोशिश कर रहा था। जिससे कांस्टेबल ने कार के शीशे पर लात मारना शुरू कर दिया| जिससे 300 मीटर दूर जाने के बाद आखिरकार चालक ने कार रोक दी| कार रुकते ही अंदर बैठी दोनों लड़कियां खिसक गईं। जानकारी मिलते ही सूरत की सरथाणा पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। कांस्टेबल द्वारा दोनों के खिलाफ हत्या के प्रयास की शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद पुलिस ने कार चालक प्रांजल रमेश खेनी और क्रुपिन हसमुख वसानी को गिरफ्तार कर लिया।

# मुख्यमंत्री की सार्थक पहल से छात्राओं की आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम



जशपुर,(ईएमएस)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सार्थक पहल से जशपुर जिला प्रशासन के तहत नव गुरुकुल शिक्षण संस्थान में आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य न केवल शिक्षा का स्तर बढ़ाना है, बल्कि छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें व्यावसायिक कौशल से जोड़ना है, ताकि वे अपना उज्ज्वल भविष्य बना सकें। यह कार्यक्रम प्रदेश में जशपुर के साथ-साथ रायपुर और दंतेवाड़ा जिला में भी संचालित हैं। जिला प्रशासन द्वारा छात्रों को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। यहां छात्राओं को कंप्यूटर सॉफ्टवेयर, फायनेंस, बिजनेस, शिक्षा, और ग्राफिक्स डिज़ाइनिंग जैसे विविध क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके अलावा, भाषा ज्ञान और व्यक्तित्व विकास पर अतिरिक्त कक्षाएँ भी आयोजित की जाती हैं, जिससे छात्राओं का समग्र विकास हो सके। छात्राओं को निःशुल्क आवास, प्रशिक्षण, और भोजन की सुविधाएँ प्रदान की जाती हैं। प्रशिक्षण के दौरान लैपटॉप/कंप्यूटर और इंटरनेट की सुविधा भी निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है, जिससे उन्हें अध्ययन और प्रोजेक्ट्स पर काम करने में मदद मिलती है। वर्तमान में, इस कार्यक्रम के तहत जिले की 16 प्रतिभाशाली छात्राएँ विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्राप्त कर अन्य राज्यों की प्रमुख कंपनियों में सफलतापूर्वक प्लेसमेंट के लिए चयनित हुई हैं। ये छात्राएँ अब अच्छी आय अर्जित कर रही हैं, जो उनके प्रयासों का जीवंत प्रमाण है। यहाँ पर 150 छात्राओं के लिए प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है, जिसमें वर्तमान में 60 से अधिक छात्राएं अध्ययनरत हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का यह दृष्टिकोण केवल छात्राओं के जीवन में बदलाव लाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज में भी एक सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में प्रेरणा देता है। उनकी सोच ने ना केवल छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाया है, बल्कि उन्हें अपने सपनों को साकार करने का अवसर भी प्रदान किया है। जशपुर नगर की निवासी कुमारी प्रतिभा थापा बताती हैं कि 'मेरे परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी, जिससे मुझे पढ़ाई बीच में ही छोड़नी पड़ी। जब मैंने नव गुरुकुल के बारे में सुना, तो मैंने यहाँ फॉर्म भरा और प्रशिक्षण लेने आई। मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि इतने महंगे कोर्स की पढ़ाई मुझे निःशुल्क मिलेगी। मैंने बिजनेस कोर्स में 16 महीने का प्रशिक्षण लिया और आज एक निजी कंपनी में क्लाउड सपोर्ट इंजीनियर के पद पर कार्यरत हूँ।' जशपुर नगर की ही कुमारी नेहा चौहान ने बताया कि मेरे पिता एक छोटे किसान हैं। हमारी आमदनी उतनी अच्छी नहीं है कि मैं बाहर जाकर पढ़ाई कर सकूं। लेकिन इस संस्थान से मुझे बहुत लाभ हुआ है। यहाँ मुझे बिजनेस कोर्स में 13 महीने प्रशिक्षण के साथ-साथ भाषा ज्ञान भी मिला, जो मेरे लिए बहुत उपयोगी है।

डुगडुगीया (कुनकुरी) निवासी कुमारी साक्षी सिंह बताती हैं कि जब मुझे यहाँ के बारे में पता चला तो फॉर्म भरकर प्रशिक्षण ली। मैंने यहाँ 15 महीने का प्रशिक्षण लिया। आज मुझे बारु साहेब यूनिवर्सिटी, हिमाचल प्रदेश में डेटा एनालिटिक्स एसोसिएट का जॉब मिला है। यह मेरे लिए एक बड़ा अवसर है। मैं पहली बार अपने घर से बाहर निकली हूँ। आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होकर मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। लाभार्थी छात्राओं ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की इस पहल ने न केवल हमारा जीवन बदला है, बल्कि समाज में भी एक सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। इस तरह की योजनाएँ निश्चित रूप से आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगी।

### सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के वायर रॉड मिल में नई रिंग ग्राइंडिंग मशीन का उद्घाटन

दुर्ग (ईएमएस)। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के वायर रॉड मिल में नई वेंडेट कॉम्बी डेल्टा रिंग ग्राइंडिंग मशीन का उद्घाटन, कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) अंजनी कुमार द्वारा 26 सितंबर 2024 को किया गया। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारीगण समेत मर्चेंट एवं वायर रॉड मिल (एमडब्ल्यूआरएम) विभाग के विभिन्न कर्मचारीगण भी उपस्थित थे।उल्लेखनीय है कि वेंडेट कॉम्बी डेल्टा रिंग ग्राइंडिंग मशीन एक अत्याधुनिक मशीनरी है जो ग्राइंडिंग, नॉच मिलिंग और टंगस्टन कार्बाइड रिंग्स की ब्रेंडिंग जैसी सुविधाओं से सुसज्जित है, जिनका उपयोग वायर रॉड मिल में प्लेन वायर एवं टीएमटी वायर रॉड के उत्पादन के लिए किया जाता है। नई कमीशन की गई 'रिंग ग्राइंडिंग मशीन' की आपूर्ति वेंड्ट इंडिया लिमिटेड द्वारा की गई है। यह मशीन पूर्णतः भारत में निर्मित है। कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) अंजनी कुमार ने वेंडेट कॉम्बी डेल्टा रिंग ग्राइंडिंग मशीन के उद्घाटन पर मर्चेंट एवं वायर रॉड मिल विभाग की पूरी टीम को बधाई दी।

# दुमका पुलिस ने तेल चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

दुमकाःजामा थाना पुलिस ने रविवार को जामा प्रखंड क्षेत्र के कटनिया लाइन होटल के पास से सड़क किनारे खड़े वाहनों से तेल चोरी करने के मामले में तीन चोर को पकड़ने में कामयाबी हासिल की है। तीनो को जामा थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।मिली जानकारी के अनुसार बीते काफी दिनों से जामा थाना पुलिस को शिकायत मिल रही थी कि जामा थाना अन्तर्गत रोड किनारे बने लाईन होटलों से तथा होटल के बगल में खड़ी गाडी के टंकी से तेल चोरी किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी प्राप्त होने पर वरीय पुलिस पदाधिकारी के साथ सम्पर्क स्थापित कर आवश्यक कारवाई हेतु योजना बनाई गई। जिसमें वरीय पदाधिकारी के द्वारा निर्देशित किया गया कि रात्री गश्ती के क्रम में लाईन होटलों में खड़े वाहनों पर विशेष निगरानी रखी जाए एवं होटलों के अगल-बगल लगे मोटरसाईकिल एवं छोटी वाहनों की गहन रूप से जाँच पड़ताल की जाय। इसी क्रम में जामा थाना पुलिस ने शनिवार की रात हंसडीहा पुलिस के साथ टीम बनाकर छापेमारी अभियान चलाया ।रात्री 02.10 बजे गश्ती के क्रम में जैसे ही पुलिस बल कटनिया शनी होटल के पास पहुंची तो देखा कि तीन व्यक्ति होटल के बगल में रोड किनारे लगे वाहन की टंकी से तेल निकालने का प्रयास कर रहे हैं ।पुलिस गाड़ी को देखते ही तीनों व्यक्ति बगल में खड़ी की गई गाड़ी से भागने लगे। इसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को दी गयी ।वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुशार उक्त भाग रहे वाहन का गश्ती दल के द्वारा पीछा किया। भागने के क्रम में तेल चोरी कर भाग रही कार नं -यू पी 24 ए ए 2006 ने दुमका भागलपुर मुख्य सड़क पर ग्राम परखैता के सामने रोड के किनारे पुल के गार्डवाल में टक्कर मार दी ।जिस पर सवार व्यक्ति गाड़ी से कुदकर भागने लगे, जिसे पुलिस बल के द्वारा खदेड़ कर पकड़ लिया गया। पकड़ाये व्यक्ति का नाम पुछने पर मो0 अब्दुल बहीद उम्र 38 वर्ष पिता स्व० अब्दुल करीम सा० मिलक पिचौडा, थाना नवाबगंज (कोण्ड्राकोठी पुलिस चौकी) जिला बरेली (उत्तर प्रदेश) मो0-7505309433, मो० जुबैर खान उम्र-26 वर्ष पिता सलीम खान ग्राम-जगतपुर, थाना बारादरी, जिला बरेली (उत्तर प्रदेश),मो० नाजीम उम्र 27 वर्ष पिला-छोटे मिस्त्री ग्राम-खमरिया पुल, थाना जहानाबाद, जिला पिलीभीत (उत्तर प्रदेश) मो0-9058221921 बताया एवं तेल चोरी करने की बात एवं तेल चोरी करने का सामान कार में रखने की बात स्वीकार की। जिसे स्वतंत्र गवाहों के समक्ष विधिवत जप्त किया गया एवं तीनों अभियुक्तों को विधिवत गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में जामा थाना कांड संख्या 80/24, 29.09.24, धारा-303(2)/62/3(5) बी एन एस अंकित किया गया है।गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से तीन स्मार्ट फोन,गाडी टंकी से तेल निकालने वाला दो पाईप,प्लास्टिक जरकीन (डब्बा) 6 पीस ,एक ब्लू रंग का पिलास,पैचकस तीन बडा एक छोटा, एक रिच 8-9 नंबर का, होंडा अमेज कार सं0- उप 24AA 2006, इंजन नं0-N15A14003302, चेचिस नं0-एमएकेडीएफ25सीसीजीएन2 00961 बरामद किया गया है।छापेमारी टीम में पु०अ०नि० अजीत कुमार, थाना प्रभारी जामा, पु०अ०नि० प्रकाश कुमार सिंह, थाना प्रभारी हँसडीहा, स०अ०नि० कौशलेन्द्र कुमार सिन्हा, जामा थाना , पु०अ०नि० शिवजी सिंह, हँसडीहा थाना, टीम में जामा एवं हँसडीहा थाना गश्ती दल शामिल थे।

### भाजपा की परिवर्तन यात्रा के समापन कार्यक्रम की तैयारियां पूरी

दुमका : आउटडोर स्टेडियम में 30 सितंबर 2024 को आयोजित होने वाले भाजपा की परिवर्तन यात्रा के समापन कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। ये ऐतिहासिक आयोजन संथाल परगना के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण साबित होगा। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संथाल परगना प्रमंडल प्रभारी बालमुकुंद सहाय भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह कार्यक्रम प्रभारी डॉ लुईस मरांडी सह प्रभारी निवास मंडल ने आज सभा स्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया। सहाय ने सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए टीमवर्क और संगठनात्मक क्षमता का प्रदर्शन करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभा स्थल की व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम, और जनता के लिए सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने पर बल दिया।समापन कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव , प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ,पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, साथ ही संथाल परगना के सांसद ,विधायक, अन्य प्रमुख नेता और पदाधिकारी भी शामिल होंगे। इस अवसर पर हजारों कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहेंगे, जो भाजपा की इस यात्रा को संथाल परगना के कोने-कोने तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सहाय ने कहा कि परिवर्तन यात्रा का उद्देश्य राज्य की भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने और जन-कल्याण के लिए एक मजबूत और निर्णायक भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में सरकार बने यह संकल्प लेना है। यह यात्रा जनता की आवाज को बुलंद करने का मंच है और समापन कार्यक्रम इस यात्रा को एक नई दिशा प्रदान करेगा। मिडिया प्रभारी पिंटू अग्रवाल ने बताया की निरीक्षण के दौरान जिला अध्यक्ष गौरव कांत, जिला महामंत्री पवन केसरी ,ममता शाह, मार्शल ऋषिराज, बिट्टू सिंह ,गुंजन मरांडी, पिंटू शाह ,रूपेश मंडल ,मनीष कुमार, दीपांशु कोचवे आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बूथ संख्या 44 पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सुना पीएम मोदी का लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात

#### यह केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि देशवासियों से सीधा संवाद है, जो हमें राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरित करता है : बालमुकुंद

दुमकाः नगर के बूथ संख्या 44 में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को सामूहिक रूप से सुना। इस विशेष अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संथाल परगना प्रभारी बालमुकुंद सहाय, प्रदेश मंत्री रविकांत मिश्रा, जिला महामंत्री पवन केसरी, जिला मंत्री श्रीमती सोनी हेंब्रम, नगर अध्यक्ष अमित रक्षित, जिला मीडिया सह प्रभारी नवल किस्कू, दीपेन झा, दीपक साह, स्वरूप दे एवं गौतम मंडल उपस्थित थे। मीडिया प्रभारी पिंटू अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में बूथ और शक्तिकेंद्र के कई प्रमुख व समर्पित कार्यकर्ताओं ने भी हिस्सा लिया।प्रधानमंत्री के प्रेरणादायी संदेशों को सुनते हुए उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने उन्हें ध्यानपूर्वक आत्मसात किया और देशहित में निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया। 'मन की बात' के दौरान प्रधानमंत्री ने युवाओं की शक्ति, देश के विकास में उनकी भागीदारी और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए उठाए जा रहे कदमों पर जोर दिया। उन्होंने भारतीय संस्कृति, विज्ञान, और युवाओं के नवाचार को भी प्रोत्साहित किया, जिससे समाज में नई ऊर्जा का संचार हुआ।कार्यक्रम के बाद बालमुकुंद सहाय ने प्रधानमंत्री मोदी के विचारों की सराहना करते हुए कहा कि यह केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि देशवासियों से सीधा संवाद है, जो हमें राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरित करता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने और भाजपा की विचारधारा को मजबूत करने की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया।अवसर पर प्रदेश मंत्री रविकांत मिश्रा ने भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम देश के हर नागरिक को राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रेरित करता है। हमें गर्व है कि हम इस ऐतिहासिक अभियान का हिस्सा हैं। कार्यक्रम के समापन पर सभी कार्यकर्ताओं ने भाजपा के संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत करने और प्रधानमंत्री के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के सिद्धांत को धरातल पर उतारने का संकल्प लिया।

### पुलिस ने किया दुमका में नकली शराब बनाने वाली फैक्ट्री का भंड़ाफोड़, भारी मात्रा में नकली शराब जप्त, 6 आरोपी गिरफ्तार

दुमकाः पुलिस ने नकली शराब बनाने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है. पुलिस ने नकली शराब बनाने वाली फैक्ट्री में छापा मारकर कुल 6 लोगों को गिरफ्तार किया है और भारी मात्रा में शराब जप्त किया है. जानकारी के मुताबिक यह शराब बिहार में खपाने की तैयारी थी.दुमका एसपी पिताम्बर खेरवार ने बताया कि शनिवार 28 सितंबर शाम के 7 बजे गुप्त सूचना मिली की काठीकुण्ड थाना के पास घनघोर जंगल में मुरगुज्जा गांव के पास मंगला देहरी के घर में कुछ लोग अवैध शराब बना रहे हैं. इस मामले की जांच करने के लिए पुलिस ने रात 8:30 बजे गांव पहुंच कर चिन्हित घर के पास पहुंचे और देखा कि एक छोटी सफेद रंग की गाड़ी पुलिस को आता देख तेजी से भाग रही है.इसके बाद पुलिस ने मंगला देहरी के घर की घेराबंदी करते हुए छापामारी की और मौके से एक व्यक्ति को पकड़ा. पकड़े गए आरोपी ने नाम पूछने पर अपना नाम मंगला देहरी उम्र करीब 40 वर्ष पिता लखना देहरी बताया. पुलिस को मंगला देहरी के घर से नकली शराब की बोत्तलें, विभिन्न शराब के ब्राण्ड का स्टीकर, ढक्कन, होलोग्राम, दो सिन्टेक्स, स्त्रीट का जारकींग अन्य शराब बनाने की सामाग्री को भारी मात्रा में जप्त किया गया है.गिरफ्तार हुए आरोपी से पूछताछ करने के बाद विशेष टीम गठित की गई. अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दुमका विजय कुमार महतो के नेतृत्व में ठीम का गठन किया गया. पुलिस को जानकारी मिली थी कि ये लोग पश्चिम बंगाल के तारापीठ में छुपे हुए हैं. इसके बाद पुलिस ने तारापीठ स्थित प्रेरणा होटल में छापेमारी कर 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया और सफेद रंग के टाटा पंच गाड़ी को जप्त किया. पुलिस बाकी आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है.गिरफ्तार अपराधकमियों में राहुल कुमार यादव, उम्र करीब 22 वर्ष पे०- प्रदीप कुमार यादव, सा०- हरनाकुण्डी रोड नियर काली मंदिर, थाना- नगर दुमका, जिला- दुमका, बिमल कुमार मंडल, उम्र करीब 31 वर्ष पे०- तुलसीपद मंडल, सा०- हरनाकुण्डी, थाना- मुफ्फसिल दुमका, जिला-दुमका, अभिषेक कुमार साह, उम्र करीब 28 वर्ष, पे०- स्व० जीवन प्रसाद साह, सा०- दुमका राखाबनी, थाना- नगर, जिला- दुमका, विशाल कुमार चौधरी, उम्र करीब 22 वर्ष पे०- मोहन चौधरी, सा०- अग्रेसन भवन रोड, दुमका, थाना- नगर, जिला- दुमका, राहुल साह, उम्र करीब 19 वर्ष पे०- पप्पू साह, सा०- हरनाकुण्डी रोड, दुमका थाना- नगर, जिला- दुमका, मंगला देहरी, उम्र करीब 40 वर्ष, पे०- लखना देहरी, सा०- मुरगुज्जा, थाना- काठीकुण्ड, जिला- दुमका शामिल हैं ।

### मिशन शक्ति के तहत अभिनव पहल - हब फॉर एम्पॉवरमेंट ऑफ वूमन

भोपाल(ईएमएस)। प्रदेश में महिला सशक्तिकरण के लिए कई महत्वपूर्ण क़दम उठाए गए हैं। महिला बाल विकास विभाग द्वारा मिशन शक्ति की उप योजना सामर्थ्य अंतर्गत "हब फॉर एम्पॉवरमेंट ऑफ वूमन" संचालित किए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य महिलाओं को सशक्तिकरण और विकास के लिए संस्थागत व्यवस्थाओं से जोड़ना है। योजना के तहत महिलाओं को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में ज़रूरी जानकारी दी जाती है। साथ ही महिलाओं को सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ लेने में भी मदद और कामकाजी महिलाओं के लिए सुरक्षा भी प्रदान करती है। महिलाओं को स्वास्थ्य, शिक्षा, करियर और व्यावसायिक परामर्श और प्रशिक्षण से जोड़ा जाता है। महिलाओं को वित्तीय समावेश और उद्यमिता के क्षेत्र में भी प्रोत्साहित किया जा रहा है।राज्य स्तर पर हब फॉर एम्पॉवरमेंट ऑफ़ वूमन की स्थापना की गई है इसमें एक राज्य मिशन समन्वयक, दो जेंडर विशेषज्ञ, दो अनुसंधान एवं प्रशिक्षण विशेषज्ञ, एक लेखा सहायक, एक कार्यालय सहायक और एक मल्टी टास्किंग स्टाफ़ के पदों का सृजन किया गया है। प्रदेश के 52 ज़िलों में जिला स्तरीय हब फॉर एम्पॉवरमेंट ऑफ़ वूमन की स्थापना की गई है। कुल 8 पद प्रति जिला स्वीकृत की गई है जिसकी पूर्ति की कार्रवाई जारी है।राज्य स्तरीय हब फ़ॉर एम्पॉवरमेंट ऑफ़ वूमन नोडल एजेंसी के रूप में कार्य कर मिशन शक्ति योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति के बारे में राष्ट्रीय स्तर पर जानकारी देगी। एसएचईडब्ल्यू सूचना प्रसार और योजना डेटा के संकलन के लिए राज्य में नोडल के रूप में कार्य करेगी। इसके अतिरिक्त मिशन शक्ति के तहत गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन पर जिलाधिकारियों, एचईडब्ल्यू कर्मचारियों को प्रशिक्षण, महिला केंद्रित योजनाओं को लागू करने वाले विभागों के साथ समन्वय कर राज्य और जिला स्तर पर जागरूकता शिविर और नामांकन अभियोजन आयोजित कराने का कार्य करेगी।

### घर से नाराज होकर जा रही बालिका को परिवारजनो को किया सुपूर्द

भोपाल(ईएमएस)। नाक 28.09.24 को जरिये कंट्रोल रूम भोपाल से सूचना प्राप्त हुई कि एक बालिका अपने परिजानों के द्वारा डाटने पर घर छोड कर अकेले कही चली गई है। जिसकी तलाश पतारसी करने की सूचना प्राप्त हुई।प्रकऱण सदर की गंभीरता को देखते हुये वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी द्वारा टीम गठित की गईगठित टीमों के द्वारा थाना क्षैत्र में बालिका की तलाश पतारसी की गई। उक्त हुलिया की एक बालिका नानके पेट्रोल पंप टीटी नगर भोपाल के पास दिखाई दी जिसे पुछताछ की गई जिसने अपने घर से नाराज होकर जाने का बताया । जिसे उचित समझाईस देकर बालिका को सकुशल उसके परिजनों को सुपूर्द किया गया।

# दुर्गा पूजा समेत त्योहारों के लिए फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों के 6,000 से अधिक फेरे चलाए जाएंगे

अहमदाबाद (ईएमएस)| दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों की सुगम आवाजाही के लिए भारतीय रेल द्वारा इस वर्ष 519 स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। इन स्पेशल ट्रेनों का संचालन 1 अक्टूबर से 30 नवंबर के बीच किया जाएगा। रेलवे अधिकारी के मुताबिक़ हर साल त्योहारों के अवसर पर रेलवे द्वारा स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाता है। इस वर्ष इन स्पेशल ट्रेनों की संख्या में भारी बढ़ोतरी की गई है। इनमें से, पश्चिम रेलवे 86 फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों के साथ 1,382 फेरे चला रहा है, जो पूरे भारतीय रेलवे में सबसे अधिक हैं। गौरतलब है कि दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पर्वों के दौरान लाखों की संख्या में यात्री सफर करते हैं। यात्रियों की भारी भीड़ को सुगम एवं आरामदायक यात्रा प्रदान करने के लिए रेलवे द्वारा इस वर्ष भी विशेष ट्रेनों का संचालन करने की तैयारी की गई है। दो महीने की अवधि के दौरान ये स्पेशल ट्रेनें लगभग 6000 फेरे लगाएंगी और बड़ी तादाद में यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने का काम करेंगी। पिछले वर्ष भी भारतीय रेल द्वारा बड़ी संख्या में त्योहार स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया था और इन ट्रेनों ने कुल 4,429 फेरे लगाए थे, जिनके माध्यम से लाखों की संख्या में यात्रियों को आरामदायक यात्रा की सुविधा प्राप्त हुई थी। जाहिर है कि हर साल दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पूजा के अवसर पर देश भर से बड़ी संख्या में लोग उत्तर प्रदेश और बिहार की ओर प्रस्थान करते हैं। उत्तर प्रदेश और बिहार के लोगों के लिए ये त्योहार न केवल धार्मिक महत्व रखते हैं, बल्कि परिवारों से मिलने का भी एक अहम अवसर होते हैं। हर साल त्योहारों के दौरान यात्रियों की भीड़ की वजह से अधिकांश ट्रेनों में दो-तीन महीने पहले से ही टिकट वेटिंग लिस्ट में चली जाती हैं। इसी को देखते हुए रेलवे द्वारा इस वर्ष भी त्योहारों के अवसर पर स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है| इस वर्ष, पश्चिम रेलवे ने 86 स्पेशल ट्रेनों की अधिसूचना जारी की है, जो 1,380 से अधिक फेरे लगाएंगी। पिछले वर्ष की तुलना में, पश्चिम रेलवे ने 21 और ट्रेनें जोड़ी हैं और लगभग 270 अतिरिक्त फेरे बढ़ाए हैं, ताकि त्योहारी सीजन के दौरान बढ़ती यात्रा मांग को पूरा किया जा सके। ये ट्रेनें उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तर भारत, उत्तर पूर्व आदि के गंतव्यों के लिए चलाई जा रही हैं। पश्चिम रेलवे द्वारा मुंबई से देश के विभिन्न गंतव्यों के लिए 14 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं। इसी प्रकार, सूरत/उधना से यात्रियों की भारी मांग को पूरा करने के लिए 8 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं, जबकि 20 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें सूरत/उधना या भेस्तान से होकर गुजर रही हैं। इसी तरह, गुजरात के अन्य स्टेशनों जैसे वापी, वलसाड, वडोदरा, अहमदाबाद, साबरमती, हापा, ओखा, राजकोट, भावनगर टर्मिनस आदि से स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं, साथ ही मध्य प्रदेश के इंदौर, डॉ. अंबेडकर नगर और उज्जैन से भी स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं।

# बीते सप्ताह कम आपूर्ति, त्योहारी मांग से तेल-तिलहन कीमतों में सुधार

नई दिल्ली (ईएमएस)। बीते सप्ताह आपूर्ति घटने के बीच त्योहारी मांग बढ़ने से देश के खाद्य तेल-तिलहन बाजार में सरसों, मूंगफली, सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल जैसे सभी तेल-तिलहन के दाम सुधार के साथ बंद हुए। बाजार सूत्रों ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह में आयातित खाद्य तेलों के दाम में सुधार देखा गया। पिछले सप्ताह के मुकाबले समीक्षाधीन सप्ताह में सूरजमुखी तेल का दाम पहले के 1,095-1,100 डॉलर प्रति टन से बढ़कर 1,120-1,125 डॉलर प्रति टन हो गया। इसी प्रकार सोयाबीन डीगम तेल का दाम 1,050-1,060 डॉलर प्रति टन से बढ़कर 1,065-1,070 डॉलर प्रति टन और सीपीओ का दाम 1,090-1,100 डॉलर प्रति टन से बढ़कर 1,035-1,040 डॉलर प्रति टन हो गया। इस तेजी का असर बाकी सभी तेल-तिलहन कीमतों पर हुआ जो खाद्य तेलों में सुधार का मुख्य कारण है। बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 100 रुपये बढ़कर 6,775-6,825 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का भाव 150 रुपये बढ़कर 14,150 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 20-20 रुपये की मजबूती के साथ क्रमशः 2,195-2,295 रुपये और 2,195-2,310 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। सोयाबीन दाने और लूज का भाव क्रमशः 55-55 रुपये की तेजी के साथ क्रमशः 4,885-4,935 रुपये प्रति क्विंटल और 4,660-4,795 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। इसी प्रकार सोयाबीन दिल्ली, सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम के दाम क्रमशः 550 रुपये, 400 रुपये और 350 रुपये बढ़कर क्रमशः 13,400 रुपये, 12,850 रुपये और 9,600 रुपये क्विंटल पर बंद हुए। मूंगफली तेल-तिलहन कीमतों में भी पिछले सप्ताहांत के मुकाबले सुधार का रुख रहा। मूंगफली तिलहन 100 रुपये की तेजी के साथ 6,450-6,725 रुपये क्विंटल, मूंगफली तेल गुजरात 125 रुपये के सुधार के साथ 15,225 रुपये क्विंटल और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल का भाव 30 रुपये की मजबूती के साथ 2,300-2,600 रुपये प्रति टिन पर बंद हुआ। मांग बढ़ने और कम आपूर्ति की स्थिति के कारण कच्चे पाम तेल (सीपीओ) का दाम 450 रुपये की तेजी के साथ 12,000 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

पामोलीन दिल्ली का भाव 550 रुपये के सुधार के साथ 13,700 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल का भाव 575 रुपये के सुधार के साथ 12,825 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बिनौला तेल 750 रुपये के सुधार के साथ 12,800 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

## अक्टूबर-नवंबर में 6 से अधिक कंपनियां आईपीओ से जुटाएगी 60,000 करोड़

नई दिल्ली (ईएमएस)। अक्टूबर- नवंबर माह में हुंदै मोटर इंडिया, स्विगी और एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी सहित 6 से अधिक कंपनियां लगभग 60,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की योजना बना रही हैं। मर्चेंट बैंकिंग सूत्रों ने यह जानकारी दी। इन तीन कंपनियों के अलावा एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर, वारी एनर्जीज, निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस, वन मोबिक्विक सिस्टम्स और गरुड़ कंस्ट्रक्शन उन कंपनियों में हैं, जो अक्टूबर-नवंबर के दौरान आईपीओ लाने पर विचार कर रही हैं। ये कंपनियां मिलकर आईपीओ से 60,000 करोड़ रुपये तक जुटा सकती हैं। इक्विरस के एक वरिष्ठ अधिकारी को उम्मीद है कि सितंबर के अंत से दिसंबर के बीच 30 से अधिक आईपीओ आएंगे। ये आईपीओ विभिन्न क्षेत्रों और आकार के होंगे। इनमें नए शेयर जारी किए जाएंगे और बिक्री पेशकश (ओएफएस) भी शामिल होगी। दक्षिण कोरिया की हुंदै मोटर कंपनी की भारतीय अनुषंगी हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड आईपीओ से 25,000 करोड़ रुपये जुटाने की तैयारी में है। यह देश का अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ होगा। यह भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के 21,000 करोड़ रुपये के आईपीओ के आंकड़े को पार कर सकता है। स्विगी नए शेयरों की बिक्री और ओएफएस के जरिये 10,414 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य बना रही है। इसके अलावा सार्वजनिक क्षेत्र की एनटीपीसी की नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी नवंबर के पहले सप्ताह में अपना 10,000 करोड़ रुपये का आईपीओ लाने की योजना बना रही है।

## आयकर अधिनियम समीक्षाः सरकार निजी क्षेत्र और कर विशेषज्ञों से सुझाव आमंत्रित करेगी

नई दिल्ली (ईएमएस)। प्रत्यक्ष कर कानून को सरल बनाने सरकार ने अक्टूबर से आयकर अधिनियम, 1961 पर निजी क्षेत्र और कर विशेषज्ञों से सुझाव आमंत्रित करने का प्रस्ताव किया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस महीने की शुरुआत में उद्योग मंडलों के साथ बैठक में सरकार ने कहा था कि आयकर पोर्टल में एक ऐसी सुविधा बनाई जाएगी, जिसमें आयकर कानून की विभिन्न धाराओं के बारे में सुझाव दिए जा सकेंगे। इसका मकसद भाषा को सरल बनाना और मुकदमेबाजी को कम करना है। बजट घोषणा के बाद केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने छह दशक पुराने प्रत्यक्ष कर कानून की व्यापक समीक्षा और इसे संक्षिप्त, पढ़ने और समझने में सुगम बनाने के लिए एक आंतरिक समिति गठित की थी। एक सूत्र ने बताया कि उद्योग संघों के साथ बैठक में राजस्व विभाग ने सुझाव दिया कि आयकर कानून को फिर से तैयार करने के लिए सुझाव को लेकर अक्टूबर के पहले सप्ताह तक पोर्टल पर यह सुविधा डाली जाए। एक अन्य सूत्र ने बताया कि यह कवायद नया कर कानून या कर संहिता लिखने के लिए नहीं है। पुराने बेकार पड़ चुके प्रावधानों को हटाने से ही पृष्ठों की संख्या में करीब 100 की कमी आ सकती है। आयकर कानून की समीक्षा का उद्देश्य भाषा को सरल बनाना और मुकदमेबाजी को कम करना है। जुलाई में पेश किए गए 2024-25 के बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रस्ताव दिया था कि आयकर कानून की समीक्षा छह महीने में पूरी हो जाएगी। यह देखते हुए कि छह महीने की समयसीमा जनवरी में समाप्त हो रही है, व्यापक रूप से उम्मीद है कि संशोधित आयकर अधिनियम संसद के बजट सत्र में लाया जा सकता है।

## आरईसी ने ग्रीन बॉन्ड के जरिये 50 करोड़ डॉलर जुटाए

नई दिल्ली (ईएमएस)। सार्वजनिक क्षेत्र की आरईसी लिमिटेड ने नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को समर्थन देने के लिए हरित बॉन्ड के जरिये 50 करोड़ डॉलर जुटाए हैं। आरईसी ने बयान में कहा कि पांच-वर्षीय बॉन्ड पर कूपन दर (ब्याज) 4.75 प्रतिशत सालाना है, जिसका भुगतान छमाही आधार पर किया जाएगा। इसकी पूर्ण होने की तिथि 27 सितंबर, 2029 है। यह 2024 में किसी भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम द्वारा जारी किया जाने वाला पहला डॉलर बॉन्ड है। यह कोष कंपनी के वैश्विक स्तर पर 10 अरब डॉलर जुटाने के वैश्विक मध्यम अवधि कार्यक्रम का हिस्सा है। आरईसी लिमिटेड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि चुनौतीपूर्ण वैश्विक वित्तीय माहौल के बीच हमारे हरित बॉन्ड की भारी मांग, हरित वित्त बाजार में भारत की मजबूत स्थिति को दर्शाती है।

## शेयर बाजार में गिरावट के संकेत निवेशकों को सतर्क रहना होगा

नई दिल्ली (ईएमएस)। घरेलू शेयर बाजार में हालिया हलचल ने निवेशकों के बीच चिंता का माहौल बना दिया है। जब लंबे समय तक बाजार लगातार बढ़ता है, तो निवेशकों को लगता है कि यह वृद्धि स्थायी होगी। लेकिन बीते शुक्रवार को बाजार में गिरावट देखने को मिली, जिससे कुछ महत्वपूर्ण संकेत मिले हैं, जिन्हें नजरअंदाज करना किसी भी निवेशक के लिए खतरनाक हो सकता है।1. उच्च पीई रेश्यो की चिंताः भारतीय शेयर बाजार के निफ्टी इंडेक्स का प्राइस टू अर्निंग (पीई) रेश्यो वर्तमान में अपने उच्चतम स्तरों पर है। हाल ही में यह 24 से 25 के बीच मंडरा रहा है, जो बाजार के ओवर-वैल्यूएशन का संकेत है। 27 सितंबर 2024 को निफ्टी50 का पीई रेश्यो 24.34 था। 2023 में, 17 से 20 जुलाई के बीच यह रेश्यो 24 के ऊपर था, जिसके बाद निफ्टी50 में गिरावट शुरू हुई थी। आमतौर पर जब किसी इंडेक्स का पीई रेश्यो इतना बढ़ जाता है, तो निवेशकों को सतर्क हो जाना चाहिए क्योंकि इसका मतलब है कि स्टॉक्स की कीमतें उनकी कमाई के मुकाबले अधिक हैं। 2. म्यूचुअल फंड्स का कैश प्रबंधनः म्यूचुअल फंड्स के बड़े खिलाड़ी इस समय भारी मात्रा में नकदी रख रहे हैं। अगस्त 2024 में म्यूचुअल फंड्स के पास कुल 1.86 लाख करोड़ रुपये का कैश था, जो उनकी कुल संपत्ति का 5.20 फीसदी है। पिछले महीने यह आंकड़ा 1.71 लाख करोड़ रुपये था। कैश होल्डिंग का बढ़ना यह संकेत देता है कि फंड मैनेजर्स संभावित गिरावट के प्रति सतर्क हैं। एसबीआई म्यूचुअल फंड, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल और एचडीएफसी म्यूचुअल फंड जैसे बड़े हाउस ने अपने पोर्टफोलियो में भारी कैश रखा है, जो यह दर्शाता है कि वे बाजार में गिरावट के संकेतों को गंभीरता से ले रहे हैं। 3. चीन की नीतियों का प्रभावः चीन की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए हाल ही में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं, जो भारतीय बाजार को भी प्रभावित कर सकते हैं। चीन ने अपने रेजर्व रिसर्व रेश्यो को कम किया है, जिससे बैंकों के पास अधिक धन लोन देने के लिए उपलब्ध हो गया है। इसके अलावा प्रॉपर्टी मार्केट को सहारा देने के लिए डाउन पेमेंट की राशि को भी कम किया गया है।

## वैश्विक रुझान और कंपनियों के तिमाही नतीजे तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा

### प्रमुख शेयरों की अगुवाई में बाजार का सकारात्मक रुख जारी रहेगा

मुंबई (ईएमएस)। वैश्विक रुझान, घरेलू मोर्चे पर वाहन बिक्री के मासिक आंकड़े और कंपनियों के तिमाही नतीजे अगले सप्ताह कम कारोबारी सत्र वाले सप्ताह के दौरान शेयर बाजार की दिशा तय करेंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। बुधवार दो अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर शेयर बाजार बंद रहेंगे। बाजार के जानकारों ने कहा कि आगे विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के प्रवाह की निगरानी करना रोचक रहेगा। इस साल सितंबर में भारतीय शेयर बाजार में सबसे ज़्यादा एफआईआई प्रवाह देखने को मिला है। जिंस कीमतों में उतार-चढ़ाव, अमेरिका के डॉलर सूचकांक और वहां के वृहद आर्थिक आंकड़ों से भी बाजार को दिशा मिलेगी। इसके साथ ही भू-राजनीतिक घटनाक्रम वैश्विक स्तर पर एक महत्वपूर्ण कारक बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि घरेलू मोर्चे पर वाहन बिक्री के मासिक आंकड़े और कंपनियों के तिमाही नतीजों से आने वाले समय में शेयर विशेष गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं। सप्ताह के दौरान विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के लिए खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) का आंकड़ा बाजार की धारणा को प्रभावित करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि हमें उम्मीद है कि प्रमुख शेयरों की अगुवाई में बाजार का सकारात्मक रुख जारी रहेगा। आगे चलकर घरेलू संकेतकों के अभाव में वैश्विक कारक बाजार को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। एक अक्टूबर को जारी होने वाले वाहन बिक्री के आंकड़ों पर सभी की निगाह रहेगी। इसके अलावा एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण पीएमआई और एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई के आंकड़े भी महत्वपूर्ण रहेंगे। साथ ही विदेशी कोषों के प्रवाह तथा कच्चे तेल की कीमतों के उतार-चढ़ाव पर भी सभी की निगाह रहेगी। आगे निवेशकों की निगाह कंपनियों के दूसरी तिमाही के नतीजों पर रहेगी। निवेशक कंपनियों की आमदनी में सुधार की उम्मीद कर रहे हैं।

## दिल्ली अव्वल है इलेक्ट्रिक बसों के संचालन में

नई दिल्ली (ईएमएस)। आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि बड़े राज्य इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के मामले में पीछे हैं, जबकि छोटा राज्य आगे है। सड़क परिवहन एवं राज्य मंत्रालय के डाटा के अनुसार छोटे राज्य के मामले में देश की राजधानी दिल्ली अव्वल है। यहां पर अभी 2011 इलेक्ट्रिक बसें चल रही हैं।

हालांकि देशभर में एक नंबर पर महाराष्ट्र है। यहां पर 2111 बसें चल रही हैं। अगर क्षेत्र के अनुसार देखा जाए तो महाराष्ट्र की तुलना में दिल्ली बहुत ही छोटा है और अंतर केवल 100 बसों का है। वहीं तीसरे नंबर पर कर्नाटक है, जहां पर 1195 बसें चल रही हैं। देश का सबसे बड़ा राज्य उत्तर प्रदेश चौथे नंबर है, यहां पर 758 बसें और पांचवें नंबर पर गुजरात, यहां पर 894 बसें चल रही हैं।

## पावरफुल गाड़ियों में शुमार है महिंद्रा थार आरओएक्सएक्स

नई दिल्ली (ईएमएस)। हाल ही में महिंद्रा ने अपनी नई 5-डोर एसयूवी थार आरओएक्सएक्स को लॉन्च किया था जो ऑफ-रोडिंग के शौकीनों के बीच काफी चर्चा में है। थार आरओएक्सएक्स एसयूवी उन लोगों के लिए है जो एडवेंचर और पावरफुल गाड़ियों को पसंद करते हैं।

अब कंपनी ने इसके सभी वेरिएंट्स की कीमतें भी जारी कर दी हैं। बता दें कि महिंद्रा थार में 4गुणा4 वाली स्पेसिफिकेशन केवल डीजल वेरिएंट में दी जाती है। 4गुणा4 का मतलब होता है कि कार के सभी पहियों में पावर पहुंच रही है और वह आगे बढ़ने के लिए अगले 2 पहियों पर निर्भर नहीं है। 4 पहियों में पावर पहुंचने से कार ऑफ रोडिंग के लिए काफी अनुकूल हो जाती है।

## कृषि स्टार्टअप का प्रशिक्षण आज बहुत महत्वपूर्णः कृषि मंत्री

नई दिल्ली (ईएमएस)। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देश में कृषि स्टार्टअप के लिए प्रशिक्षण महत्वपूर्ण है। उन्होंने अच्छी तरह से शोध किए गए प्रशिक्षण मॉड्यूल और पाठ्यक्रम बनाये जाने की जरुरत बताई। चौहान ने डिजिटल रूप से हैदराबाद में राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान के कार्यकारी छात्रावास ब्लॉक और प्रशिक्षण ब्लॉक की आधारशिला रखने के बाद कहा कि कृषि स्टार्टअप का प्रशिक्षण आज बहुत महत्वपूर्ण है। एक सरकारी बयान में कहा गया है कि उन्होंने संस्थान को विस्तार कार्य के हर पहलू पर ध्यान देने का सुझाव दिया। इसके लिए प्रशिक्षण मॉड्यूल और पाठ्यक्रम न केवल पारंपरिक होने चाहिए, बल्कि आज की आवश्यकताओं को पूरा करने में भी सक्षम होने चाहिए।उन्होंने फसल विविधीकरण, मूल्य संवर्धन और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का भी आह्वान किया। चौहान ने झारखंड के डाल्टनगंज में प्रदेश में अरहर खेती में गिरावट आने को लेकर चिंता व्यक्त की और घोषणा की कि केंद्र दालों की खरीद करेगा। एक टीम राज्य का दौरा करेगी और इस क्षेत्र में अरहर और अन्य दालों की खेती को प्रोत्साहित करेगी।

## पिछले वित्त वर्ष जीसीएमएमएफ का कारोबार बढ़कर 59,445 करोड़ हुआ

नई दिल्ली (ईएमएस)। अमूल ब्रांड के तहत डेयरी उत्पाद बेचने वाली गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन संघ लिमिटेड (जीसीएमएमएफ) ने कहा कि बेहतर बिक्री के चलते बीते वित्त वर्ष 2023-24 में उसका कारोबार आठ प्रतिशत बढ़कर 59,445 करोड़ रुपये हो गया है। सहकारी समिति ने अपनी 50वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के बाद एक बयान में कहा कि जीसीएमएमएफ के स्वर्ण जयंती वर्ष में संगठन ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए आठ प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ 59,545 करोड़ रुपये (सात अरब डॉलर) का कारोबार किया। ब्रांड अमूल का समूह कारोबार वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 80,000 करोड़ रुपये हो गया, जो 2022-23 में 72,000 करोड़ रुपये ब्रिटेन स्थित दुनिया की अग्रणी ब्रांड परामर्श कंपनी ब्रांड फाइनेंस के अनुसार अमूल को दुनिया का सबसे मजबूत खाद्य ब्रांड और सबसे मजबूत डेयरी ब्रांड का दर्जा दिया गया है। जीसीएमएमएफ ने कहा कि यह दुनिया की सबसे बड़ी किसान-स्वामित्व वाली डेयरी सहकारी संस्था है, जिसके गुजरात के 18,600 गांवों में 36 लाख किसान जुड़े हुए हैं। इसके 18 सदस्य संघ प्रतिदिन 300 लाख लीटर दूध खरीदते हैं। जीसीएमएमएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि जीसीएमएमएफ ने अपने स्वर्ण जयंती वर्ष में दुनिया में सबसे मजबूत खाद्य ब्रांड के रूप में उभरने की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है।

## अगस्त 2024 में अर्टिगा की 14,572 यूनिट्स की बिक्री

नई दिल्ली (ईएमएस)। बेहतरीन कारों का निर्माण करने वाली कंपनी मारुति अर्टिगा ने फिर से बाजार में अपनी पकड़ मजबूत की है। कंपनी ने अगस्त 2024 में मारुति अर्टिगा की 14,572 यूनिट्स की बिक्री की है। इस एमपीवी में 1.5-लीटर के15सी स्मार्ट हाइब्रिड पेट्रोल इंजन दिया गया है, जो 102बीएचपी की अधिकतम पॉवर और 136.8एनएम का टॉर्क उत्पन्न करता है। ग्राहक इसे 5-स्पीड मैनुअल और 6-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के विकल्प में चुन सकते हैं। इसका सीएनजी वैरिएंट भी उपलब्ध है, जिसमें 5-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स दिया गया है। सीएनजी मोड में, यह कार 87बीएचपी की पॉवर और 121.5 एनएम का टॉर्क जनरेट करती है, जिससे यह ईंधन की दृष्टि से किफायती विकल्प बन जाती है। फीचर्स की बात करें तो, अर्टिगा में 7-इंच टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम है, जो वायरलेस एंड्रॉइड ऑटो और ऐप्पल कारप्ले को सपोर्ट करता है।अर्टिगा की माइलेज भी काफी आकर्षक है, जो मैनुअल गियरबॉक्स में 20.51 किमी प्रति लीटर, ऑटोमैटिक में 20.03 किमी प्रति लीटर और सीएनजी में 26.11 किमी प्रति किलोग्राम है।

इस तरह, अर्टिगा अपने प्रदर्शन और सुविधाओं के साथ ग्राहकों के लिए एक बेहतरीन विकल्प साबित हो रही है। इसके अलावा, पैडल शिफ्टर्स, क्रूज़ कंट्रोल, ऑटो एसी और दूसरी पंक्ति के यात्रियों के लिए छत पर लगे एसी वेंट शामिल हैं। सेफ्टी के लिए कार में डुअल एयरबैग, रियर पार्किंग सेंसर, इसोफिक्स चाइल्ड सीट एंकरज, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी प्रोग्राम और हिल-होल्ड असिस्ट जैसी सुविधाएं मौजूद हैं।

## केंद्र सरकार ने गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर लगी रोक हटाई

### भारतीय चावल की बाजार में स्थिति मजबूत होने की संभावना

नई दिल्ली (ईएमएस)। केंद्र सरकार ने गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर लगाए गए प्रतिबंध को हटा दिया है। यह प्रतिबंध जुलाई 2023 में घरेलू आपूर्ति को सुनिश्चित करने और कीमतों पर लगाम लगाने के लिए लगाया गया था।

अब निर्यातकों ने सरकार के इस फैसले की सराहना की है और इसे कृषि क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण करार दिया है। सरकार ने पारबॉइल्ड चावल पर निर्यात शुल्क को 20 फीसदी से घटाकर 10 फीसदी कर दिया है। एक रिपोर्ट के अनुसार इस साल भरपूर मानसूनी बारिश के कारण किसानों ने 41.35 मिलियन हेक्टेयर में चावल बोया है, जो पिछले साल और पिछले पांच वर्षों के औसत से अधिक है। पारबॉइल्ड चावल पर ड्यूटी में कमी से भारत के एक्सपोर्ट प्राइस कम होंगे, जिससे शिपमेंट में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

इसके साथ ही थाइलैंड, वियतनाम, पाकिस्तान और म्यांमार जैसे प्रतिस्पर्धी देशों को भी अपने एक्सपोर्ट प्राइस कम करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। भारत ने 2023 में कम बारिश के कारण फसल प्रभावित होने पर पारबॉइल्ड चावल पर 20 फीसदी शुल्क लगाया गया था। सरकार ने ब्राउन राइस और छिलके वाले चावल पर निर्यात शुल्क को घटाकर 10 फीसदी कर दिया है, जबकि सफेद चावल पर ड्यूटी पूरी तरह से समाप्त कर दी गई है। हालाँकि, सरकार ने अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि प्राइवेट ट्रेडर्स को निर्यात की अनुमति मिलेगी या यह केवल सरकारी सौदों तक सीमित रहेगा।

इस निर्णय के बाद भारतीय चावल की बाजार में स्थिति मजबूत होने की संभावना है, जो किसानों और निर्यातकों दोनों के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। कृषि क्षेत्र में यह कदम एक सकारात्मक संकेत है, जो न केवल घरेलू अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा, बल्कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारत की स्थिति को भी मजबूत करेगा।

## रोल्स-रॉयस कलिनन सीरीज-2 की लॉन्चिंग



नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय बाजार में लग्जरी कार निर्माता रोल्स-रॉयस ने अपनी सुपर लग्जरी एसयूवी, रोल्स-रॉयस कलिनन सीरीज-2 लांच कर दी है। बता दें कि प्रत्येक रोल्स-रॉयस कार कस्टम-मेड होती है, इसलिए कीमत ग्राहक की पसंद के अनुसार भिन्न हो सकती है। नई एसयूवी की डिलीवरी 2024 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च 2025) से शुरू होगी। कलिनन सीरीज-2 ने इस साल मई में वैश्विक स्तर पर अपनी शुरुआत की थी। इस नए मॉडल में कई नए इंटीरियर्स और फीचर्स के साथ संशोधित स्टाइलिंग देखने को मिलती है, लेकिन इंजन वही 6.75-लीटर ट्विन-टर्बोचार्ज्ड वी12 इंजन है, जो 571एचपी की पावर और 850एनएम का टॉर्क उत्पन्न करता है। ब्लैक बैज वेरिएंट में यह इंजन 600एचपी की पावर और 900एनएम का टॉर्क देता है। डिज़ाइन के मामले में, कलिनन सीरीज-2 में नए डिजाइन वाला फ्रंट और नई एलईडी डेटाइम रनिंग लाइट्स शामिल हैं। रियर बम्पर में स्टेनलेस-स्टील स्किड प्लेट और एल्यूमीनियम पहियों का आकार 23 इंच तक बढ़ाया गया है।इंटीरियर्स में, सीरीज-2 में नया पिलर-टू-पिलर ग्लास-पैनल फाशिया और डुअल-स्क्रीन सेटअप दिया गया है, जिसमें डिजिटल इंस्ट्रूमेंट्स और इंफोटेनमेंट सिस्टम के लिए डिस्प्ले शामिल हैं। इसमें रोल्स-रॉयस का स्पिरिट ऑपरेटिंग सिस्टम भी है, जो पहली बार ऑल-इलेक्ट्रिक स्पेक्ट्रे के साथ पेश किया गया था। इसकी एक्स-शोरूम कीमत 10.5 करोड़ रुपये से शुरू होती है, जबकि ब्लैक बैज कलिनन की कीमत 12.25 करोड़ रुपये (एक्स-शोरूम) है।

## सेंसेक्स की शीर्ष आठ कंपनियों का मार्केट कैप 1.21 लाख करोड़ बढ़ा

### सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही

नई दिल्ली (ईएमएस)। पिछले सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 सबसे कीमती कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 1,21,270.83 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है। सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 53,652.92 करोड़ रुपये बढ़कर 20,65,197.60 करोड़ रुपये हो गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बाजार हैसियत 18,518.57 करोड़ रुपये बढ़कर 7,16,333.98 करोड़ रुपये, भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 13,094.52 करोड़ रुपये बढ़कर 9,87,904.63 करोड़ रुपये,आईटीसी का मूल्यांकन 9,927.3 करोड़ रुपये बढ़कर 6,53,834.72 करोड़ रुपये, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार पूंजीकरण 8,592.96 करोड़ रुपये बढ़कर 15,59,052 करोड़ रुपये, एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 8,581.64 करोड़ रुपये बढ़कर 13,37,186.93 करोड़ रुपये, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मूल्यांकन 8,443.87 करोड़ रुपये बढ़कर 6,47,616.51 करोड़ रुपये और इन्फोसिस की बाजार हैसियत 459.05 करोड़ रुपये बढ़कर 7,91,897.44 करोड़ रुपये रही। इस रुख के विपरीत आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्यांकन 23,706.16 करोड़ रुपये घटकर 9,20,520.72 करोड़ रुपये रह गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 3,195.44 करोड़ रुपये घटकर 6,96,888.77 करोड़ रुपये पर आ गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी और एलआईसी का स्थान रहा।

# एफपीआई ने सितंबर में अब तक घरेलू शेयर बाजार में 57,359 करोड़ डाले

नई दिल्ली (ईएमएस)। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने सितंबर में अब तक घरेलू शेयर बाजारों में 57,359 करोड़ रुपये का निवेश किया है, जो उनके निवेश का नौ माह का उच्चस्तर है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा प्रमुख ब्याज दरों में 0.50 प्रतिशत की कटौती के बाद एफपीआई का भारतीय बाजार में निवेश लगातार बढ़ रहा है।




डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार इस साल एफपीआई का भारतीय शेयरों में निवेश एक लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है। एक शोध विश्लेषक कंपनी ने कहा कि आगे चलकर एफपीआई का प्रवाह मजबूत बना रहेगा। वैश्विक स्तर पर ब्याज दरों में कटौती तथा भारत की मजबूत बुनियाद की वजह से एफपीआई भारतीय बाजार पर दांव लगा रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के मुद्रास्फीति प्रबंधन तथा तरलता से संबंधित फैसले इस रफ्तार को कायम रखने के लिए महत्वपूर्ण होंगे। आंकड़ों के अनुसार एफपीआई ने 27 सितंबर तक शेयरों में 57,359 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है। अभी इस महीने का एक कारोबारी सत्र बचा है। यह दिसंबर, 2023 के बाद सबसे अधिक शुद्ध प्रवाह है। उस समय एफपीआई ने शेयरों में 66,135 करोड़ रुपये का निवेश किया था। जून से एफपीआई लगातार शुद्ध लिवाल बने हुए हैं। अप्रैल-मई में उन्होंने शेयरों से 34,252 करोड़ रुपये निकाले थे। कुल मिलाकर इस साल जनवरी, अप्रैल और मई को छोड़कर अन्य महीनों में एफपीआई शुद्ध खरीदार रहे हैं। जानकारों ने कहा कि कई वजहों ने भारतीय शेयर बाजारों में एफपीआई के प्रवाह में उछाल आया है। इसमें एक प्रमुख वजह अमेरिकी केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दर में कटौती का चक्र शुरू करना है। आंकड़ों के अनुसार सितंबर में अब तक एफपीआई ने ऋण या बॉन्ड बाजार में स्वैच्छिक प्रतिधारण मार्ग (वीआरआर) के माध्यम से 8,543 करोड़ रुपये और पूर्ण रूप से सुलभ मार्ग (एफआरआर) के माध्यम से 22,023 करोड़ रुपये डाले हैं।

# नवरात्र से पहले 2 से 3 रुपए सस्ता हो सकता है पेट्रोल-डीजल

### पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आखिरी बार दो रुपये प्रति लीटर की कटौती की गई थी

नई दिल्ली (ईएमएस)। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में राहत मिलने के संकेत नजर आ रहे हैं। दरअसल कच्चे तेल की कीमतों में हाल के सप्ताहों में आई कमी से पेट्रोलियम कंपनियों के वाहन ईंधन पर मुनाफे में सुधार हुआ है। इससे सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को पेट्रोल तथा डीजल की कीमतों में 2 से 3 रुपये प्रति लीटर की कटौती करने की गुंजाइश मिली है। एक रेटिंग एजेंसी ने ये जानकारी दी है। भारत द्वारा आयातित कच्चे तेल की कीमत सितंबर में औसतन 74 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल थी, जो मार्च में 83-84 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल थी। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आखिरी बार दो रुपये प्रति लीटर की कटौती की गई थी। इक्रा ने एक नोट में कहा गया है कि कच्चे तेल की कीमतों में कमी



के साथ हाल के सप्ताहों में भारतीय पेट्रोलियम विपणन कंपनियों (ओएमसी) के लिए मोटर वाहन ईंधन की खुदरा बिक्री पर विपणन मुनाफे में सुधार हुआ है। रेटिंग एजेंसी का अनुमान है कि यदि कच्चे तेल की कीमतें वर्तमान स्तर पर स्थिर रहीं तो खुदरा ईंधन कीमतों में कमी की गुंजाइश है। एजेंसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अनुमान लगाया जा रहा है कि 17 सितंबर तक अंतरराष्ट्रीय उत्पाद कीमतों की तुलना में ओएमसी की शुद्ध प्राप्ति पेट्रोल के लिए 15 रुपये प्रति लीटर और डीजल के लिए 12 रुपये प्रति लीटर अधिक रही। इन ईंधन के खुदरा बिक्री मूल्य (आरएसपी) मार्च, 2024 से यथावत हैं और ऐसा प्रतीत होता है कि अगर कच्चे तेल की कीमतें स्थिर रहती हैं तो उनके दो से तीन रुपये प्रति लीटर की कमी करने की गुंजाइश है। कच्चे तेल की कीमतों में पिछले कुछ महीनों में भारी गिरावट देखी गई है, जिसका मुख्य कारण कमजोर वैश्विक आर्थिक वृद्धि और उच्च अमेरिकी उत्पादन है। वहीं ओपेक एवं सहयोगी देशों ने गिरती कीमतों से निपटने के लिए अपने उत्पादन कटौती को वापस लेने के अपने फैसले को दो महीने के लिए आगे बढ़ा दिया। वहीं रविवार को दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रतिलिटर, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये रुपये प्रतिलिटर, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये रुपये प्रतिलिटर, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये रुपये प्रतिलिटर है। वहीं दिल्ली में डीजल 87.62 रुपये रुपये प्रतिलिटर, मुंबई में डीजल 92.15 रुपये रुपये प्रतिलिटर, कोलकाता में डीजल 91.76 रुपये रुपये प्रतिलिटर और चेन्नई में डीजल 92.34 रुपये रुपये प्रतिलिटर है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### इजराइल का दावा यासीन भी मारा गया

येरुशलम,(ईएमएस)।इजरायल ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण सैन्य कार्रवाई के तहत हिज्बुल्लाह के टॉप कमांडर हसन खलील यासीन को बेरूत के दक्षिणी उपनगर में हवाई हमले में मार गिराने का दावा किया है। इजराइली रक्षा बल (आईडीएफ) के अनुसार, यासीन हिज्बुल्लाह के खुफिया विभाग की एक यूनिट का नेतृत्व कर रहा था, जो इजराइल पर हमलों की योजना बना रही थी। आईडीएफ का कहना है कि यासीन हिज्बुल्लाह की मिसाइल और ड्रोन यूनिट्स के साथ मिलकर काम करता था और पिछले संघर्षों में नागरिकों और सैनिकों के खिलाफ आतंकी साजिशों में शामिल था। इजरायली अधिकारियों का दावा है कि उसने इजराइल पर आगामी हमलों की योजना बनाई थी। इस घटनाक्रम से क्षेत्र में तनाव और बढ़ने की आशंका है, और ईरान ने हिज्बुल्लाह के खिलाफ बढ़ते तनाव को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की तत्काल बैठक का आह्वान किया है। वहीं दूसरी तरफ हिज्बुल्लाह ने काऊक की मौत पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है, लेकिन उनके समर्थक शोक संदेश पोस्ट कर रहे हैं। यह स्थिति दोनों पक्षों के बीच मौजूदा संघर्ष को और बढ़ा सकती है।

### बलूचिस्तान प्रांत में हमलावरों ने मजदूरों को गोलियों से भूना, पीएम ने की निंदा

इस्लामाबाद,(ईएमएस)। पाकिस्तान के दक्षिण पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत में हुए हमले में सात मजदूरों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट में प्रांतीय सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि हमला प्रांत के पंजगुर जिले में शनिवार रात को किया गया।प्रवक्ता ने बताया कि मजदूर काम के लिए अस्थायी रूप से एक स्थानीय ठेकेदार के घर में सो रह रहे थे, जिस पर हमलावरों ने हमला कर दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतक पूर्वी पंजाब प्रांत के रहने वाले मजदूर थे। उन्होंने बताया कि घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। अभी तक किसी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने हमले की निंदा की है और बलूचिस्तान के सीएम को अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए हर संभव कोशिश करने का निर्देश दिया। पीएमओ ने एक बयान में शरीफ के हवाले से गया है कहा कि हम पाकिस्तानी धरती से आतंकवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### नसरल्लाह की मौत की रुस-चीन ने की निंदा, युद्ध रोकने का किया आग्रह

शंघाई,(ईएमएस)। लेबनान के हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह की इजरायली हमलों में मौत की खबर ने मध्य पूर्व और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को हिलाकर रख दिया है। इजरायल ने अत्याधुनिक एफ-35 लड़ाकू विमानों से हिजबुल्लाह के मुख्यालय पर 80 टन बम गिराए, जिससे नसरल्लाह और अन्य प्रमुख नेताओं की मौत हो गई। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इसे बदला करार दिया, जो हमास द्वारा इजरायल पर किए गए हमले का जवाब था।इस घटना के बाद चीन और रूस ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। चीन ने इसे लेबनान की संप्रभुता का उल्लंघन बताते हुए इजरायली की कार्रवाई की निंदा की और क्षेत्र में युद्ध को फैलने से रोकने के लिए तत्काल प्रयास करने का आग्रह किया है। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि सभी पक्षों को बिना देरी किए हिंसा रोकनी चाहिए। खासकर लेबनान और गाजा में।रूस ने भी इस हमले की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि यह एक राजनीतिक हत्या है और इसके गंभीर परिणामों होने की चेतावनी भी दी। वहीं तुर्किये ने भी इजरायली की इस कार्रवाई की निंदा की है। नसरल्लाह की मौत के बाद हिजबुल्लाह और इजरायल के बीच संघर्ष और तेज हो सकता है। यह घटना मध्य पूर्व में पहले से ही तनावपूर्ण स्थिति को और भड़का सकती है, जहां इजरायल और हमास के बीच भीषण संघर्ष जारी है।

### अमेरिका ने राजनयिकों के परिवारों को लेबनान छोड़ने का दिया आदेश

बैरूत,(ईएमएस)। अमेरिकी ने सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए लेबनान से अपने अमेरिकी राजनयिकों के परिवारों को देश छोड़ने का आदेश दिया है। यह फैसला बेरूत में सुरक्षा की बिगड़ती स्थिति और हिज़्बुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह की मौत के बाद संभावित बढ़ते संघर्ष के मद्देनजर लिया गया है। दूतावास ने गैर-आवश्यक कर्मचारियों को भी देश छोड़ने की सलाह दी है। अमेरिकी विदेश विभाग ने अपने बयान में कहा कि बेरूत में हाल के हवाई हमलों और पूरे लेबनान में सुरक्षा अस्थिरता के कारण अमेरिकी नागरिकों को तुरंत लेबनान छोड़ने की सिफारिश की है, क्योंकि स्थिति और ज्यादा गंभीर हो सकती है।

### नसरल्लाह का खात्मा आतंकी हमलों से पीड़ितों के लिए न्यायः बाइडन

वाशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने हिज़्बुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह की मौत को न्यायोजिकत बताया है। नसरल्लाह जिसकी मौत एक इजरायली हवाई हमले में हुई है। चार दशकों से हिज़्बुल्लाह का नेतृत्व करने और कई अमेरिकी, इजरायली और लेबनानी नागरिकों की मौत का ज़िम्मेदार होने का आरोप नसरल्लाह पर था। बाइडन ने कहा कि नसरल्लाह का खात्मा इज़राइल के खिलाफ किए गए आतंकी हमलों से पीड़ितों के लिए न्याय है। खासतौर पर वे अमेरिकी जो उनके नेतृत्व में मारे गए थे।बाइडन ने यह भी कहा कि नसरल्लाह ने 7 अक्टूबर, 2023 के हमास के हमले के बाद उत्तरी सीमा पर इज़राइल के खिलाफ मोर्चा खोलने का फैसला लिया था। इसके जवाब में, अमेरिका ने इज़राइल के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन किया और आतंकवादी समूहों के खिलाफ उसकी कार्रवाइयों को सही ठहराया।

### इजरायल हमले में नसरल्लाह की मौत पर सीरिया में मना जश्न

दमिश्क,(ईएमएस)। इजरायल ने लेबनान की राजधानी बेरूत में हिज्बुल्लाह मुख्यालय पर हमला कर उसे जमींदोज कर दिया। इस हमले में हिज्बुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह समेत संगठन के कई टॉप कमांडर मारे गए हैं। एक तरफ जहां इस्लामिक वर्ल्ड में नसरल्लाह की मौत का मातम है, वहीं दूसरी ओर सीरिया में उसके खात्मे का जश्न मनाया जा रहा है। हसन नसरल्लाह का कद अरब वर्ल्ड में एक नायक के रुप में है और इसके पीछे की सबसे बड़ी वजह है, इजरायल के सामने उसका प्रतिरोध। लेकिन इसी अरब वर्ल्ड में बहुत सारे लोग नसरल्लाह को खलनायक भी मानते हैं।

### नेतन्याहू के तीखे तेवर बोले- वो तुम्हे मारे इससे पहले तुम उसे मार डालो

न्यूयार्क(ईएमएस)। इजरायल द्वारा हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह की हत्या के बाद अपने पहले सार्वजनिक बयान में प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल ने अनगिनत इजरायलियों और कई अमेरिकी और फ्रांसीसी नागरिकों की हत्याओं के लिए जिम्मेदार एक मास मर्डरर (सामूहिक हत्यारे) से अपना हिसाब चुकता कर लिया है। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र की अपनी यात्रा से लौटने के बाद उन्होंने कहा कि हसन नसरल्लाह की हत्या एक ऐतिहासिक मोड़ था। उन्होंने कहा कि नसरल्लाह की मौत इजरायल के टारगेट्स को हासिल करने के लिए एक जरूरी शर्त थी। पीएम ने यहां तक कह दिया की दुश्मन आपको मारने के लिए उठे इससे पहले आप उसे मार डालो।नेतन्याहू ने कहा कि ये महत्वपूर्ण दिन हैं, हम उस स्थिति में हैं जिसे ऐतिहासिक मोड़ के रूप में देखा जाएगा। एक साल पहले, 7 अक्टूबर को, हमारे दुश्मनों ने हम पर हमला किया और सोचा कि इज़रायल का सफाया होने वाला है। एक साल बाद हमने एक के बाद एक झटके दिए और एक के बाद एक उपलब्धि हासिल की। हम जीत रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम अपने दुश्मनों पर हमला जारी रखने, अपने निवासियों को उनके घरों में वापस लाने और अपने सभी बंधकों को वापस लाने के लिए दृढ़ हैं। हम उन्हें एक पल के लिए भी नहीं भूलते। मेरे भाइयों और बहनों, प्रिय इज़राइल के नागरिकों, आज मैं आपको ज़ोर देकर कहता हूं कि फिर से हम साथ मिलकर लड़ेंगे। और ईश्वर की मदद से हम साथ मिलकर जीतेंगे। एक रिपोर्ट के अनुसार इजरायली प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने हसन नसरल्लाह को निशाना बनाकर हमले करने के निर्देश दिए थे, क्योंकि हाल के दिनों में इजरायली रक्षा बलों द्वारा हिज्बुल्लाह पर किए जा रहे हमले पर्याप्त नहीं थे। नेतन्याहू ने आगे कहा कि नसरल्लाह ईरान की बुराई की धुरी का केंद्रीय इंजन था। उन्होंने कहा कि इजरायल अपने दुश्मनों पर हमला जारी रखने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

# लेबर पार्टी की सांसद डफील्ड ने दिया इस्तीफा पीएम स्टारमर पर लगाए गंभीर आरोप

### वर्तमान नीतियों की आलोचना, पार्टी के फैसलों को क्रूर और अनावश्यक बताया



लंदन,(ईएमएस)। कैंटरबरी की सांसद रोजी डफील्ड ने लेबर पार्टी से इस्तीफा दे दिया है साथ ही पीएम कीर स्टारमर और पार्टी की वर्तमान नीतियों की आलोचना भी की। डफील्ड, जो 2017 से कैंटरबरी का प्रतिनिधित्व कर रही थीं, उन्होंने पार्टी के फैसलों को क्रूर और अनावश्यक करार दिया। उन्होंने कहा कि इन नीतियों ने न सिर्फ जनता को बल्कि खुद पार्टी सांसदों को भी निराश किया है।इस्तीफे में डफील्ड ने सीधे तौर पर पीएम स्टारमर पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्टारमर ने 2019 से 1,07,145 पाउंड मूल्य के महंगे तोहफे स्वीकार किए हैं, जिनमें सूट और चश्मे शामिल हैं। डफील्ड ने इसे आम जनता की पहुंच से बाहर बताते हुए इसे पार्टी की नीतियों और विचारधारा के विपरीत बताया है। उन्होंने लिखा कि मैं यह देखकर शर्मिंदा हूं कि आपने और आपकी टीम ने गौरवशाली पार्टी को किस तरह बदनाम कर दिया है।डफील्ड ने लेबर पार्टी की उन नीतियों की आलोचना की जो दो बच्चों की लाभ सीमा को बनाए रखने और बुजुर्गों के सर्दियों के ईंधन भुगतान को सीमित करती हैं। उन्होंने कहा कि यह नीतियां गरीबों के खिलाफ अन्याय हैं और अमीरों के हित में बनाई गई हैं। उन्होंने कहा कि जब गरीबों के लिए सरकार के फैसले इतने कठोर हैं, वहीं पीएम और उनकी टीम महंगे इवेंट्स में मुफ्त तोहफों का मजा ले रहे हैं।डफील्ड ने अपने इस्तीफे में डायने एबॉट का भी जिक्र किया। बता दें एबॉट ने आरोप लगाया था कि उन्हें आगामी आम चुनावों में लेबर पार्टी द्वारा चुनाव में खड़ा होने से रोका गया था। हालांकि, कीर स्टारमर ने बाद में कहा कि एबॉट हेक्नी नॉर्थ और स्टोक न्यूइंगटन से खड़ी हो सकेंगी। डफील्ड ने इसे पार्टी के अंदरूनी विभाजन और असहमति के रूप में प्रस्तुत किया। डफील्ड पहले भी लैंगिक मुद्दों पर पार्टी नेतृत्व से असहमति जता चुकी हैं।लेबर पार्टी के ट्रांसजेंडर सुधारों का उन्होंने खुले तौर पर विरोध किया था। इस मुद्दे पर पार्टी में उनके प्रति नाराजगी भी देखी गई थी। सोशल मीडिया पर उनके इस्तीफे के बाद तीखी प्रतिक्रिया हुई। लेबर सांसद नादिया व्हिटोम ने कहा कि पार्टी को पहले ही डफील्ड से दूरी बना लेनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि रोजी डफील्ड ने सबसे कमजोर समुदायों को अमानवीय बनाने का काम किया है। वहीं, प्रसिद्ध लेखिका जे.के. रोलिंग ने डफील्ड का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि डफील्ड ने महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों के लिए आवाज उठाई है और उन्हें साहसी महिला बताया।

### चिंपांजी ने कर दी 8 माह की बच्ची की हत्या

लंदन (ईएमएस)। बंदर और उनकी विभिन्न प्रजातियां इंसानों के काफी करीब मानी जाती हैं, उनके व्यवहार में इंसानों की तरह प्यार, गुस्सा और भावुकता दिखाती है। लेकिन हाल ही में गिनी में हुई एक घटना ने सभी को चौंका दिया है। इस घटना में एक चिंपांजी ने महिला की गोद से उसकी 8 माह की बेटी को छीना और फिर बेरहमी से बच्ची की हत्या कर दी।रिपोर्ट्स के अनुसार, यह दुखद घटना गिनी के बोसू में हुई। सेनी जोगबा नाम की एक मां अपने बच्चे योह हेलेन के साथ कसावा फल के खेतों में काम कर रही थी, तभी अचानक एक चिंपांजी वहां आ पहुंचा। इस चिंपांजी ने पहले मां को काटा और फिर बच्ची को छीनकर जंगल की ओर भाग गया। चिंपांजी ने बच्ची को निंबा माउंटेंस नेचर रिजर्व से करीब 3 किलोमीटर दूर ले जाकर उसकी हत्या कर दी।जब बच्ची की लाश मिली, तब देख पाना भी मुश्किल था। यह चिंपांजी, इस जेजे नाम से जाना जाता है, इंसानों द्वारा बनाए गए औजारों का इस्तेमाल करने के लिए जाना जाता है।

# नेपाल में भूस्खलन और बाढ़ से 66 की मौत, कई लोग लापता



काठमांडू,(ईएमएस)। नेपाल में मूसलाधार बारिश से भूस्खलन और बाढ़ ने भारी तबाही मचा दी है। गृह मंत्रालय ने जानकारी देते हुए बताया कि इसमें 66 लोगों की मौत हुई और 60 लोगों के घायल होने की खबर है।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ऋषिराम तिवारी ने एक बयान में कहा कि 69 लोग लापता हैं। सबसे ज्यादा नुकसान काठमांडू घाटी में हुआ है। यहां 34 लोगों की मौत हुई है। सुरक्षा बलों ने तीन हजार से ज्यादा लोगों का रेस्क्यू किया है। सरकार ने घायलों को मुफ्त इलाज और इस तबाही में सिर से छत गंवा चुके लोगों के लिए जल्द पुनर्वास का काम शुरू करने का फैसला लिया है। उन्होंने आगे कहा कि देश के कई हिस्सों में राजमार्ग और पुल भी नष्ट हो गए हैं। राजमार्गों को साफ करना सरकार की पहली प्राथमिकता है।नेपाल पुलिस ने कहा कि प्राकृतिक आपदा से देश के बाकी हिस्सों से काठमांडू से जोड़ने वाले राजमार्गों सहित करीब सभी राजमार्ग पर आवागमन ठप हो गया है। भूस्खलन की वजह से काठमांडू के सभी प्रवेश मार्ग अवरुद्ध हो गए हैं। नेपाल के शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इस बीच सभी राज्य सरकारों से रविवार से तीन दिन के लिए स्कूल बंद रखने और मंगलवार तक सभी विश्वविद्यालय स्तर की परीक्षाओं को स्थगित करने का अनुरोध किया है।नेपाल में इस साल मानसून में औसत से ज्यादा बारिश हुई है। उफनती नदियों से काठमांडू के कुछ हिस्सों में पानी भर गया है। कई घर डूब गए हैं और लोगों को ऊपरी मंजिल पर जाना पड़ा है। चार लोगों को लेने के लिए सेना के हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया गया था। ये लोग अपने घर छोड़ने में असमर्थ थे। काठमांडू के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति और इंटरनेट सेवा काफी समय तक बाधित रही।

# सुनीता विलियम्स को अंतरिक्ष से वापस लाने का मिशन शुरु,फरवरी में धरती पर होगी लैंडिंग



न्यूयॉर्क(ईएमएस)। जून में कुछ दिनों के लिए नासा के अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर, जो अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर भेजा गया था। इसके बाद कुछ तकनीकि कारणों के चलते उनकी वापसी अभी तक नहीं हो पाई है। लेकिन अब पूरी तैयारी के साथ दोनों वैज्ञानिकों को धरती पर लाने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने इस रेस्क्यू मिशन के लिए अपने कैप्सूल को अंतरिक्ष में भेजा है। इस मिशन की जिम्मेदारी नासा के अनुभवी अंतरिक्ष यात्री निक हेग और रूस के अलेक्जेंडर गोरबुनोव पर है, जो आईएसएस के लिए उड़ान भर रहे हैं। दोनों का मुख्य कार्य विलियम्स और विल्मोर को सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाना है। इस मिशन की सफलता के बाद विलियम्स और विल्मोर को फरवरी के अंत तक धरती पर वापस लाया जाएगा। इस दौरान, सुनीता विलियम्स को अंतरिक्ष स्टेशन के कमांडर के रूप में प्रोमोट किया गया है, जबकि नासा की टीम उनके सुरक्षित वापसी के लिए लगातार काम कर रही है। विलियम्स और विल्मोर की वापसी से आईएसएस पर क्रू की संख्या फिर से सामान्य हो जाएगी, क्योंकि फिलहाल आईएसएस पर नौ लोग मौजूद हैं, जबकि क्षमता सिर्फ सात लोगों की है।सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर इसी साल जून में कुछ दिनों के लिए आईएसएस पर भेजे गए थे, लेकिन तकनीकी कारणों से उनकी वापसी में देरी हो गई। बोइंग के स्टारलाइनर यान, जो उन्हें वापस लाने के लिए भेजा गया था, थ्रस्टर और हीलियम लीक जैसी समस्याओं के कारण खाली लौट आया। इस असफलता के बाद नासा ने स्पेसएक्स के साथ समझौता किया और उनके यान को इस मिशन के लिए इस्तेमाल करने का निर्णय लिया।नासा ने इस बचाव मिशन के लिए स्पेसएक्स के यान में दो सीटें खाली रखने का समझौता किया है। स्पेसएक्स के इस कैप्सूल में चार सीटें हैं, जिनमें से दो सीटें निक हेग और अलेक्जेंडर गोरबुनोव के लिए और दो विलियम्स और विल्मोर की वापसी के लिए रखी गई हैं। हालांकि नासा हर छह महीने में आईएसएस के क्रू को बदलता है, लेकिन इस आपात स्थिति के कारण कुछ योजनाओं में बदलाव करना पड़ा है। शुरुआत में नासा ने ज़ेना कार्डमैन और स्टेफ़नी विल्सन को इस मिशन में भेजने का निर्णय लिया था, लेकिन उनके स्थान पर अब रेस्क्यू मिशन को प्राथमिकता दी गई है।

# अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव : ट्रंप ने कमला हैरिस को बताया मानसिक रूप से विकलांग



वाशिंगटन(ईएमएस)। अमेरिका में राष्ट्रपति का चुनाव चल रहा है और नंवबर में राष्ट्रपति के नाम पर अंतिम मोहर लगेगी। इससे पहले दोनों उम्मीदवारों के बीच तीखे हमले तेज होते जा रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार हैं और एक दूसरे पर तीखे हमले कर रहे हैं। इस बार रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने उपराष्ट्रपति कमला हैरिस पर तीखा व्यक्तिगत हमला किया है। ट्रंप ने शनिवार को एक रैली में कमला हैरिस की बुद्धिमत्ता पर सवाल उठाते हुए उन्हें मानसिक रूप से विकलांग तक कह दिया। यह बयान उस समय आया जब हैरिस ने दक्षिणी सीमा का दौरा किया और शरणार्थियों पर नकेल कसने के साथ सुरक्षा बढ़ाने का वादा किया था।हैरिस की हालिया सीमा यात्रा का उद्देश्य अवैध रूप से सीमा पार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना और शरणार्थियों पर नियंत्रण स्थापित करना था। ट्रंप ने उनकी इन टिप्पणियों को बकवास करार देते हुए उनकी आलोचना की। चुनावी अभियान के दौरान ट्रंप की यह टिप्पणी एक और विवाद खड़ा कर सकती है, विशेष रूप से ऐसे वक्त में जब वे अपने बयानबाजी में आक्रामक रुख अपना रहे हैं।विस्कॉन्सिन के प्रेयरी डू चिएन में आयोजित रैली में ट्रंप ने एक घंटे से ज्यादा समय तक चले अपने भाषण में हैरिस को बार-बार निशाना बनाया। उन्होंने राष्ट्रपति जो बाइडेन की मानसिक क्षमताओं पर भी सवाल उठाते हुए कहा, जो बाइडेन मानसिक रूप से विकलांग हो गए हैं, कमला का जन्म इसी तरह हुआ था। ट्रंप ने हैरिस की सीमा नीतियों पर टिप्पणी करते हुए कहा, केवल एक मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति ही हमारे देश के साथ ऐसा होने की अनुमति दे सकता है।यह बयान ऐसे समय में आया है जब चुनावी सर्वेक्षणों में उम्मीदवारों के बीच कड़ी टक्कर देखी जा रही है। हालिया सर्वेक्षण में 69 प्रतिशत मतदाताओं ने हैरिस को बुद्धिमान बताया, जबकि ट्रंप के लिए यह आंकड़ा 60 प्रतिशत से कम था। इस सर्वे में हैरिस को 71 प्रतिशत स्वतंत्र मतदाताओं का समर्थन भी मिला।

### हानिया, सिनवार और नसरल्लाह के खात्मे के बाद अब किसका नंबर है!

तेहरान,(ईएमएस)। नसरल्लाह की हत्या के बाद ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खामनेई ने खुद को सुरक्षित जगह पर छिपा लिया है, जिससे यह संकेत मिलता है कि उन्हें भी इजरायली हमलों का डर सताने लगा है। अब देखना होगा कि इजरायल गाजा और लेबनान के बाद अपने सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी ईरान पर भी हमला करता है या नहीं। इजरायल और ईरान के बीच लंबे समय से चल रही अदावत से दुनिया वाकिफ है, और इस नई घटना ने इस संघर्ष को और भी तीव्र बना दिया है। अब सवाल उठने लगा है कि आखिरकार हानिया,सिनवार और नसरल्लाह के बाद अब इजरायल की रडार पर कौन है।नसरल्लाह की मौत के बाद अब यह सवाल उठ रहा है कि क्या इजरायल अपने दुश्मन ईरान से भी बदला लेगा, क्योंकि हिजबुल्लाह और हमास को पर्दे के पीछे से समर्थन देने वाला मुख्य खिलाड़ी ईरान ही है। हिजबुल्लाह के साथ लंबे समय से जुड़े नसरल्लाह ने संगठन को बेहद ताकतवर बनाया था, और ईरान के साथ उसके गहरे संबंध थे। नसरल्लाह की मौत के बाद, इजरायल के लिए राहत की सांस लेना स्वाभाविक है, क्योंकि हिजबुल्लाह अब एक बड़े झटके का सामना कर रहा है। इजरायल इससे पहले हमास के चीफ इस्माइल हानिया और याह्या सिनवार को भी मार चुका है, जिससे हमास की शक्ति को भी काफी कमजोर कर दिया गया था। 7 अक्टूबर के हमलों के बाद से इजरायल अपने दुश्मनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रहा है, और अब उसने हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह को मौत के घाट उतार दिया है। इजरायली सेना द्वारा की गई एयरस्ट्राइक में नसरल्लाह की मौत की पुष्टि खुद हिजबुल्लाह ने भी की है। नसरल्लाह का मारा जाना इजरायल के लिए एक बड़ी जीत मानी जा रही है, क्योंकि वह इजरायल का प्रमुख दुश्मन था और पिछले कई दशकों से लेबनान और ईरान की मदद से इजरायल के खिलाफ मोर्चा संभाले हुए था।

### मशहूर पेंटर वैन गॉग की पेंटिंग बिकी 32.2 मिलियन डॉलर में

विक्टोरिया। चीन प्रशासनिक क्षेत्र हांगकांग के मशहूर पेंटर विन्सेंट वैन गॉग की पेंटिंग 'लेस कैनोट्स अमारेस' ने इतिहास रच दिया। इस पेंटर की पेंटिंग 32.2 मिलियन डॉलर में बिकी। भारतीय करेंसी में यह राशि 269 करोड़ 24 लाख 07 हजार 830 रुपये के बराबर है।वैन गॉग द्वारा यह पेंटिंग 1887 में बनाई गई थी, जब वह पेरिस के बाहरी इलाके में बोटिंग हब के आस-पास मौजूद थे। वैन गॉग की इस पेंटिंग की बिक्री ने यह साबित कर दिया कि कला के प्रति रुचि आज भी उच्चतम स्तर पर बनी हुई है और यह आने वाले समय में और भी बढ़ने की संभावना है। यह पेंटिंग उनके द्वारा बनाई गई कुल 40 पेंटिंग में से एक है, जो उनके पुराने यथार्थवादी पेंटिंग बनाने के तरीके को छोड़कर एक जीवंत पैलेट और ब्रश के साथ बनी थी। वैन गॉग ने अपनी बहन विलेमियन को अक्टूबर 1887 में लिखे एक पत्र में कहा था कि उन्होंने उस गर्मी में असनीरेस में लैंडस्केप बनाते समय पहले से कहीं अधिक रंग देखे। जानकारी के अनुसार, हाउस ऑफ बॉर्बन टू सिसिली की राजकुमारी कैमिला ने इस पेंटिंग को वैन गॉग के करियर के महत्वपूर्ण क्षणों में से एक बताया।उन्होंने कहा कि एशियाई बाजार में संग्रहकर्ताओं के मजबूत और बढ़ते आधार को देखते हुए।

# हिजबुल्लाह चीफ को मारने के लिए 20 साल से तैयारी कर रहा था इजरायल



तेल अवीव(ईएमएस)। इजरायल ने खुफिया इनपुट पर उत्तर पूर्वी लेबनान के बेका घाटी इलाके में हवाई हमला किया और नसरल्लाह समेत उसकी बेटी और कई लोगों को एक झटके में मार डाला। इजरायल के पेजर, वॉकी-टॉकी अटैक, हथियारों के जखीरों का खात्मा और कई हिजबुल्लाह कमांडरों की हत्या इसी खुफिया जानकारी के बाद अंजाम दी गई। इजरायल इस पर पिछले 20 साल से इस पर काम कर रहा था और यह अब काम आ रहा है। बता दें कि नसरल्लाह 2006 के बाद से इजरायली हमले के डर से कभी सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आए। वे सिर्फ अपने वीडियो के जरिए ही लोगों को संदेश भेजते थे। रिपोर्ट है कि हिजबुल्लाह के भीतर घुसपैठिए की सूचना पर नसरल्लाह मारे गए।इजरायल ने जिस अंदाज में सैकड़ों बमों से भरे पेजर और वॉकी-टॉकी से विस्फोट किए और इजरायल में बैठे-बैठे हिजबुल्लाह आतंकियों को मार डाला। यह खुफिया जानकारी होने का पहला सबूत है। इतना ही नहीं इसके बाद एक ही वार में 1600 ठिकानों पर हमले करके 700 लोगों को मार डाला। हालांकि इस ऑपरेशन में सैकड़ों मासूम भी मारे गए। फिर हिजबुल्लाह के ड्रोन कमांडर मोहम्मद सुरूर को मार डाला। अब कमांड मुख्यालय पर हमला करके नसरल्लाह की हत्या कर दी। हफ्तेभर में इजरायल हिजबुल्लाह के शीर्ष नेतृत्व की हत्या कर चुका है। इजरायली समर्थक एक सूत्र ने हमले से 24 घंटे पहले बताया था कि इजरायल ने 20 वर्षों तक हिजबुल्लाह पर खुफिया प्रयासों को केंद्रित किया है और वह जब चाहे नसरल्लाह पर हमला कर सकता है, यहां तक कि मुख्यालय पर भी। उसने इजरायल की खुफिया जानकारी को शानदार और बेहद सटीक बताया, हालांकि विस्तृत जानकारी नहीं दी।इजरायल को कैसे मालूम हुआ कि हसन नसरल्लाह ईरानी सेना के डिप्टी जनरल और अपने परिवार के साथ लेबनान स्थित हिजबुल्लाह हेडक्वार्टर में मीटिंग कर रहा है? नसरल्लाह की हत्या के बाद हिजबुल्लाह के सामने घुसपैठियों की फौज से निपटना बड़ी चुनौती बन गया है। इजरायल लगातार मिल रही सटीक सूचनाओं के आधार पर हिजबुल्लाह को खत्म कर रहा है। एक हफ्ते के भीतर इजरायल ने हिजबुल्लाह को जिस तरह तबाह कर दिया है, उतनी जल्दी और आसानी से हमास पर विजयी नहीं हुई।बताया जा रहा है कि शुक्रवार रात को इजरायली सेना को हिजबुल्लाह के अंदर बैठे इजरायली सोर्स ने नसरल्लाह की लोकेशन बताई। उस वक्त इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू न्यूयॉर्क सम्मेलन के लिए गए थे। नेतन्याहू ने अमेरिका से ही सेना को हमले का ऑर्डर दिया और सेना की लड़ाकू टोली ने लेबनान में कूच किया और 18 साल से अंडरग्राउंड नसरल्लाह को मार डाला।

### विश्वयुद्ध के मुहाने पर दुनिया- नसरल्लाह की मौत के बाद मध्य पूर्व में तनाव

तेलअवीव(ईएमएस)। हिजबुल्लाह प्रमुख नसरल्लाह की मौत के बाद मध्य पूर्व में तनाव बढ़ गया है। खासकर इजरायल और ईरान के बीच तो कुछ हो सकता है,कि स्थित का अंदाजा लगाया जा रहा है। यहां तक कहा जाने लगा है कि इस वक्त दुनिया विश्वयुद्ध के मुहाने पर है। कभी भी कुछ भी हो सकता है। इस हमले के बाद से इलाके में भय और तनाव का माहौल है। लेबनान में लगभग 100,000 लोग विस्थापित हो गए हैं, जबकि इजरायल के उत्तरी क्षेत्र भी हिज़बुल्लाह के रॉकेट हमलों का सामना कर रहे हैं।इजरायली हमले से लेबनान में अफरा-तफरी मच गई और कई रिहायशी इमारतें भी नष्ट हो गईं। लेबनानी अधिकारियों के अनुसार, बेरूत के आसपास हुए इन हमलों में छह लोगों की मौत हुई और 90 से अधिक लोग घायल हो गए। हिज़बुल्लाह ने अपने बयान में इस हमले को क्रूर बताते हुए कहा कि इसमें निर्दोष नागरिकों की जान गई है और संगठन ने किसी भी हथियार या मिसाइल भंडार की उपस्थिति को खारिज किया। इस हमले के बाद से इलाके में भय और तनाव का माहौल है। लेबनान में लगभग 100,000 लोग विस्थापित हो गए हैं, जबकि इजरायल के उत्तरी क्षेत्र भी हिज़बुल्लाह के रॉकेट हमलों का सामना कर रहे हैं।इजरायल ने हाल ही में लेबनान में हिज़बुल्लाह के प्रमुख हसन नसरल्लाह के मुख्यालय पर बड़े पैमाने पर हमला किया, जिससे क्षेत्र में भारी तबाही हुई। यह हमला शुक्रवार और शनिवार की दरम्यानी रात को बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में हुआ, जहां हिज़बुल्लाह का मुख्यालय स्थित था। इजरायली डिफेंस फोर्स ने नसरल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाकर 85 बंकर-बस्टर बम गिराए, जिससे नसरल्लाह के भूमिगत मुख्यालय में भारी नुकसान हुआ। इजरायल ने दावा किया कि इस हमले के दौरान नसरल्लाह भी मुख्यालय में मौजूद थे और उनकी मौत हो गई। हालाँकि, इस दावे की अब तक हिज़बुल्लाह या ईरान ने पुष्टि नहीं की है।इजरायली सेना के अनुसार, इस हमले का मुख्य उद्देश्य हिज़बुल्लाह के हथियारों के भंडार को नष्ट करना था। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस हमले को न्यायोचित ठहराते हुए कहा कि जब तक हिज़बुल्लाह इजरायल के खिलाफ हिंसा जारी रखेगा, इजरायल के पास अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। इजरायली सेना ने दावा किया कि इस हमले में हिज़बुल्लाह के मिसाइल यूनिट के प्रमुख और कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मारे गए।

## भारत और बांग्लादेश के बीच तीसरे दिन का खेल भी बारिश से धुला




कानपुर (ईएमएस)। भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन का खेल भी बारिश के कारण रद्द हो गया। बारिश के कारण तीसरे दिन भी एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी। सुबह आउटफील्ड गीला होने के कारण मैच पहले लंच तक के लिए स्थगित कर दिया गया। मैदानकर्मियों ने 11.15 के आसपास बारिश रूकने पर तीन सुपर सोपर्स लगाए पर इसके बाद भी मैदान नहीं सूखा। रोशनी भी कम थी इसलिए सवा 2 बजे मैच अधिकारियों ने निरीक्षण के बाद खेल रद्द कर दिया। वहीं इससे पहले दूसरे दिन का खेल भी बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बगैर रद्द कर दिया गया था। आज तीसरे दिन भी सुबह हल्की बारिश हो रही थी। इसके कारण मैच शुरु होने के समय को लगातार आगे बढ़ाया गया पर जब खेल होने की कोई संभावना नहीं दिखी तो इसे रद्द करने के अलावा कोई चारा नहीं बचा।
वहीं मौसम विभाग के अनुसार सोमवार और मंगलवार को आसमान साफ रहने की संभावना है। ऐसे में दो दिन बचे होने के कारण मैच ड्रॉ होना तय लग रहा है। पहले दिन बांग्लादेश ने तीन विकेट पर 107 रन बनाए थे और 35 ओवर ही फेंके जा सके थे उसके बाद बारिश के कारण खेल नहीं हो पाया। भारतीय टीम दो मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे है।

## केकेआर के मेंटर बने ब्रावो



मुम्बई (ईएमएस)। वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर ड्वेन ब्रावो इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2025 सत्र के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मेंटर होंगे। इससे पहले वह चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में गेंदबाजी कोच रहे थे। ब्रावो को केकेआर में गौतम गंभीर की जिम्मेदारी दी गयी है। ब्रावो ने 2021 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था और पिछले साल इंडियन प्रीमियर लीग से भी संन्यास ले लिया था।
इस क्रिकेटर ने कहा कि मैंने केकेआर का मेंटर बनने का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है। मैं इससे पहले सीएसके में रहा था इसलिए उसका भी आभार व्यक्त करता हूं। साथ ही कहा कि सीएसके में मेरे प्रशंसकों और दुनिया भर के सभी सीएसके प्रशंसकों से मैं आपसे हमेशा की तरह मुझे अपना आशीर्वाद और समर्थन देने का अनुरोध करता हूं। मुझे पता है कि यह आप लोगों के लिए एक मुश्किल क्षण है पर यह एक ऐसा क्षण है जिसके लिए मैं आपको प्रोत्साहित करता हूं। मैं जो कुछ भी करता हूं उसमें मेरा समर्थन करना जारी रखें।
ब्रावो ने आईपीएल में सीएसके के साथ 4 आईपीएल खिताब जीते हैं। उनके नाम आईपीएल इतिहास में 183 विकेट हैं। उन्होंने 2013 और 2015 में पर्पल कैप भी जीती थी। ब्रावो अपने जीवन में आने वाले नए अध्याय को लेकर उत्साहित हैं।

## आईपीएल नीलामी में चुने जाने के बाद खेलने से इंकार करने वाले विदेशी खिलाड़ियों पर लगेगा प्रतिबंध



मुम्बई (ईएमएस)। अब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में नीलामी में खरीदे जाने के बाद उपलब्ध नहीं रहने वाले विदेशी खिलाड़ियों पर प्रतिबंध लगेगा। आईपीएल जनरल काउंसिल (आईपीएल जीसी) ने नीलामी में चुने जाने के बाद बिना किसी वैध कारण के नहीं खेलने वाले विदेशी खिलाड़ियों पर दो साल का प्रतिबंध लगेगा। हालांकि चोटिल होने या किसी और आवश्यक कार्य से बाहर रहने वाले खिलाड़ियों पर कार्रवाई नहीं होगी।
आईपीएल जीसी की ओर से कहा गया, कोई भी खिलाड़ी जो नीलामी के लिए पंजीकरण करता है और नीलामी में चुने जाने के बाद सत्र की शुरुआत से पहले अपने को उपलब्ध नहीं बताता है तो उसे दो सत्र के लिए नीलामी में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। वहीं अनफिट होने पर उसकी पुष्टि उसके घरेलू बोर्ड को करनी होगी तभी उसे सही माना जाएगा। प्रतिबंध के अलावा आईपीएल ने मिनी-नीलामी में खिलाड़ियों की फीस को विनियमित करने के लिए भी उपाय पेश किए हैं। विदेशी खिलाड़ियों को अब बाद की मिनी नीलामी में शामिल होन के लिए मेगा नीलामी में पंजीकरण करना होगा। यह नियम खिलाड़ियों को मिनी नीलामी में संभावित रूप से उच्च बोली हासिल करने के लिए मेगा नीलामी को छोड़ने से रोकता है।
आईपीएल ने मिनी-नीलामी में विदेशी खिलाड़ियों के लिए अधिकतम शुल्क भी लागू किया है। यह सीमा 18 करोड़ रुपए की उच्चतम प्रतिधारण कीमत या पिछली मेगा नीलामी से उच्चतम नीलामी मूल्य, जो भी कम हो उस पर निर्धारित की जाएगी। इसका उद्देश्य मिनी नीलामी में खिलाड़ियों की कीमतों में वृद्धि को रोकना है, जहां टीमें अक्सर विशिष्ट स्क्वाड अंतराल को भरने के लिए प्रीमियम दरों का भुगतान करती हैं।

# भारतीय निशानेबाजों ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप में दो स्वर्ण जीते



लिमा (ईएमएस)। भारतीय निशानेबाजों ने पेरू में खेली जा रही आईएसएसएफ जूनियर विश्व निशानेबाजी चैंपियनशिप में अच्छी शुरुआत करते हुए दो स्वर्ण पदक जीते हैं। भारतीय खिलाड़ियों ने पुरुषों और महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धाओं में ये पदक जीते हैं। भारत के चौधरी, प्रद्युम्न सिंह और मुकेश नेलावल्ली ने 10 मीटर एयर पिस्टल की पुरुष टीम प्रतियोगिता में 1726 अंकों को हासिल कर नंबर एक स्थान शीर्ष स्थान पाया। भारतीय निशानेबाज दूसरे स्थान पर रहने वाले रोमानियाई निशानेबाजों से 10 अंक आगे रहे। वहीं इटली के निशानेबाज 1707 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे और उन्हें कांस्य पदक जीता। भारत को हालांकि एक निशानेबाज उमेश चौधरी को फाइनल के लिए देर से पहुंचने से नुकसान हुआ और उनके दो अंक काटे गये जिससे वह व्यक्तिगत वर्ग में स्वर्ण नहीं जीत पाये।
चौधरी और प्रद्युम्न ने पहले क्वालीफिकेशन राउंड में तीसरे और चौथे स्थान पर रहते हुए व्यक्तिगत वर्ग से फाइनल में जगह बनाई थी। चौधरी ने 580 और प्रद्युम्न ने 578 अंक हासिल किये पर वे व्यक्तिगत पदक हासिल नहीं कर पाये और छठे व आठवें स्थान पर रहे। वहीं रोमानिया के लुका जोलिड़िया ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि चीनी ताइपे के हसिह शियांग-चेन ने रजत पदक अपने नाम किया।
भारत के मुकेश 574 के स्कोर के साथ क्वालीफिकेशन में नौवें स्थान पर रहे। वहीं महिला वर्ग में कनिष्का डागर, लक्षिता और अंजलि चौधरी की जोड़ी ने 1708 अंक हासिल कर की 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। वहीं अजरबैजान ने रजत जबकि यूक्रेन ने कांस्य पदक जीता।

### श्रीलंका ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में

# न्यूज़ीलैंड को एक पारी और 154 रनों से हराकर 2-0 से सीरीज जीती



गॉल (ईएमएस)। मेजबान श्रीलंका ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड को एक पारी और 154 रनों से हराकर दो मैचों की सीरीज 2-0 से जीत ली है। न्यूजीलैंड की टीम इस मैच में चौथे दिन फालोआन खेलते हुए अपनी दूसरी पारी में 360 रन ही बना पायी। वहीं न्यूजीलैंड के बल्लेबाज श्रीलंकाई स्पिनरों के सामने टिक नहीं पाये और पहली पारी में केवल 88 रनों पर आउट हो गये। इस प्रकार उसे 514 रनों से पीछे होने के कारण फॉलोऑन खेलना पड़ा। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में टॉम ब्लंडेल (62), ग्लेन फिलिप्स (78) और मिशेल सेंटनर (67) की अच्छी पारियों से 360 रन बनाये पर ये पर्याप्त नहीं थे। कीवी टीम ने सुबह पांच विकेट पर 199 रन से आगे खेलना शुरू किया लेकिन उसने पहले सत्र में ही तीन विकेट गंवा दिए जिससे श्रीलंका की बड़ी जीत तय हो गयी थी।
यह पिछले 15 वर्षों में पहला अवसर है जबकि उसने न्यूजीलैंड को श्रृंखला में हराया। श्रीलंका की जीत में बाएं हाथ से स्पिनर प्रभात जयसूर्या और रहे कामिंदु मेंडिस की अहम भूमिका रही। प्रभात ने पहले मैच की तरह ही इस में भी 9 विकेट लिए और इस प्रकार सीरीज में 18 विकेट के साथ ही उन्हें सीरीज के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का अवार्ड मिला। वहीं कामिंदु मेंडिस को मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का अवार्ड मिला। कामिंदु ने नाबाद 182 रन बनाए जिससे श्रीलंका ने अपनी पहली पांच विकेट पर 602 रन बनाये थे। कामिंदु ने इस पारी के साथ ही सबसे तेज 1000 टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में संयुक्त रुप से तीसरा स्थान हासिल किया। तीसरे स्थान पर पहुंच गए। प्रभात ने पहले टेस्ट मैच में भी 9 विकेट लिए थे।
श्रीलंका ने अब लगातार तीन टेस्ट मैच जीत लिए हैं और इससे उसने अगले जून में लॉर्ड्स में होने वाले आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की उसकी संभावनाएं बढ़ गयी हैं।

# पूरन टी20 में एक कैलेंडर वर्ष में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बने


### रिजवान को पीछे छोड़ा



जमैका (ईएमएस)। वेस्टइंडीज के क्रिकेटर निकोलस ने कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) 2024 में एक नया रिकार्ड बनाया है। पूरन एक कैलेंडर वर्ष में टी20 में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गये हैं। इस प्रकार उन्होंने पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान का रिकार्ड तोड़ दिया। पूरन ने ट्रिनबागो नाइट राइडर्स की ओर से खेलते हुए बारबाडोस रॉयल्स के खिलाफ 15 गेंदों में 27 रन बनाये। इसी के साथ ही पूरन इस साल टी20 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गये।
उन्होंने 66 मैचों की 65 पारियों में 42.02 की औसत से कुल 2,059 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 160.85 रहा जबकि सर्वश्रेष्ठ स्कोर 98 रन था। उन्होंने इस साल 14 अर्धशतक लगाये हैं। वहीं रिजवान ने साल 2021 में 48 टी20 में 56.60 के औसत से एक शतक और 18 अर्द्धशतक के साथ ही 2,036 रन बनाए थे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 104 रन था। सीपीएल 2024 : पूरन ने अब तक 9 पारियों में 39.00 की औसत से 312 रन बनाए हैं, जिसमें 175.28 की स्ट्राइक रेट और 97 का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। प्रतियोगिता में उनके नाम दो अर्धशतक हैं और वह चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। वहीं आईपीएल 2024 में इस बार पूरन ने इस साल 62.37 की औसत से 499 रन बनाए थे जिसमें तीन अर्द्धशतक शामिल थे। इसके अलावा टी20 विश्व कप में आयोजित टी20 विश्व कप में पूरन ने 7 पारियों में 38.00 की औसत से 228 रन बनाए थे जिसमें एक अर्धशतक और 98 का सर्वश्रेष्ठ स्कोर था। इसके अलावा यूएई में इंटरनेशनल लीग में पूरन ने 20 मैचों में 50.64 की औसत से 4 अर्द्धशतक के साथ 709 रन बनाए थे औ एमआई अमीरात को खिताब दिलाया था।एसए 20 में उन्होंने एक अर्धशतक के साथ 86 रन बनाये।

# ब्रैडमैन एक महान बल्लेबाज, नहीं तोड़ पाया कोई उनका रिकॉर्ड

### कई रिकॉर्ड आज भी है अटूट, जिन्हें तोड़ पाना बेहद मुश्किल



नई दिल्ली (ईएमएस)। दुनिया भर में क्रिकेट का सबसे महान बल्लेबाज डॉन ब्रैडमैन को माना जाता है। इसमें कोई अतिश्योक्ति भी नहीं है। डॉन ब्रैडमैन के कई रिकॉर्ड आज भी कोइ नहीं तोड पाया हैं। उनके रिकार्डों को तोड़ पाना बेहद मुश्किल है। खासतौर पर ब्रैडमैन का 99.94 का टेस्ट बल्लेबाजी औसत एक ऐसा रिकॉर्ड है जो आज तक किसी भी बल्लेबाज के करीब नहीं आ सका। यह आंकड़ा क्रिकेट की दुनिया में एक बेंचमार्क है, जिसे महान सचिन तेंदुलकर, सुनील गावस्कर और ब्रायन लारा जैसे दिग्गज भी पार नहीं कर पाए। सचिन का औसत 53.78, लारा का 52.88 और गावस्कर का 51.12 है, जो ब्रैडमैन के असाधारण औसत के मुकाबले काफी कम है। इसके अलावा, ब्रैडमैन का इंग्लैंड के खिलाफ 5028 रन और 19 शतकों का रिकॉर्ड भी किसी बल्लेबाज के लिए चुनौती बना हुआ है।सचिन तेंदुलकर, जिनके नाम सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय शतक हैं, ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे ज्यादा 11 टेस्ट शतक बनाए, जबकि सुनील गावस्कर ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 13 शतक ठोके। हालांकि, ये संख्या भी ब्रैडमैन के इंग्लैंड के खिलाफ 19 शतकों से काफी दूर हैं। ब्रैडमैन का एक और बड़ा रिकॉर्ड 1936-37 एशेज सीरीज में कप्तान के तौर पर इंग्लैंड के खिलाफ 810 रन बनाना है, जो आज तक कायम है।
इस मामले में सुनील गावस्कर वेस्ट इंडीज के खिलाफ 732 रन के साथ तीसरे स्थान पर हैं, जबकि लारा और सचिन भी इस आंकड़े के करीब नहीं पहुंच सके। सबसे तेज 6000 टेस्ट रन बनाने का रिकॉर्ड भी ब्रैडमैन के नाम है, जिन्होंने इसे 68 पारियों में पूरा किया था। यह उपलब्धि भी आज तक कोई बल्लेबाज नहीं तोड़ सका। टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 6000 रन बनाने के मामले में गावस्कर (117 पारियां), सचिन (120 पारियां) और लारा (126 पारियां) भी ब्रैडमैन से काफी पीछे हैं। इस रिकॉर्ड के करीब कोई बल्लेबाज नहीं पहुंच पाया है।

## सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टी20 सीरीज में उतरेगी भारतीय टीम




मुम्बई (ईएमएस)। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम बांग्लादेश के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज में उतरेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की पुरुष चयन समिति ने बांग्लादेश के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम घोषित की है। इस टीम में तेज गेंदबाज मयंक यादव को प्रवेश मिला है। मयंक ने आईपीएल में 157 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी थी। वह चोटिल होने के कारण तीन मैचों के बाद ही बाहर हो गये थे। वहीं अब फिट होकर इस तेज गेंदबाज ने वापसी की है। इसके अलावा स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को भी टीम में जगह मिलने से सभी हैरान हैं। भारतीय टीम को टी20 सीरीज में तीन मैच ग्वालियर, नई दिल्ली और हैदराबाद में खेलने हैं। नितीश कुमार रेड्डी टीम में नये चेहरे हैं। बांग्लादेश के खिलाफ 3 टी20 मैचों के लिए भारतीय टीम : सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, हार्दिक पंड्या, रियान पराग, नितीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, मयंक यादव।
टी20 में दोनों टीमें के बीच अब तक 14 टी20 मैच हुए हैं। इसमें बांग्लादेश को केवल एक ही मैच में जीत मिली है। वहीं भारतीय टीम ने 13 मुकाबले जीते हैं।
मैचों का कार्यक्रम इस प्रकार है : 06-अक्टूबर पहला टी20, ग्वालियर, 09 अक्टूबर दूसरा टी20, नई दिल्ली, 12 अक्टूबर तीसरा टी20, हैदराबाद तीनों ही मैच शाम 7 बजे शुरु होंगे।

## कानपुर टेस्ट रद्द हुआ तो भारतीय टीम को होगा नुकसान


कानपुर (ईएमएस)। यहां भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में बारिश के कारण मैच का रद्द होना तय है। अगर ऐसा होता है तो भारतीय टीम को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में नुकसान उठाना पड़ेगा। इसका कारण है कि ये सीरीज डब्ल्यूटीसी चक्र का हिस्सा है।
ऐसे में मैच के परिणाम का असर अंक तालिका पर भी पड़ेगा। अब तक भारत ने इस चक्र में कुल 10 मुकाबले खेलकर 7 जीते हैं जबकि एक में उसे हार का सामना करना पड़ा है। भारतीय टीम के दो मुकाबले ड्रॉ रहे हैं। भारतीय टीम के पास 86 अंक हैं और उसकी जीत का प्रतिशत 71.67 अंक हैं। इस समय भारतीय टीम अंक तालिका में शीर्ष पर है और ऐसे में अगर कानपुर टेस्ट बारिश के कारण नहीं होता तो उसे 4 अंक मिलेंगे। इसके साथ ही 11 टेस्ट के बाद उसकी जीत का प्रतिशत 68.18 पहुंच जाएगा। इस मैच के रद्द होने से भारतीय टीम को नुकसान होगा और दूसरे स्थान पर चल रही ऑस्ट्रेलिया के जीत प्रतिशत 62.50 अंक से उसका अंतर कम हो जाएगा। दूसरी ओर बांग्लादेश की बात करें तो उसकी जीत का प्रतिशतक 39.29 है और वह तालिका में छठे स्थान पर है। बांग्लादेश की टीम ने अब तक 7 मैच खेलकर 3 जीते हैं। इसलिए उसपर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ेगा।

## गंभीर के पसंदीदा खिलाड़ियों को मिली भारतीय टीम में जगह

मुम्बई (ईएमएस)। बांग्लादेश के खिलाफ अगले माह शुरु हो रही तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए जो भारतीय टीम चयनित हुई है। उसमें मुख्य कोच गौतम गंभीर के पसंदीदा खिलाड़ियों को जगह मिली है। ये स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और तेज गेंदबाज मयंक यादव को टीम में जगह मिलने से साबित हुआ है। ये दोनो ही जिन आईपीएल टीमों में रहे उनके मेंटोर गंभीर रहे थे। गंभीर आईपीएल में दो टीमों के मेंटर रहे हैं। वह लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ दो साल रहने के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के भी मेंटोर रहे हैं।
स्पिनर वरुण लंबे समय से आईपीएल में कोलकाता के लिए खेल रहे हैं। उन्होंने गंभीर की कप्तानी में ही अपना आईपीएल डेब्यू किया था। इससे पहले उन्होंने श्रीलंका दौरे पर अपना टी20 डेब्यू किया था। भारतीय टीम की ओर से अभी तक खेले छह मैचों में वरुण ने दो ही विकेट लिए हैं। तब किसी को अंदाजा नहीं था कि उन्हें टीम में जगह मिल सकती है पर गंभीर, वरुण को काफी पसंद करते हैं और उन पर भरोसा भी करते हैं। माना जा रहा है कि इसी कारण वरुण को तीन साल बाद अचानक से टीम इंडिया में वापसी का अवसर मिला है। वहीं गंभीर जब लखनऊ के मेंटर थे तब उन्होंने मयंक यादव की गेंदबाजी को तराशा था। मयंक ने आईपीएल में सबसे तेज गेंदबाजी का रिकार्ड बनाकर सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षत किया था पर वह बीच सत्र में ही चोटिल होने के कारण बाहर हो गये थे।

## निशेत ने समर्थन के लिए अपने पुराने स्कूल को कहा धन्यवाद

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय शटलर नितेश कुमार ने अपने पुराने स्कूल, नेवी चिल्ड्रेंस स्कूल, विजाग को उनके कठिन समय में मिले समर्थन के लिए धन्यवाद दिया है। हाल ही में पेरिस पैरालंपिक 2024 में पैरा-बैडमिंटन में स्वर्ण पदक जीतने वाले नितेश, जिन्होंने पुरुष एकल एसएल 3 श्रेणी में शानदार प्रदर्शन किया।
उन्होंने ब्रिटेन के डेनियल बेथेल को 21-14, 18-21, 23-21 से हराकर स्वर्ण पदक जीता, ने इस जीत को देश और अपने स्कूल को समर्पित किया। इस मौके पर नितेश ने छात्रों को संदेश देते हुए कहा, सफलता पर ध्यान केंद्रित न करें, बल्कि अपने विकास और मेहनत पर ध्यान दें। खुद पर विश्वास रखें और अपने सपनों का पीछा करें।नितेश ने कहा, यह मेरे लिए गर्व की बात है कि मैंने पेरिस पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीता। इस सफलता में एनसीएस विजाग का बड़ा योगदान है। मेरे सबसे कठिन समय में, जब मैं अपनी दुर्घटना के बाद स्कूल में दाखिल हुआ, मेरे प्रिंसिपल और केमिस्ट्री टीचर ने मुझे ढांढस बंधाया और लगातार मेरा समर्थन किया। नितेश ने बताया कि स्कूल में रहते हुए वह खेलों में ज्यादा रुचि नहीं रखते थे, लेकिन वहां की अद्वितीय खेल संस्कृति ने उन्हें प्रेरित किया। नितेश ने कहा, स्कूल के दिनों में मैं खेल के मैदान के बाहर से साथी छात्रों का समर्थन करता था, लेकिन आज पैरालंपिक में जब मुझे अपने स्कूल समुदाय का समर्थन मिला, तो मुझे बहुत गर्व महसूस हुआ। नितेश जल्द ही अपने स्कूल का दौरा करने और अपनी जीत का जश्न छात्रों और शिक्षकों के साथ मनाने की योजना बना रहे हैं।



लीवरपूल में प्रीमियर लीग फुटबॉल में खेलते हुए एवरटन और क्रिस्टल पैलैस के खिलाड़ी।

# 664 मैचों में 76 बार मैन ऑफ द मैच का खिताब जीता सचिन ने

नई दिल्ली (ईएमएस)। महान भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर अब भी मैन ऑफ द मैच का खिताब पाने में सबसे आगे हैं। सचिन ने अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर में 664 मैचों में 76 बार मैन ऑफ द मैच का खिताब जीता है। सचिन ने टेस्ट क्रिकेट में 14 बार और वनडे में 62 बार यह अवॉर्ड हासिल किया। यह रिकॉर्ड अब तक अटूट है, और उनके सबसे करीब मौजूदा भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली हैं, जिन्होंने 534 मैचों में अब तक 67 बार मैन ऑफ द मैच का अवॉर्ड जीता है। विराट ने टेस्ट में 10, वनडे में 41 और टी20 में 16 बार यह पुरस्कार जीता है। हालांकि, विराट कोहली ने टी20 इंटरनेशनल से संन्यास ले लिया है, इसलिए अब उनके पास टेस्ट और वनडे में यह रिकॉर्ड तोड़ने का मौका है। तीसरे स्थान पर पूर्व श्रीलंकाई बल्लेबाज सनथ जयसूर्या हैं, जिन्होंने 586 मुकाबलों में 58 बार मैन ऑफ द मैच का खिताब जीता। उन्होंने टेस्ट में 4, वनडे में 48 और टी20 इंटरनेशनल में 6 बार यह पुरस्कार जीता।
चौथे स्थान पर दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर जैक्स कैलिस हैं, जिन्होंने 519 मैचों में 57 बार यह अवॉर्ड जीता। श्रीलंका के महान बल्लेबाज कुमार संगकारा 594 मैचों में 50 मैन ऑफ द मैच अवॉर्ड्स के साथ पांचवें स्थान पर हैं। मौजूदा भारतीय कप्तान रोहित शर्मा इस सूची में 484 मैचों में 42 मैन ऑफ द मैच पुरस्कारों के साथ नौवें स्थान पर हैं। विराट कोहली के पास अभी भी वनडे और टेस्ट में प्रदर्शन कर सचिन तेंदुलकर के इस बड़े रिकॉर्ड को तोड़ने का मौका है।



# संक्षिप्त खबरें

## बिजली विभाग के संविदाकर्मी रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

मथुरा,(ईएमएस)।उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में एंटी करप्शन ऑर्गनाइजेशन की टीम ने एक संविदाकर्मी को 10,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए संविदाकर्मी की पहचान माधव तिवारी के तौर पर हुई है, जो गोवर्धन क्षेत्र के दतिया उपकेंद्र पर तैनात था। उक्त आरोपी ने एक दुकानदार पर फर्जी बिजली चोरी का आरोप लगाकर रिश्वत की मांग की थी। जानकारी के अनुसार, माधव तिवारी ने महाराजा एस्टेट कॉलोनी के पास स्थित दुकानदार भूपेंद्र सिंह से संपर्क किया और उन्हें धमकी दी कि अगर उन्होंने 10,000 रुपये नहीं दिए, तो उनके खिलाफ बिजली चोरी का मामला दर्ज कर दिया जाएगा। उन्होंने भूपेंद्र को एक वीडियो दिखाया, जिसमें उनके वाई-फाई कनेक्शन की केबल को बिजली चोरी का सबूत बताया गया। भूपेंद्र ने इस धमकी के बाद एंटी करप्शन टीम को मामले की शिकायत की। एसीओ की टीम ने जाल बिछाया और माधव को रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया। फरह थाने के एसएचओ कमलेश सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। इस मामले में बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता (ग्रामीण) विजय मोहन खेडा का कहना था कि आरोपी के खिलाफ कार्रवाई के लिए सेवा प्रदाता कंपनी को पत्र लिखा है और विभागीय जांच भी शुरू की जाएगी। इस मामले ने बिजली विभाग में भ्रष्टाचार को उजागर कर दिया है।

## नवादा हिंसाः इलाके में पुलिस तैनात फिर भी लोग बाहर जाने से डर रहे

### टेंट में रह रहे दलित परिवार, खिचड़ी खाकर जीने को मजबूर

नवादा,(ईएमएस)। दलित बस्ती को जलाने वाली घटना के बाद आज भी स्थिति सामान्य नहीं हो पाई है। बस्ती में अब भी सुरक्षाबल तैनात हैं, और तनाव बना हुआ है। प्रशासनिक स्तर पर राहत और पुनर्वास कार्य किए जा रहे हैं। मीडिया को वहां जाने से रोका जा रहा है। घटना के बाद अब बस्ती में स्थिति काफी हद तक सुधार हुआ है। त्रिपाल और तंबू लगाकर पीड़ित लोगों के रहने की व्यवस्था की गई है। प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवार को मुआवजे के रूप में एक लाख 39 हजार 250 रुपए दिए गए हैं। स्थानीय लोग अब भी उस भयावह रात नहीं भूल पा रहे हैं। घटना के दौरान बस्ती का एक स्कूल, चर्च और कई घर पूरी तरह से जल चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट में स्थानीय लोगों ने बताया कि घटना के बाद से वे डरे हुए हैं और घर से बाहर निकलने से भी डर रहे हैं। कुछ लोगों ने कहा कि वे अब अकेले बाहर नहीं जाते और पुलिस को सूचना देकर ही निकलते हैं। काम-धंधे ठप हो गए हैं। स्थानीय प्रशासन ने राहत के तौर पर दो वक्त का खाना और सुबह नाश्ता उपलब्ध कराया है, जिसमें खिचड़ी जैसी सादी चीजें मिल रही हैं। प्रशासन ने बस्ती में बिजली, पानी, वाशरूम और एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराई है। प्रभावित परिवारों को मुआवजा भी दिया जा चुका है लेकिन सवाल उठता है कि यह मदद कब तक जारी रहेगी और क्या इससे बस्ती के लोगों को राहत मिल पाएगी? प्रशासन ने कहा कि इस मामले को जरूरत से ज्यादा तूल दिया जा रहा है, जिससे उनकी ड्यूटी प्रभावित हो रही है। बस्ती के लोग अब भी उस रात के भय से उबरने की कोशिश कर रहे हैं, और सवाल यह है कि सरकार की यह मदद कब तक जारी रहेगी और उन्हें कब तक सामान्य स्थिति की ओर लौटने का मौका मिलेगा।

## गांजे पर दिए बयान पर सपा सांसद के खिलाफ गाजीपुर में मामला दर्ज

गाजीपुर,(ईएमएस)। यूपी के गाजीपुर में समाजवादी पार्टी सांसद अफजाल अंसारी के खिलाफ बीएनएस की धारा के तहत मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई सांसद द्वारा गांजे के संबंध में की गई विवादास्पद टिप्पणियों के चलते की गई है। गोराबाजार चौकी इंचार्ज राजकुमार शुक्ला ने उनके खिलाफ मामला दर्ज कराया है। अफजाल ने मीडिया से बात करते हुए कहा था कि लाखों लोग गांजा पीते हैं और इसे भगवान का प्रसाद मानते हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि गांजा भगवान का प्रसाद है, तो इसे अवैध क्यों माना जाता है। सांसद ने यह भी कहा कि कई साधु-संत और महात्मा समाज के लोग गांजे का सेवन करते हैं और आगामी कुम्भ मेला के दौरान यदि वहां एक मालगाड़ी गांजा भेज दिया जाए, तो वह भी खत्म हो जाएगा। सांसद के बयान में यह भी उल्लेख था कि लखनऊ में भी बड़े-बड़े लोग गांजा पीते हैं। इसलिए भांग की तरह सरकार को इसे भी लाइसेंस देना चाहिए। अफजाल अक्सर अपने बयानों के चलते चर्चाओं में रहते हैं और इससे पहले भी वह कई बार सुर्खियां बटोर चुके हैं। गांजे वाले बयान ने गाजीपुर में राजनीतिक हलचल पैदा कर दी है, और लोग इस पर अलग-अलग प्रतिक्रिया दे रहे हैं। सांसद के बयानों ने न केवल विवाद खड़ा कर दिया है, बल्कि सवाल भी उठाया है कि भारतीय कानून में नशीली पदार्थों के सेवन के प्रति दृष्टिकोण किस प्रकार का होना चाहिए।

## तेंदुए ने ली महिला की जान, हमले में दस दिन में 6 लोगों की हो चुकी है मौत

उदयपुर,(ईएमएस)। राजस्थान में उदयपुर के गोगुंदा में तेंदुए ने एक महिला पर हमला कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई। महिला का शव उसके घर से 300 मीटर दूर पहाड़ी पर मिला है। घटना के बाद कोहराम मच गया। वहीं तेंदुए के हमले को लेकर क्षेत्र के लोग दहशत में हैं। इस क्षेत्र में अब तक दस दिनों में तेंदुए के हमले से 6 लोगों की मौत हो चुकी है। वन विभाग टीम ने तीन तेंदुओं को पकड़ भी लिया है। जानकारी के मुताबिक गोगुंदा के पास गुर्जरों का गुड़ा गांव में रहने वाली महिला गटू बाई (55) पत्नी मोती लाल गुर्जर शनिवार को मवेशियों के लिए चारा लेने गई थीं। गटू बाई देर शाम तक जब वापस नहीं लौटीं तो परिजनों को चिंता हुई। महिला के पति मोती लाल गुर्जर कुछ ग्रामीणों के साथ उसे खोजने जंगल गए। इस दौरान पहाड़ी पर महिला का क्षत-विक्षत शव उसे मिला। इस बात की सूचना पर पुलिस और वन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और जायजा लिया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के बंद पड़े स्कूल में अक्सर तेंदुए नजर आता है। हालांकि पहले किसी पर भी हमला करने की बात नहीं हुई है। स्कूल से करीब एक किलोमीटर आगे जंगल में मोती लाल गुर्जर का मकान है। पति-पत्नी अकेले वहां रहते थे। मोती लाल के दो बेटे हैं, जो परिवार के साथ गांव के पुराने मकान में रहते हैं। बता दें कि पिछले दस दिन में तेंदुआ 7 लोगों पर हमला कर जान ले चुका है। इनमें से 6 हमले गोगुंदा क्षेत्र में हुए हैं। हालांकि ये स्पष्ट नहीं है कि एक ही तेंदुए ने ये सभी हमले किए या अलग-अलग हमले हुए। वन विभाग के एक दर्जन पिंजरे लगाए जिससे तीन तेंदुए पकड़े गए हैं। तेंदुए के हमले और मौत से पूरे इलाके में खौफ है।

## शराब सप्लायर ने कार से पुलिस कॉन्स्टेबल को उड़ाया, मौत, आरोपी फरार

नई दिल्ली,(ईएमएस)। दिल्ली के नांगलोई इलाके में एक पुलिस कॉन्स्टेबल को शराब सप्लाई करने वाले ने कार से कुचल दिया है। घटना में कॉन्स्टेबल की मौत हो गई है। मृतक की पहचान संदीप के रूप में हुई जो नांगलोई थाने में ही तैनात था। जानकारी के मुताबिक सिपाही संदीप को सूचना मिली थी कि शराब सप्लायर की कार आ रही है। संदीप ने कार को रुकने का इशारा किया। शराब सप्लायर ने रूकने की बजाय तेज रफ्ता कर कांस्टेबल को ही उड़ा दिया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने कार बरामद कर ली है, लेकिन कार से शराब बरामद नहीं हुई। वहीं कार चालक फरार हो गया। वारदात रात करीब तीन बजे की है। दिल्ली पुलिस ने मामल दर्ज कर लिया है। अभी तक इस मामले में शराब माफिया का एंगल सामने नहीं आया है। वहीं सूत्रों के मुताबिक कार में बैठा व्यक्ति अवैध शराब का काम करता है। उस पर दो मामले दर्ज हैं।

## मोबाइल की छोटी स्क्रीन पर फिल्म देखना बहुत मुश्किल लगता हैः अमिताभ बच्चन

मुंबई (ईएमएस)। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन इन दिनों कौन बनेगा करोड़पति 16 को होस्ट कर रहे हैं। 81 की उम्र में भी उनमें वही जोश और फुर्ती है। वह शो के लिए लेट नाइट शूटिंग करते हैं। शो के बीच उन्होंने कहा कि मोबाइल की छोटी स्क्रीन पर फिल्म देखना बहुत मुश्किल लगता है। शो का नया प्रोमो आया है। इस प्रोमो में आने वाले एपिसोड की झलक दिखाई गई है। शो के अपकमिंग एपिसोड में महाराष्ट्र के बीड से किशोर अहेर शामिल होंगे। वह लाइब्रेरियन हैं और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं।

# त्योहारों के लिए फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों के 6,000 से अधिक फेरे चलाए जाएंगे

अहमदाबाद (ईएमएस)| दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों की सुगम आवाजाही के लिए भारतीय रेल द्वारा इस वर्ष 519 स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। इन स्पेशल ट्रेनों का संचालन 1 अक्टूबर से 30 नवंबर के बीच किया जाएगा। रेलवे अधिकारी के मुताबिक़ हर साल त्योहारों के अवसर पर रेलवे द्वारा स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाता है। इस वर्ष इन स्पेशल ट्रेनों की संख्या में भारी बढ़ोतरी की गई है। इनमें से, पश्चिम रेलवे 86 फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों के साथ 1,382 फेरे चला रहा है, जो पूरे भारतीय रेलवे में सबसे अधिक हैं। गौरतलब है कि दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पर्वों के दौरान लाखों की संख्या में यात्री सफर करते हैं। यात्रियों की भारी भीड़ को सुगम एवं आरामदायक यात्रा प्रदान करने के लिए रेलवे द्वारा इस वर्ष भी विशेष ट्रेनों का संचालन करने की तैयारी की गई है। दो महीने की अवधि के दौरान ये स्पेशल ट्रेनें लगभग 6000 फेरे लगाएंगी और बड़ी तादाद में यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने का काम करेंगी। पिछले वर्ष भी भारतीय रेल द्वारा बड़ी संख्या में त्योहार स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया था और इन ट्रेनों ने कुल 4,429 फेरे लगाए थे, जिनके माध्यम से लाखों की संख्या में यात्रियों को आरामदायक यात्रा की सुविधा प्राप्त हुई थी। जाहिर है कि हर साल दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पूजा के अवसर पर देश भर से बड़ी संख्या में लोग उत्तर प्रदेश और बिहार की ओर प्रस्थान करते हैं। उत्तर प्रदेश और बिहार के लोगों के लिए ये त्योहार न केवल धार्मिक महत्व रखते हैं, बल्कि परिवारों से मिलने का भी एक अहम अवसर होते हैं। हर साल त्योहारों के दौरान यात्रियों की भीड़ की वजह से अधिकांश ट्रेनों में दो-तीन महीने पहले से ही टिकट वेटिंग लिस्ट में चली जाती हैं। इसी को देखते हुए रेलवे द्वारा इस वर्ष भी त्योहारों के अवसर पर स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है| इस वर्ष, पश्चिम रेलवे ने 86 स्पेशल ट्रेनों की अधिसूचना जारी की है, जो 1,380 से अधिक फेरे लगाएंगी। पिछले वर्ष की तुलना में, पश्चिम रेलवे ने 21 और ट्रेनें जोड़ी हैं और लगभग 270 अतिरिक्त फेरे बढ़ाए हैं, ताकि त्योहारी सीजन के दौरान बढ़ती यात्रा मांग को पूरा किया जा सके। ये ट्रेनें उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तर भारत, उत्तर पूर्व आदि के गंतव्यों के लिए चलाई जा रही हैं। पश्चिम रेलवे द्वारा मुंबई से देश के विभिन्न गंतव्यों के लिए 14 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं। इसी प्रकार, सूरत/उधना से यात्रियों की भारी मांग को पूरा करने के लिए 8 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं, जबकि 20 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें सूरत/उधना या भेस्तान से होकर गुजर रही हैं।

इसी तरह, गुजरात के अन्य स्टेशनों जैसे वापी, वलसाड, वडोदरा, अहमदाबाद, साबरमती, हापा, ओखा, राजकोट, भावनगर टर्मिनस आदि से स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं, साथ ही मध्य प्रदेश के इंदौर, डॉ. अंबेडकर नगर और उज्जैन से भी स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं।




## पंजाब पुलिस ने किया खुलासा, लॉरेंस बिश्नोई ने जयपुर सेंट्रल जेल से ही दिया था साक्षात्कार

### कई राज्यों में गंभीर मामले दर्ज



जयपुर,(ईएमएस)। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के जेल से दिए साक्षात्कार को लेकर पंजाब पुलिस ने खुलासा किया है। पंजाब पुलिस के मुताबिक बिश्नोई ने यह साक्षात्कार जयपुर की सेंट्रल जेल से दिया था। उसके बाद इस मामले में जयपुर के लालकोठी थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। इस केस की जांच कर रही पुलिस ने प्रकरण का घटनास्थल जयपुर को माना है। इसका केस पंजाब के माहोली में दर्ज हुआ था। पुलिस के मुताबिक कुछ वक्त पहले गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का एक साक्षात्कार सामने आया था। इसको लेकर सवाल खड़े हुए थे कि जेल में रहते हुए लॉरेंस ने साक्षात्कार कैसे दिया? इसको लेकर पुलिस कटघरे में आ गई थी। उसके बाद इस मामले को लेकर इस साल 6 जनवरी को पंजाब के मोहाली में एक केस दर्ज हुआ था। पुलिस इस बात का पता लगाने में जुटी थी कि आखिरकार लॉरेंस ने यह साक्षात्कार कहां से दिया। अब पंजाब पुलिस ने अपनी जांच में इस साक्षात्कार का स्पॉट जयपुर को माना है। पुलिस के मुताबिक लॉरेस ने यह साक्षात्कार जयपुर सेंट्रल जेल में बंद रहते हुए दिया था। लॉरेंस ने जूम एप के जरिए एक चैनल को यह साक्षात्कार दिया था। पंजाब पुलिस की क्राइम ब्रांच ने अपनी जांच कर राजस्थान पुलिस मुख्यालय को इस संबंध में पत्र भेजा है। उसके बाद में लॉरेंस और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है कि कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के खिलाफ देश के कई राज्यों में गंभीर मामले दर्ज हैं। कई मामलों में उसे बार-बार प्रोडक्शन वारंट पर एक राज्य से दूसरे राज्य की पुलिस गिरफ्तार करती रहती है। वहीं उसे पेशी के लिए भी एक शहर से दूसरे शहर लाया ले जाया जाता है। लॉरेंस देश की कई जेलों में रह चुका है। लॉरेंस ने कुछ साल पहले जोधपुर में कोर्ट परिसर में पुलिस के सामने ही फिल्म स्टार सलमान खान को जान से मारने की धमकी भी दी थी।

## सीजेआई ने नई हैंडबुक की लॉन्च, कहा, समावेशी भाषा का हो इस्तेमाल

नई दिल्ली,(ईएमएस)। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने हाल ही में एक नई हैंडबुक जारी की है, जिसका उद्देश्य विकलांगता के संदर्भ में संवेदनशील और समावेशी भाषा के उपयोग को बढ़ावा देना है। यह हैंडबुक कानूनी समुदाय और आम जनता को यह बताने में मदद करेगी कि विकलांगता के बारे में बात करते समय कौन-सी शब्दावली उपयुक्त है और कौन-सी नहीं। सीजेआई ने कहा कि विकलांगता का जिक्र करते समय कमजोर, अविकसित, अयोग्य, और अपंग जैसे शब्दों से बचना चाहिए। इसके बजाय विकलांगता वाले व्यक्ति शब्द का इस्तेमाल करने की सिफारिश की गई है, जो अधिक समावेशी और सम्मानजनक है। इसके अलावा मानसिक स्वास्थ्य के संदर्भ में पागल, सनकी, और बेवकूफ जैसे शब्दों से भी परहेज करने की सलाह दी है। सीजेआई ने अपने व्यक्तिगत अनुभवों का भी उल्लेख किया, यह बताते हुए कि उनकी दो दिव्यांग बेटियों ने उन्हें विकलांगता के प्रति एक नया दृष्टिकोण दिया है। हैंडबुक में यह भी सुझाव दिया गया है कि जब भी संभव हो, संबंधित व्यक्ति से पूछें कि वे खुद को किस नाम से कहलवाना पसंद करते हैं। यह दृष्टिकोण न केवल व्यक्तियों के प्रति सम्मान दर्शाता है, बल्कि उनकी स्वायत्तता को भी बढ़ावा देता है। सीजेआई ने यह भी कहा कि न्याय प्रणाली को विकलांग बच्चों की भेद्यता को समझने और उस पर उचित प्रतिक्रिया देने की जरुरत है। इस पहल का उद्देश्य न केवल न्यायिक प्रक्रियाओं में सुधार लाना है, बल्कि समाज में विकलांगता को लेकर जागरूकता भी बढ़ाना है।

## यूपी सरकार के प्रयास से पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का सपना होगा पूरा

### केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने की सीएम योगी की सराहना

नई दिल्ली,(ईएमएस)। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि पीएम नरेंद्र मोदी के प्रयासों से यूपी ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है। गोयल ने यह बयान यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) के दौरान दिया। उन्होंने पीएम मोदी के मार्गदर्शन और सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सराहना की।

गोयल के मुताबिक यूपी की राज्य सरकार के प्रयासों के साथ, देश को पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था में परिवर्तित करने का सपना पूरा होगा और 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ द्वारा लागू की गई औद्योगिक नीतियों के कारण यूपी एक विकास के मॉडल के रूप में उभरने वाला है।

मेक इन इंडिया प्रोग्राम पर चर्चा करते हुए, गोयल ने कहा कि यह कार्यक्रम पीएम मोदी द्वारा 25 सितंबर को शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना है। उन्होंने ग्रेटर नोएडा में एक इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी और पूरे देश में 20 अन्य इंडस्ट्रियल स्मार्ट शहरों के निर्माण की योजना का भी उल्लेख किया। उन्होंने यह भी कहा कि भारत की पहचान अच्छी गुणवत्ता के उत्पादों और सेवाओं के लिए होनी चाहिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि मेड इन इंडिया के तहत निर्मित उत्पादों की गुणवत्ता उच्चतम स्तर पर होनी चाहिए।

यह ट्रेड शो 25 से 29 सितंबर तक है, जिसमें 2,500 से ज्यादा प्रदर्शक और एक लाख से ज्यादा लोग भाग ले चुके हैं, जिससे यह आयोजन व्यापारिक नेटवर्किंग और उद्योग विकास का महत्वपूर्ण मंच बन गया है। इस प्रकार, गोयल ने यूपी के विकास और पीएम मोदी के नेतृत्व में उद्योग क्षेत्र में हो रहे परिवर्तनों की दिशा में सकारात्मक संकेत दिए हैं।


## कोलकाता में आईएएस की पत्नी से दुष्कर्म, जांच में मिलीं खामियां

### हाईकोर्ट ने लगाई फटकार, महिला पुलिस अधिकारी से जांच कराने का आदेश

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। आरजी कर मेडिकल एंड अस्पताल में ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या के मामले में पुलिस की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। इसी बीच अब एक आईएएस अधिकारी की पत्नी से दुष्कर्म के मामले में पुलिस की खूब आलोचना हो रही है। कोर्ट में सवाल उठा कि दुष्कर्म की शिकायत दर्ज होने के बाद भी मेडिकल जांच क्यों नहीं हुई। बीते जुलाई में उस घटना में निचली अदालत के आदेश पर आरोपी को जमानत मिल गई थी। कलकत्ता हाईकोर्ट ने विगत दिवस जमानत आदेश रद्द कर दिया। इसके साथ ही जांच अधिकारी का भी तबादला कर दिया है। कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल के बाहर तैनात एक सिविल सेवक की पत्नी के साथ कथित दुष्कर्म के मामले की जांच एक डिप्टी कमिश्नर स्तर के अधिकारी से कराने के आदेश जारी किए हैं। कोर्ट के आदेश के बाद विपक्ष ने एक बार फिर ममता सरकार पर सवाल उठाए हैं। बीजेपी का दावा है कि आरजी कर मामले की तरह इस मामले में भी सबूतों को दबाने की कोशिश किया जा रहा है। बता दें कि इस साल 14 और 15 जुलाई की रात यह घटना घटी थी। आरोपी रात 11:30 बजे पीड़िता के घर में घुसा और बंदूक की नोक पर पीड़िता से दुष्कर्म किया। घटना के दूसरे दिन पीड़िता ने इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई। शिकायत दर्ज करने से पहले उसे घंटों इंतजार करवाया गया। पुलिस ने अपराध की गंभीर प्रकृति के बावजूद कम गंभीर वाली धाराएं लगाई। इसके साथ दुष्कर्म के आरोप को कमजोर कर दिया। राज्य से बाहर कार्यरत आईएएस अधिकारी की पीड़ित पत्नी ने आरोप लगाया था कि यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोपों के बावजूद शुरुआत में मामूली आधार पर एफआईआर दर्ज की गई।

## दिल्ली में सिविल सेवा अशोक अवार्ड से विधान सभा के प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह सम्मानित

नई दिल्ली (ईएमएस) । विधान सभा के प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह को कार्य क्षेत्र में उत्कृष्ट दायित्व व योगदान हेतु अशोक अवार्ड 2024 सम्मान इंडिया हैबिटैट सेंटर नई दिल्ली में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व रक्षा सचिव व राज्यपाल छत्तीशगढ़ मा शेखर दत्त, विशिष्ट अतिथि डॉ आर के रंजन सिंह, राज्य मंत्री भारत सरकार,न्यायमूर्ति बी पी सिंह,पूर्व मुख्य न्यायाधीश उच्च न्यायालय मुंबई एवं जनरल दीपक कपूर पूर्व आर्मी स्टाफ़ चीफ़ की उपस्थिति में प्रदान किया गया।




चार्ल्स वाल्टर्स रिसर्च काउंसिल एवं एसोसिएशन ऑफ़ इंडियन ब्यूरोक्रेट्स के द्वारा श्री सिंह को उत्कृष्ट सेवा व असाधारण योगदान के लिए यह अशोक सम्मान 2024 मौरिसस,म्यांमार देश के राजदूत,दिल्ली देश के विभिन्न प्रदेशों के प्रशासनिक,न्याय,भारतीय वन सेवा,रक्षा सेवा,राजस्व सेवा,पुलिस सेवा आदि के चयनित वरिष्ठ महिला व पुरुष अधिकारियों के साथ प्रदान किया गया।

उल्लेखनीय है कि वार्षिक अशोक अवार्ड चॉर्ल्स वॉल्टर काउंसिल फॉर इन्नोवेशन एण्ड रिसर्च की ज्यूरी द्वारा देश भर में सिविल सेवा, न्यायिक, शिक्षा,पुलिस,राजस्व आदि सेवाओं में कार्यरत लोक सेवकों के कार्य क्षेत्र में उत्कृष्ट दायित्व, उपलब्धियों, नवाचार व देश प्रदेश को सशक्त बनाने में योगदान के आधार पर चयन कर सम्मान व प्रोत्साहन के लिए दिया जाता है।

इस अवसर पर चार्ल्स वॉल्टर्स काउंसिल फॉर इन्नोवेशन एण्ड रिसर्च के संस्थापक डॉ अभिषेक पाण्डे,अन्य पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में दिल्ली व विभिन्न प्रांतों में कार्यरत अधिकारियों के साथ गणमान्यजन उपस्थित थे। विधानसभा सचिवालय के अधिकारी/कर्मचारियों ने प्रमुख सचिव ए पी सिह को बधाई दी, इस उपलब्धि पर बधाई देते कहां है कि हमारे प्रमुख सचिव श्री सिंह ने मध्यप्रदेश विधानसभा सम्मान तो बढाया है प्रदेश को गौरवान्वित किया है ।

## रास्ता सुनसाल है मैं अकेली हूं मुझे डर लग रहा है प्लीज मेरी मदद कीजिए

### कंट्रोल रुम में आया फोन स्पाट पर पहुंची पुलिस लड़की को देख रह गई दंग

आगरा,(ईएमएस)। यूपी के आगरा में पुलिस कंट्रोल रूम पर एक लड़की का फोन आया वह मदद की गुहार लगा रही थी वह पुलिस से कह रही थी कि वह सुनसान रास्ते पर अकेली खड़ी हैं। पुलिस कंट्रोल रूम ने लड़की से कहा वहीं रहें। 15 मिनट में आपके पास मदद पहुंच जाएगी। आनन-फानन में पुलिस टीम लड़की के पास पहुंची तो लड़की को देख पुलिस सकते में आ गई। फोन करने वाली लड़की कोई और नहीं, पुलिस कमिश्नरेट में तैनात सहायक पुलिस कमिश्नर सुकन्या शर्मा थीं। पुलिस वाले समझ नहीं पा रहे थे कि आखिर उनके साथ ऐसा क्यों किया गया? कुछ देर बाद पता चलता है कि यह पुलिस की टेस्ट रिपोर्ट थी।

यह वाकया रात 11:30 बजे का है। सहायक पुलिस आयुक्त सुकन्या शर्मा ने पुलिस सहायता का रिस्पांस टेस्ट किया था। टेस्ट में पाया गया कि 15 मिनट का समय दिया गया था और सहायता 15 मिनट में पहुंच गई। टेस्ट रिपोर्ट में सब कुछ सही मिला। यह टेस्ट रिपोर्ट विशेष कारणों से की गई थी। आगरा में वूमेन सेफ जोन बनाए जाने हैं। वूमेन सेफ जोन बनाने के लिए पुलिस आयुक्त के रविंदर गौड ने एक गाइडलाइन भी जारी की है। गाइडलाइन में स्पष्ट आदेश है कि रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक यदि कोई महिला को वाहन नहीं मिल रहा है और वह रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड या घर जाना चाहती है तो वह पुलिस कंट्रोल रूम नंबर 112 पर फोन कर हेल्प मांग सकती है। हेल्प मांगने वाली महिला के पास पुलिस मौके पर पहुंचेगी। उसे जहां जाना होगा, वहां का किराया संबंधित महिला अथवा युवती को अदा करना होगा। महिला या युवतियों की सहायता के लिए 100 ऑटो सिलेक्ट किए गए हैं, जिनके ड्राइवर वर्दी, दुरुस्त नेम प्लेट सहित उपलब्ध रहेंगे। सिलेक्ट ऑटो ड्राइवर का नाम, पता, मोबाइल नंबर पुलिस ने रजिस्टर किया है। यदि किसी महिला या युवती के साथ कोई घटना होती है तो भी इन ऑटो ड्राइवर की मदद ली जाएगी। पुलिस ने शहर में तीन वूमेन सेफ जोन तय किए हैं, जो कमला नगर, सदर बाजार और न्यू आगरा में है। ये सेफ जोनों में सीसीटीवी कैमरों से नजर रखी जा रही है।

# धनबाद उपायुक्त व वरीय पुलिस अधीक्षक ने किया झारखंड स्किल कांक्लेव 2024 के अंतिम चरण की तैयारियों का निरीक्षण





धनबाद, झारखंड स्किल कांक्लेव 2024 का आयोजन सोमवार, 30 सितंबर 2024, को बलियापुर स्थित हवाई पट्टी में किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक, हृदीप पी जनार्दन सहित अन्य प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारियों ने रविवार की देर शाम कार्यक्रम स्थल का भ्रमण कर अंतिम चरण की तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान हेलीपैड, मुख्यमंत्री का स्वागत, स्टेज, वॉर रूम, लंच स्पेस, माननीय मुख्यमंत्री के लिए रेस्ट रूम, रैंप, पेवेलियन, पगोड़ा, स्टॉल, बंटिंग व ब्रैंडिंग, कार्यक्रम स्थल की साफ सफाई, सुरक्षा, पेयजल, मोबाइल टोइलेट सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा व एसएसपी, हृदीप पी जनार्दनन के साथ नगर आयुक्त, रविराज शर्मा, सिटी एसपी, अजीत कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, पीयूष कुमार, एसडीओ, राजेश कुमार, श्रम अधिक्षक, प्रवीण कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी, आनंद कुमार, डीटीओ, दिवाकर सी द्विवेदी, बीडीओ बलियापुर, राजेश सिन्हा, सीओ, सुदीप एक्का, थाना प्रभारी बलियापुर, आशिष भारती, डीएसपी ट्रैफिक, अरविंद सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सुनील कुमार सिंह, जेएसएलपीएस के डीपीएम, शैलेश रंजन सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

सोमवार को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर वरीय पुलिस अधीक्षक ने

## पुलिस केंद्र में जवानों और पदाधिकारियों को ब्रीफ किया



धनबाद। झारखंड स्किल कांक्लेव 2024 का आयोजन सोमवार, 30 सितंबर 2024, को बलियापुर स्थित हवाई पट्टी में किया जाएगा जिसमें मुख्यमंत्री सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम के मद्देनजर सुरक्षा सम्बन्धित सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के मद्देनजर वरीय पुलिस अधीक्षक, हृदीप पी जनार्दनन द्वारा आज पुलिस केंद्र में जवानों व पदाधिकारीयों को ब्रिफ किया गया। इस दौरान एस एस पी ने सभी पुलिस कर्मियों को ब्रीफ करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।पुलिस केंद्र में ब्रिफिंग के दौरान एसएसपी, हृदीप पी जनार्दनन, एसपी सिटी अजित कुमार, डीएसपी मुख्यालय वन, शंकर कामती, डीएसपी ट्रैफिक, अरविंद कुमार, प्रचारी प्रवर प्रथम अवधेश कुमार समेत अन्य पदाधिकारी व जवान मौजूद थे।

# बस्ताकोला गौशाला में पंख की एक नई दिशा की सदस्याओं ने की गौ सेवा




धनबाद, रविवार को बस्ताकोला स्थित गोशाला में पंख एक नई दिशा चैरिटेबल ट्रस्ट धनबाद के द्वारा गौ सेवा के इस पुनीत कार्य में संस्था के सभी सदस्यों ने अपने हाथों से गौ माता को रोटी ,गुड़ और चारा खिलाया।अध्यक्ष, पिंकी गुप्ता ने बताया कि सारे सदस्यों ने अपने अपने हाथो से गौ माता के लिए रोटी बनाई और सभी ने अपने अपने हाथो से खिलाया। गौ माता की सेवा मे संस्था कि सुषमा प्रसाद, नम्रता गुप्ता,सुधा गुप्ता, गायत्री गुप्ता, ललिता सिंह, श्रुति गुप्ता, गुंजन गोयल, सुशीला ओझा, सीमा गुप्ता, शशि शेखर गुप्ता, शिव शंकर गुप्ता, मनीष गुप्ता, अशोक गुप्ता, सूरज गुप्ता,उदय गुप्ता,संतोष गुप्ता, शामिल हो कर गौ माता की सेवा की आशीर्वाद प्राप्त किया ।

# कलाकार संघ का धूमधाम से मना पांचवा स्थापना दिवस व स्व. लता मंगेशकर का जन्मदिन




धनबाद। कलाकार संघ धनबाद अपना पांचवा स्थापना दिवस व स्व. लता मंगेशकर का जन्मदिन 29 सितंबर को बहुत धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।सभी अतिथियों को 80 कार्यक्रम में स्वर्गीय लता मंगेशकर के गाये हुए गीतों को कोयलांचल के प्रसिद्ध गायकों एवं गायिकाओं के द्वारा संगीतबद्ध तरीके से प्रस्तुत किया गया।इस आयोजन में संघ के संरक्षक रणविजय सिंह, समाजसेवी उदय प्रताप सिंह, झामुमो के जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, रमेश पांडेय,समाजसेवी लाल बाबू सिंह,युवा कांग्रेस के नेता गौरव कुमार,अमन सिंह,शांतनु कुमार लालमणि सेवा आश्रम के संस्थापक नौशाद गद्दी,लालमणि आश्रम के सह सचिव एवं धनबाद प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष, सुरेंद्र यादव,धनबाद सचिव,संजयचौरसिया,वसामाजिक संस्थाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।इस कार्यक्रम में धनबाद जिला के अलावा आस पास के भी कई कलाकार मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संघ के पदाधिकारियों में अध्यक्ष राजू सिंह अनुरागी, सचिव पंकज मोदी, सह सचिव कृपाशु सिंह, उपाध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर शंकर नापित, कोषाध्यक्ष दीपक कुमार, सह कोषाध्यक्ष पंकज सांवरिया, मीडिया प्रभारी शत्रुघन गुप्ता, शाखाप्रभारी गुड्डू गुप्ता, गिरजा किशोर, सरोज लख्खा, मनमोहन छोटू, शशि सरदार, अभिषेक सिंह, जीतेन्द्र जीतू, संजय मिश्रा, संजय सिन्हा, शाहिद आलम का मुख्य रूप से योगदान रहा।

# शहबाज सिद्दीकी मेमोरियल ब्लड डोनेशन कैंप व भारतीय रेड क्रॉस समिति का सराहनीय प्रयास

### आयोजित ब्लड डोनेशन कैंप में जरूरतमंदों के लिए 61 यूनिट रक्त संग्रह



धनबाद, रविवार को शहबाज सिद्दीकी मेमोरियल ब्लड डोनेशन कैंप एवं भारतीय रेडक्रास समिति के संयुक्त तत्वावधान में शिव मंदिर मध्य विद्यालय नया बाजार में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 61 युनिट ब्लड ज़रूरतमंदों की लिए संग्रह किया गया। इस ब्लड डोनेशन कैंप में कार्यकारिणी अध्यक्ष कौशलेंद्र कुमार सिंह, कार्यकारिणी सदस्य सह सलाहकार कार्यकारिणी अध्यक्ष कुमार मधुरेन्द्र सिंह, संयुक्त सचिव दिलीप सिंह, नोडल पदाधिकारी ब्लड डोनेशन बेनजीर परवीन, नोडल पदाधिकारी वाहन देवेन्द्र कुमार, आजीवन सदस्य भारतीय रेडक्रास समिति उज्वल नायक, अभिजीत बनर्जी एवं शहबाज सिद्दीकी मेमोरियल के मोहम्मद इरशाद आलम,जौहर सिद्दीकी, अल्तमश आलम, गुलाम अनवर, अनिक खान, सैराज खान फारुख, आसिफ, अब्दुल्ला,सफफुला,अजहर ,शाहरुख एवं एस एन एम एम सी एच ब्लड बैंक से संजीव कुमार ,मानिक कुमार दास ,राजु महतो, शंभु कुमार साहनी एवं अन्य का सहयोग एवं बेहतर संचालन में सहयोग रहा।

# नशा मुक्ति एवं स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का किया गया आयोजन




धनबाद, जगजीवन नगर स्थित इस्कॉन मेडिटेशन सेंटर में इस्कॉन तथा नेहरू युवा केंद्र धनबाद द्वारा संयुक्त रूप से नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम एवं स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद विधायक, राज सिन्हा एवं आयोजक के रूप में उप प्रबंधक इस्कॉन, दामोदर गोविंद दास एवं जिला युवा अधिकारी रवि कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 50 से अधिक युवाओं ने अपनी प्रतिभागिता दी । राज सिन्हा ने युवाओं को नशा से दूर रहते हुए प्रधानमंत्री के विकसित भारत को सपने को साकार करने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान में युवाओं की भूमिका को रेखांकित करते युवाओं से बढ़-चढ़कर इस अभियान का हिस्सा बनने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर विधायक द्वारा युवाओं को युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के नए संगठन मेरा युवा भारत की किट भी प्रदान की गई। विधायक द्वारा सभी युवाओं को नशा मुक्त भारत की शपथ भी दिलाई गई। दामोदर गोविंद दास युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि नशे में संलिपित युवा कभी भी देश के विकास में सकारात्मक योगदान नहीं दे सकता है। श्री रवि कुमार मिश्रा द्वारा युवाओं से भारत सरकार के नए संगठन मेरा युवा भारत से जुड़कर युवा विकास से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का हिस्सा बनने हेतु आग्रह किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालक की भूमिका शिवम कुमार चौधरी द्वारा निभाई गई। कार्यक्रम के दौरान पन्नालाल महतो, जयदीप गुप्ता अंकित कुमार आदि उपस्थित रहे।

# भारतीय गैर सरकारी शिक्षक संघ सह समाजसेवी इप्टा की 309वीं बैठक संपन्न



धनबाद, जमशेदपुर, रविवार को भारतीय गैर सरकारी शिक्षक संघ सह समाजसेवी संस्था इप्टा की 309 वीं बैठक बनस्थली एजुकेशन बैंक कॉलोनी आदित्यपुर सरायकेला में झारखंड प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में आयोजित की गई 1 जिसमें आगामी 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर आदर्श शिक्षा विद्यालय एस टाइप आदित्यपुर के नीचे मांझी टोला में मेडिकल कैंप का आयोजन किया जा रहा हैं 1 जिसमें सभी लोगो से अपील की गई कि इस चिकित्सा कैंप में आकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराये 1 कार्यक्रम का संचालन, राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर नथुनी सिंह ने किया 1 धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश अध्यक्ष देव झा ने किया 1 बैठक में सभी पदाधिकारी ने अपनें अपने विचार को रखते हुए आगामी 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर मेडिकल कैंप को सफल बनाने में शिक्षकों की भूमिका सराहनीय होगी 1 मौके पर डॉक्टर परमानंद मोदी, रंजीत श्रीवास्तव, डॉक्टर नथुनि सिंह, देव झा, लालटू गोराई,अशोक प्रसाद, डॉक्टर सुदर्शन सिंह, रंजीत कुमार साहनी, पंकज कुमार गुप्ता, प्रेम दयाल सिंह,सूरज देव प्रसाद, आनंद गौर, राजेश कुमार एवं श्याम सुंदर आदि मौजूद थे 1

# दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर लोयाबाद थाना में शांति समिति की बैठक की गई



लोयाबाद।लोयाबाद थाना परिसर में रविवार को लोयाबाद थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार की अध्यक्षता में दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक की गई।शांति समिति के बैठक में लोयाबाद, बाँसजोड़ा,सेन्द्रा, कनकनी, आदि लोयाबाद के विभिन्न क्षेत्र के पूजा समिति के सदस्यगण सहित गण्यमान्य लोग शामिल हुये। इस दौरान लोयाबाद थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार ने बैठक में आये लोगों से दुर्गा पूजा को लेकर विशेष जानकारी प्राप्त किये। बैठक में शामिल लोगों ने दुर्गा पूजा को लेकर अपने अपने विचार तथा सुझाव रखकर आपसी भाईचारा सौहार्द एवं शांतिपूर्ण तरीके के साथ मनाने का निर्णय लिया।शांति समिति की बैठक को सम्बोधित करते हुए लोयाबाद थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार ने कहा कि दुर्गा पूजा में गांव या मेला देखने जा रहे है तो पुलिस और आस पास के लोगों को सूचित कर दें, ताकि आपके घर पर ध्यान रखा जाए। पूजा मेला में महिलाओं के साथ चैन स्नैचिंग घटना से पूर्व सर्तक रहने की जरूरत है। किसी के साथ किसी प्रकार की घटना होने पर वीडियो बनाने के बजाय भुक्तभोगी की सहायता करें अथवा पुलिस को तुरंत सूचित करें।उन्होंने आगे कहा कि न्यायालय तथा एस एस पी वरीय अधिकारीयों के आदेश अनुसार डीजे बाजा पर पूर्णता प्रतिबंद रहेगा। इसके बावजूद भी डीजे बजा वाला बाजा दिया तो उस पर निश्चित मैं कार्रवाई करूँगा।दुर्गा पूजा में शांति भंग करने वाले से पुलिस सख्ती से निपटेगी।साथ ही लोयाबाद थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार ने लोगों से दुर्गा पूजा को आपसी भाईचारा के साथ सौहार्दपूर्वक मनाने का अपील किये।शांति समिति की बैठक के मौके पर थाना के पुलिस पदाधिकारीयों में लोयाबाद थाना के जेएसआई राहुल कुमार सिंह,प्रताप उरांव, बिजेंद्र पासवान, नंदू दुलाल सेनगुप्ता, इम्तियाज अहमद ,वीरेंद्र शर्मा ,जयप्रकाश पांडेय ,रोशन पासवान ,रवि चौबे, रंजीत साहनी ,कृपा शंकर सिंह, आजाद अंसारी ,गोला खान,संतोष महतो ,बी एन पांडे ,गणेश साव,सुनील पाण्डे,अनवर हुसैन आदि मौजूद थे।

# सूर्या हाइलैंड सिटी के कमिटी का चुनाव हुआ संपन्न



धनबाद। रविवार को पूर्वनिर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 10.30 बजे हीरक बलियापुर रोड स्थित सूर्या हाइलैंड सिटी के कमिटी का चुनाव चुनाव पर्यवेक्षकों एवं चुनाव पदाधिकारीयों के समक्ष संवैधानिक तरीके से सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। निर्विरोध रूप से चुने गए मौजूद सदस्यों द्वारा सोसायटी के रेजिडेंट्स की उपस्थिति में निर्विरोध रूप से रंजीत कुमार शर्मा को अध्यक्ष, नरेन्द्र परमार एवं महेश पासी को उपाध्यक्ष, संतोष कुमार सिन्हा को सचिव, निवास मंडल एवं किशोर सिन्हा को संयुक्त सचिव, हरेराम शर्मा को कोषाध्यक्ष तथा सुतानु दे को संयुक्त कोषाध्यक्ष एवं 21 कार्यकारिणी सदस्यों को चुना गया।

मौके पर चुनाव पदाधिकारी के रूप मे सूर्या हाइलैंड सिटी के नागेन्द्र सिंह आंतरिक सदस्य तथा धनबाद बार एसोसिएशन के राजैन दां एवं हाइकोर्ट के अधिवक्ता गजेन्द्र कुमार बाहरी सदस्य के रूप में उपस्थित थे। जिन्होंने निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न करवाया।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, के. जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद से मुद्रित एवं विनोद नगर, धनबाद (झारखण्ड)- 826001 से प्रकाशित आर. एन. आई. नं. - 58948/94, पो. रजि. -डी. एन. बी. /54 फोन नं. 0326-2310243, 9431507990 Fax N0. -0326-2310243 Email : koylanchal_dhn@rediffmail.com & koylanchal.hindi@gmail.com समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।